राष्ट्रीय दैनिक

# प्रात:किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran





03 पिछले 10 साल में नए सीवर डलवाने के बहुत काम ...

रोहित आईसीसी पुरुष टी20 टीम ऑफ द ईयर के कप्तान चुने गए ... 11

वर्ष : 15 | अंक : 280 | नई दिल्ली, रविवार, 26 जनवरी, 2025 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

# निर्वाचन आयोग जिस तरह से काम कर रहा है वह संविधान का मजाक है: कांग्रेस

प्रात : किरण/ एजेंसी

नई दिल्ली। कांग्रेस ने शनिवार को राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर निर्वाचन आयोग की स्वतंत्रता के साथ पिछले एक दशक में छेड़छाड़ किये जाने का दावा दिया और कहा कि आज जिस तरह से आयोग काम कर रहा है वह संविधान का मजाक एवं मतदाताओं का अपमान है। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि आयोग की संस्थागत ईमानदारी का लगातार क्षरण गंभीर राष्ट्रीय चिंता का विषय है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने दावा किया कि हरियाणा और महाराष्ट्र के हाल के विधानसभा चुनावों को लेकर व्यक्त की गई चिंताओं पर आयोग का रुख आश्चर्यजनक रूप से पक्षपात से भरा रहा है। खरगे ने ह्यएक्सह्न पर पोस्ट किया, भले ही हम राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाते हैं, लेकिन पिछले दस वर्षों में भारत के निर्वाचन आयोग की संस्थागत ईमानदारी का लगातार होता क्षरण गंभीर राष्ट्रीय चिंता का विषय है।

उन्होंने कहा, हमारा निर्वाचन आयोग और हमारा संसदीय लोकतंत्र, व्यापक संदेह के बावजूद, दशकों से निष्पक्ष, स्वतंत्र और विश्व स्तर पर अनुकरण के लिए आदर्श बन गया। सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार की प्राप्ति तथा पंचायत और शहरी स्थानीय निकाय हमारे नीति निमार्ताओं




के दृष्टिकोण का प्रतीक है। खरगे के अनुसार, लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को कायम रखने में लापरवाही अनजाने में सत्तावाद का मार्ग प्रशस्त कर सकती है। उन्होंने कहा, इसलिए, हमारे लोकतंत्र को बचाये रखने और इसे रेखांकित करने वाले संवैधानिक सिद्धांतों को बनाए रखने के लिए हमारी संस्थाओं की स्वतंत्रता की रक्षा करना आवश्यक है। कांग्रेस महासचिव रमेश ने एक्स पर पोस्ट किया, आज के दिन को 2011 से राष्ट्रीय मतदाता दिवस के रूप में मनाया जाता है।

75 साल पहले आज ही दिन 25 जनवरी, 1950 को निर्वाचन आयोग अस्तित्व में आया था। उन्होंने कहा, निर्वाचन आयोग एक संवैधानिक संस्था है। इसके पहले अध्यक्ष प्रख्यात सुकुमार सेन थे जिन्होंने हमारे चुनावी लोकतंत्र की नींव रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। वह आठ वर्षों तक एकमात्र मुख्य चुनाव आयुक्त रहे। उनकी भारत में प्रथम आम चुनाव 1951-52 पर रिपोर्ट बेहद उत्कृष्ट है। लेकिन पहले चुनाव के लिए मतदाता सूची के मसौदे की तैयारी सेन के कार्यभार संभालने से पहले ही पूरी हो चुकी थी। उन्होंने कहा कि इस ऐतिहासिक प्रयास और इसमें शामिल लोगों की कहानी का वर्णन ऑर्निट शानी ने अपनी पुस्तक हाउ इंडिया बिकम डेमोक्रेटिक में बहुत ही बारीकी से किया है। रमेश ने कहा कि ऐसे ही कई अन्य प्रतिष्ठित मुख्य चुनाव आयुक्त रहे हैं जिनमें टीएन शेषन का सबसे विशेष स्थान है झ्र उनका योगदान बेहद महत्वपूर्ण रहा है। उन्होंने दावा किया, अफसोस की बात है कि पिछले एक दशक में प्रधानमंत्री और गृह मंत्री की जोड़ी ने निर्वाचन आयोग के पेशेवर रवैये और स्वतंत्रता के साथ गंभीर रूप से छेड़छाड़ किया है। इसके कुछ फैसलों को अब उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी जा रही है। उन्होंने कहा कि हरियाणा और महाराष्ट्र के हाल के विधानसभा चुनावों को लेकर व्यक्त की गई चिंताओं पर इसका रुख आश्चर्यजनक रूप से पक्षपात से भरा रहा है। रमेश ने यह दावा भी किया, आज खुद को खूब बधाइयां दी जाएंगी, लेकिन इससे यह तथ्य सामने नहीं आएगा कि आज जिस तरह से निर्वाचन आयोग काम कर रहा है वह संविधान का मजाक और मतदाताओं का अपमान है।

# भारत-इंडोनेशिया ने ग्लोबल साउथ के हितों एवं प्राथमिकताओं के लिए काम करने की प्रतिबद्धता जतायी

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो के बीच यहां हैदराबाद हाउस में हुई प्रतिनिधिमंडल स्तर की बैठक में यह सहमति जतायी गयी। बैठक के बाद दोनों देशों के बीच स्वास्थ्य, आयुष, समुद्री सुरक्षा, सांस्कृतिक आदान-प्रदान, डिजीटल विकास को लेकर पांच समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किये गये। बाद में दोनों नेताओं ने मीडिया को अपने प्रेस वक्तव्य दिये। श्री मोदी ने अपने वक्तव्य में कहा, 'भारत के पहले गणतंत्र दिवस पर इंडोनेशिया मुख्य अतिथि देश था और यह हमारे लिए बहुत गर्व की बात है कि जब हम गणतंत्र के 75 वर्ष का जश्न मना रहे हैं, इंडोनेशिया एक बार फिर इस ऐतिहासिक अवसर का हिस्सा है।**

प्रात : किरण/ एजेंसी

नई दिल्ली। भारत और इंडोनेशिया ने उच्च प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में सहयोग को बढ़ावा देने के फैसले के साथ ही हिन्द प्रशांत क्षेत्र में शांति, सुरक्षा, समृद्धि और नियम आधारित व्यवस्था को बनाए रखने के लिए वैश्विक मंचों पर ग्लोबल साउथ के हितों एवं प्राथमिकताओं के लिए काम करने की प्रतिबद्धता जतायी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो के बीच यहां हैदराबाद हाउस में हुई प्रतिनिधिमंडल स्तर की बैठक में यह सहमति जतायी गयी। बैठक के बाद दोनों देशों के बीच स्वास्थ्य, आयुष, समुद्री सुरक्षा, सांस्कृतिक आदान-प्रदान, डिजीटल विकास को लेकर पांच समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किये गये। बाद में दोनों नेताओं ने मीडिया को अपने प्रेस वक्तव्य दिये। श्री मोदी ने अपने वक्तव्य में कहा, 'भारत के पहले गणतंत्र दिवस पर इंडोनेशिया मुख्य अतिथि देश था और यह हमारे लिए बहुत गर्व की बात है कि जब हम गणतंत्र के 75 वर्ष का जश्न मना रहे हैं, इंडोनेशिया एक बार फिर इस ऐतिहासिक अवसर का हिस्सा है। मैं राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो का भारत में स्वागत करता हूं। यह हमारे लिए



गर्व की बात है कि आप गणतंत्र दिवस पर मुख्य अतिथि हैं। हम सभी इस समारोह में पहली बार इंडोनेशिया की मार्चिंग टुकड़ी को देखने के लिए उत्सुक हैं।

मैं एक बार फिर आपका और आपके प्रतिनिधिमंडल का भारत में हार्दिक स्वागत करता हूं।' उन्होंने कहा कि 2018 में उनकी इंडोनेशिया यात्रा के दौरान, दोनों देशों ने अपनी साझीदारी को समग्र रणनीतिक साझीदारी का रूप दिया था। आज राष्ट्रपति प्रबोवो के साथ आपसी सहयोग के विभिन्न पहलुओं पर व्यापक चर्चा हुई। रक्षा क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने के लिए दोनों देशों ने तय किया है कि रक्षा विनिर्माण और आपूर्ति श्रृंखला में साथ काम किया जायेगा। हमने समुद्री सुरक्षा, साइबर सुरक्षा, आतंकवाद से मुकाबला और कट्टरवाद को कम करने में सहयोग पर भी बल दिया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि फिनटेक, आर्टिफीशियल इंटेलीजेंस, इंटरनेट आफ थिंग्स और डिजीटल सार्वजनिक अवसंरचना डीपीआई जैसे क्षेत्रों में आपसी सहयोग को और सशक्त करने का निर्णय लिया गया है। स्वास्थ्य एवं खाद्य सुरक्षा के क्षेत्रों में भारत अपने अनुभव, जैसे कि मध्याह्न भोजन योजना और सार्वजनिक वितरण प्रणाली, इंडोनेशिया के साथ साझा कर रहा है। सांस्कृतिक संबंधों की पृष्ठभूमि को याद करते हुए श्री मोदी ने कहा कि भारत और इंडोनेशिया के संबंध हजारों वर्ष पुराने हैं। रामायण और महाभारत से प्रेरित गाथाएं, और बाली जात्रा, हमारे लोगों के बीच अनवरत सांस्कृतिक और ऐतिहासिक संबंधों के जीते जागते प्रमाण हैं।

उन्होंने कहा, आसियान और हिन्द प्रशांत क्षेत्र में इंडोनेशिया हमारा महत्वपूर्ण साझीदार है। इस पूरे क्षेत्र में शांति, सुरक्षा, समृद्धि और नियम आधारित व्यवस्था को बनाए रखने के लिए हम दोनों प्रतिबद्ध हैं। हम इंडोनेशिया की ब्रिक्स की सदस्यता का भी स्वागत करते हैं। इन सभी मंचों पर, ग्लोबल साउथ के देशों के हितों और उनकी प्राथमिकताओं पर, हम सहयोग और समन्वय से काम करेंगे। मेहमान राष्ट्रपति श्री सुबियांतो ने अपने वक्तव्य में कहा, हम ब्रिक्स में हमारी प्रमुख सदस्यता का समर्थन करने के लिए भारत को धन्यवाद देना चाहते हैं। हमें विश्वास है कि यह सहयोग वैश्विक स्थिरता और क्षेत्रीय सहयोग के लिए फायदेमंद होगा।

## साइबर, समुद्री सुरक्षा और कट्टरपंथ से मुक्ति के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाएंगे भारत और इंडोनेशिया : पीएम मोदी

प्रात : किरण/ एजेंसी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो ने शनिवार को राजधानी स्थित हैदराबाद हाउस में द्विपक्षीय वार्ता की। बैठक के दौरान कई समझौता ज्ञापनों (एमओयू) का आदान-प्रदान किया गया, जिसमें स्वास्थ्य सहयोग, डिजिटल बुनियादी ढांचे और रक्षा सहयोग जैसे क्षेत्र भी शामिल हैं। पीएम मोदी ने आसियान और इंडो-पैसिफिक क्षेत्रों में भागीदार के रूप में इंडोनेशिया के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने 'एक्ट ईस्ट' नीति के तहत आसियान की केंद्रीयता और एकता के प्रति भारत की प्रतिबद्धता की पुष्टि की। पीएम मोदी ने कहा, ₹वर्ष 2025 को भारत-आसियान पर्यटन वर्ष के रूप में मनाया जाएगा। इससे भारत और इंडोनेशिया के बीच सांस्कृतिक आदान-प्रदान बढ़ेगा और पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। इंडोनेशिया आसियान और इंडो-पैसिफिक क्षेत्रों में हमारे लिए एक महत्वपूर्ण भागीदार है। हम दोनों इस क्षेत्र में शांति, सुरक्षा, समृद्धि और कानून के शासन को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम इस बात पर सहमत हैं कि अंतरराष्ट्रीय कानूनों के अनुसार नौवहन की



स्वतंत्रता सुनिश्चित की जानी चाहिए। प्रधानमंत्री ने कहा, हमारी 'एक्ट-ईस्ट' नीति में आसियान की एकता और केंद्रीयता पर जोर दिया गया है। दोनों देशों के ऐतिहासिक संबंधों पर प्रकाश डालते हुए, पीएम मोदी ने कहा, इंडोनेशिया भारत के पहले गणतंत्र दिवस पर मुख्य अतिथि था। जब हम गणतंत्र के 75 साल पूरे होने का जश्न मना रहे हैं, तो यह बहुत गर्व की बात है कि इंडोनेशिया इस ऐतिहासिक अवसर का हिस्सा है। प्रधानमंत्री ने बढ़ते द्विपक्षीय व्यापार का उल्लेख किया, जो पिछले साल 30 बिलियन डॉलर से अधिक हो गया। उन्होंने फिनटेक, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, इंटरनेट ऑफ थिंग्स और डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने की घोषणा की। पीएम मोदी ने समुद्री सुरक्षा, साइबर सुरक्षा, आतंकवाद विरोधी और डी-रेडिकलाइजेशन में सहयोगी प्रयासों का भी उल्लेख किया।

# 15वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस : राष्ट्रपति मुर्मू बोलीं 'हमारे लोकतंत्र का ये एक महत्वपूर्ण उत्सव'

प्रात : किरण/ एजेंसी

नई दिल्ली, । देश आज राष्ट्रीय मतदातादिवस मना रहा है। इस मौके पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने लोकसभा और विधानसभा चुनावों को सकुशल संपन्न कराने वाले कुछ चुनाव अधिकारियों और कर्मचारियों को सम्मानित भी किया। राष्ट्रपति ने अपने संबोधन में देशवासियों को लोकतंत्र के इस अहम दिवस की शुभकामनाएं दीं। राष्ट्रपति ने 100 करोड़ मतदाताओं को संबोधित किया। बोलीं, पंद्रहवें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर मैं देश के लगभग 100 करोड़ मतदाताओं को बधाई देती हूं। आज के सभी पुरस्कार विजेताओं को मैं विशेष बधाई देती हूं।

निर्वाचन प्रक्रिया के विभिन्न आयामों में योगदान देने वाले सरकारी और निजी संस्थान प्रशंसा और पुरस्कार के योग्य तो हैं ही, वे चुनाव प्रक्रिया से जुड़े अन्य व्यक्तियों और संस्थानों के लिए अनुकरणीय उदाहरण भी प्रस्तुत करते हैं। राष्ट्रपति ने बताया कि निर्वाचन आयोग के चुनाव प्रबंधन को भी सराहा। कहा, 25 जनवरी को ही निर्वाचन आयोग का स्थापना दिवस भी है। निर्वाचन आयोग ने हमारे




लोकतांत्रिक गणराज्य की सेवा के 75 वर्ष पूरे कर लिए हैं। इस दौरान, निर्वाचन आयोग ने 18 लोकसभा चुनाव एवं 400 से अधिक विधानसभा चुनाव सफलतापूर्वक सम्पन्न कराए हैं। इन चुनावों में निष्पक्ष और समावेशी चुनाव प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए सभी देशवासियों और मतदाताओं की ओर से मैं वर्तमान और पूर्ववर्ती निर्वाचन आयुक्तों, कर्मचारियों तथा इलेक्शन मशीनरी से जुड़े सभी लोगों की सराहना करती हूं। मुर्मू ने संविधान निमार्ताओं के अभूतपूर्व योगदान को भी याद किया। कहा, हमारे संविधान निमार्ताओं ने संविधान के निर्माण तथा उसे लागू करने की प्रक्रिया में निर्वाचन आयोग तथा चुनाव प्रणाली को सर्वोच्च प्राथमिकता दी थी।

26 नवंबर 1949 के दिन संविधान को अंगीकृत किया गया था। संविधान के कुछ विशेष अनुच्छेद उसी दिन से लागू कर दिए गए थे। उन थोड़े से अनुच्छेदों में निर्वाचन आयोग के निर्देशन और नियंत्रण में होने वाली चुनाव प्रक्रिया से जुड़ा अनुच्छेद 324 भी है। प्रथम गणतंत्र दिवस के एक दिन पहले निर्वाचन आयोग का गठन होना भी राष्ट्र निमार्ताओं द्वारा चुनाव प्रक्रिया तथा निर्वाचन आयोग के महत्व को रेखांकित करता है। राष्ट्रपति ने आगे कहा, संविधान को अंगीकृत करने के एक दिन पहले, यानी 25 नवंबर 1949 के दिन, बाबासाहेब आंबेडकर ने, संविधान सभा में दिए गए अपने ऐतिहासिक संबोधन में, इस बात को विस्तार के साथ समझाया था कि भारत में लोकतांत्रिक प्रक्रिया प्राचीन काल से ही विद्यमान थी। अनेक ऐतिहासिक साक्ष्यों के आधार पर यह कहा जा सकता है कि भारत-माता लोकतंत्र की जननी है। हम सभी देशवासियों के लिए यह गर्व की बात है कि हमारा लोकतंत्र विश्व का प्राचीनतम लोकतंत्र होने के साथ-साथ विश्व का सबसे विशाल, विविधतापूर्ण, युवा, समावेशी और संवेदनशील लोकतंत्र भी है। आधुनिक विश्व के लिए भारत का लोकतंत्र एक अनोखा उदाहरण है। हमारी चुनाव प्रणाली तथा प्रबंधन से विश्व के अनेक देश सीख ले रहे हैं। राष्ट्रपति ने देश को बताया कि क्यों देश की निर्वाचन प्रक्रिया अद्भुत है। बोलीं, ₹निर्वाचन आयोग के प्रबंधन, मतदाताओं की भागीदारी, सुरक्षाकर्मियों तथा इलेक्शन मशीनरी में सहयोग देने वाले नागरिकों के बल पर भारतीय लोकतंत्र द्वारा जिस विशाल पैमाने पर चुनाव आयोजित किए जाते हैं वह पूरे विश्व में अतुलनीय है।

# कठुआ में आतंकवादियों और जवानों के बीच गोलीबारी के बाद तलाशी अभियान

प्रात : किरण/ एजेंसी

जम्मू। जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले के ऊंचे इलाकों में शनिवार तड़के सेना के जवानों और आतंकवादियों के बीच गोलीबारी हुई। अधिकारियों ने बताया कि शुरूआती हमले के बाद भाग गए आतंकवादियों का पता लगाने के लिए बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान चलाया जा रहा है।

रात 1:20 बजे संदिग्ध गतिविधियों का पता लगा

कठुआ के बटोद पंचायत में एक अस्थायी सेना शिविर की सतर्क संतरी चौकी ने देर रात करीब 1:20 बजे संदिग्ध आतंकवादियों की गतिविधि का पता लगाया और गोलीबारी शुरू कर दी। उन्होंने कहा कि आतंकवादियों ने जवाबी गोलीबारी की और दोनों पक्षों के बीच लगभग आधे घंटे तक रुक-रुक कर गोलीबारी होती रही।



**जंगल में भाग गए आतंकी**

हालांकि, दोनों तरफ से कोई हताहत नहीं हुआ, अधिकारियों ने कहा कि आतंकवादी, जिनकी संख्या तीन मानी जा रही है, पास के जंगल में भाग गए। उन्होंने कहा कि सेना के जवानों ने आतंकवादियों का पता लगाने के लिए घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू किया है और अधिक जानकारी की प्रतीक्षा है।

**शुक्रवार को भी तला सर्च ऑपरेशन**

वहीं, शुक्रवार को भी सुरक्षाबलों ने धनु परोल व सच्चैर के जंगलों में संदिग्ध देखे जाने के बाद भी तलाशी अभियान चलाया। क्षेत्र में अलर्ट जारी है। अभियान में सीआरपीएफ, पुलिस, एसओजी और सेना के जवान भी शामिल रहे। जंगल में धुंध के कारण तलाशी अभियान में बाधा आ रही है।

**गणतंत्र दिवस को लेकर सुरक्षा पुख्ता**

इसी सप्ताह एडीजीपी आनंद जैन ने वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ जिले के नाकों के अलावा सीमावर्ती क्षेत्र का दौरा कर सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद करने के निर्देश दिए थे। उस समय बताया गया कि गणतंत्र दिवस के साथ-साथ वीवीआईपी मूवमेंट को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था को चाक चौबंद किया जा रहा है। बता दें कि 26 जनवरी से पहले पूरे जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम हैं।

**मौसम**

अधिकतम तापमान 21°C

न्यूनतम तापमान 30.0°C

| | |
|---|---|
| हां | 30% |
| नहीं | 50% |
| कह नहीं सकते | 10% |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सोना | 79,005 |
| चांदी | 92,500 |
| सेंसेक्स | 81,786 |
| निफ्टी | 24,668 |

## संक्षिप्त खबरें

### सरकार बनने के बाद सीवर ओवरफ्लो की शिकायतों पर सबसे पहले होगा काम : केजरीवाल

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली की जनता के लिए एक और घोषणा की है। इसके मुताबिक सरकार बनने के बाद सीवर ओवरफ्लो की समस्या पर सबसे पहले काम किया जाएगा। क्योंकि यह दूषित पानी, पीने के पानी की पाइपलाइन में घुसकर लोगों को बीमार कर सकता है। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि जब हमारी पहली बार सरकार बनी थी तो बहुत सारी समस्याएं थीं। उनमें से एक बड़ी समस्या सीवर की थी। दिल्ली में 1792 कच्ची कॉलोनियां हैं। इनमें से 2015 के पहले किसी किस्म का विकास अलाउड नहीं था। सुप्रीम कोर्ट का आदेश था, सेंट्रल गवर्नमेंट का आदेश था। उन सब बाधाओं को पार करके हमने सारी कच्ची कालोनियों के अंदर काम करना चालू किया।

## महत्वपूर्ण खबर



### यूपी के शाहजहांपुर में कार-ट्रक के बीच भिड़ंत, चार की मौत

शाहजहांपुर। यूपी के शाहजहांपुर जिले के अल्हागंज क्षेत्र में शनिवार को भीषण हादसा हो गया। ट्रक ने सामने से आ रही कार में टक्कर मार दी। इससे कार सवार छह में से चार युवकों की अस्पताल ले जाते वक्त मौत हो गई, जबकि दो लोगों को गंभीर हालत में मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया है। पुलिस के क्षेत्राधिकारी अमित कुमार चौरसिया ने बताया कि जनपद शाहजहांपुर के थाना अल्हागंज क्षेत्र के पास एक कंटेनर और कार के भिड़ंत हो गई। कार सवार चार लोगों की अस्पताल ले जाते वक्त मौत हो गई, जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हैं। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। पुलिस ने बताया कि ट्रक ने स्विफ्ट डिजायर कार में टक्कर मारी। कार में छह युवक सवार थे। घटना एपी गुजरात ढाबा ग्राम कटीयुली के समीप जलालाबाद में घटी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार का अगला हिस्सा पूरी तरीके से क्षतिग्रस्त हो गया।

### दल्ली के कर्तव्य पथ पर दिखेगी बिहार की परंपरा, आठ साल बाद दिखेगी प्रदेश की झांकी

पटना। गणतंत्र दिवस के मौके पर दिल्ली के कर्तव्य पथ पर आठ सालों के बाद बिहार की झांकी दिखेगी। इस झांकी के जरिए बिहार की समृद्ध विरासत और परंपरा की झलक लोगों को देखने को मिलेगी। गणतंत्र दिवस समारोह में बिहार की झांकी आकर्षण का केंद्र बनी रहेगी। इस झांकी में राज्य की समृद्ध ज्ञान और शांति की परंपरा को प्रदर्शित किया गया है, जिसमें नालंदा की प्राचीन विरासत और उसके संरक्षण के प्रयासों को दशार्या गया है। बिहार की झांकी के माध्यम से ज्ञानभूमि नालंदा की प्राचीन विरासत एवं उसके संरक्षण के लिए किए जा रहे प्रयासों के साथ ही नालंदा विश्वविद्यालय की स्थापना के माध्यम से बिहार को पुनः शिक्षा के मानचित्र पर वैश्विक रूप में स्थापित करने के प्रयास को दशार्या गया है।

SHRI VENKATESHWARA UNIVERSITY

Established by U.P. Act No. 26 of 2010 and Recognized u/s 2(f) of UGC Act,1956

ADMISSIONS OPEN for Session 2025-26

www.svu.edu.in
info@svu.edu.in

Learning lives forever.

श्री वैंकटेश्वरा विश्वविद्यालय परिवार की ओर से समस्त देशवासियों को 76 वें गणतन्त्र दिवस की हार्दिक शुभकामनायें।

- School of Engineering & Technology — Diploma in Engg. | B.Tech | M.Tech. BCA | MCA
- School of Mass Communication — BA (JMC) | MA (JMC)
- School of Commerce & Management — BBA | MBA | B.Com | M.Com
- School of Library & Information Sciences — BLIS | MLIS
- School of Humanities & Languages — B.A. | M.A.
- School of Paramedical Sciences — Diploma in Emergency & Trauma Care Tech. Diploma in Operation Theatre Technician Diploma in Hospital Record Keeping
- School of Pharmaceutical Sciences — D.Pharma | B.Pharma | M.Pharma
- School of Law — B.A. LL.B. | LL.B. | LL.M.
- School of App. Science — B.Sc. | M.Sc. | B.Sc. Biotechnology | B.Sc. Forensic Science
- School of Education — B.Ed. | B.Sc. B.Ed. | B.A. B.Ed. | D.El.Ed.
- School of Agriculture Science — B.Sc. (Agriculture) | M.Sc. (Agriculture)
- School of Vocational Studies (B.Voc) — Degree Courses (Para Medical, Agri. & Management) B.Voc (Technology) | B.Voc (HM)



CAMPUS : NH-24, Venkateshwara Nagar, Rajabpur, Gajraula, U.P.-244236

MEERUT (Information Centre) : VGI Campus, NH-58 Delhi-Roorkee Bypass, Jatoli, Meerut

Admission Helpline : 7248500071, 8192997478, 8859500707, 8192999205

## संक्षिप्त समाचार

### रोशनाबाद क्रिकेट अकेडमी ने जीता क्रिकेट फाइनल

**हरिद्वार, एजेंसी।** 38वें राष्ट्रीय खेलों के प्रचार-प्रसार के लिए दो दिवसीय ओपन एवं जूनियर बालक वर्ग की जनपद स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन हो गया। विजेता टीमों और खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। ऋषिकुल मैदान हरिद्वार में हुई प्रतियोगिता में ओपन वर्ग में क्रेजी क्रिकेटर ऑफ भेल और इंडियन ईज के बीच फाइनल मैच खेला गया। इसमें क्रेजी क्रिकेटर ऑफ भेल ने बाजी मारते हुए ओपन वर्ग की प्रतियोगिता अपने नाम की। क्रेजी क्रिकेटर भेल की टीम से विशाल चौहान ने 27 व बिट्टू ने 25 रन विजय सिंह रावत ने 22 रन बनाए। शिवम वकमाल ने 2 विकेट लिए। जूनियर वर्ग में रोशनाबाद क्रिकेट एकेडमी और शुभ क्रिकेट अकेडमी के बीच फाइनल मैच खेला गया। इसमें रोशनाबाद क्रिकेट अकेडमी ने जूनियर वर्ग की प्रतियोगिता अपने नाम की। रोशनाबाद क्रिकेट एकेडमी से आदर्श ने 15 रन और अनुराग ने 26 रन बनाए। आशीष ने 26 व आदित्य और अंश ने दो विकेट लिए। इस मौके पर सुनील सैनी, राजन राणा आदि मौजूद रहे।

### घर के सामने बुग्गी खड़ी करने पर चले लाठी डंडे, क्रॉस केस

**रूड़की, एजेंसी।** दरवाजे के सामने बुग्गी खड़ी करने को लेकर दो पक्षों के बीच कहासुनी हो गई। मामला इतना बढ़ा कि दोनों पक्षों में जमकर लाठी-डंडे चले जिसमें कई लोग घायल हो गए। दोनों पक्षों की तहरीर पर पुलिस ने क्रॉस केस दर्ज कर लिया है। लक्सर कोतवाली के सीधडू गांव में बानी और अकलीम पक्ष के बीच घर के दरवाजे के सामने बुग्गी खड़ी करने को लेकर कहासुनी हो गई थी। देखते ही देखते दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हो गई और एक-दूसरे पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया, जिसमें कई लोग घायल हो गए।

### मंत्री के आते ही लगाए निर्दलीय प्रत्याशी के समर्थन में नारे

**ऋषिकेश, एजेंसी।** अमित ग्राम स्थित एक बूथ पर अपराह्न में कैबिनेट मंत्री व स्थानीय विधायक प्रेमचंद अग्रवाल पहुंचे। इस दौरान यहां मेयर पद पर एक निर्दलीय प्रत्याशी के समर्थकों ने अपने प्रत्याशी के समर्थन में नारे लगाना शुरू कर दिया। जिस पर मंत्री अग्रवाल मुस्कराते हुए वहां से निकल गए। लोग काफी देर तक निर्दलीय प्रत्याशी के समर्थन में नारे लगाते रहे।

### निराश्रित पशुओं के लिए गोशाला में नहीं बची जगह

**हल्द्वानी, एजेंसी।** शहर में घूम रहे निराश्रित गोवंशीय पशुओं के लिए अब गोशाला में जगह नहीं बची है। ऐसे में पशु सड़कों, गली-मोहल्लों में घूम रहे हैं। नगर निगम की राजपुरा व हल्दूचौड़ में गोशाला बनी है। निगम प्रशासन अभियान चलाकर निराश्रित पशुओं को गोशाला पहुंचाता रहा है। अब इनकी संख्या इतनी अधिक हो गई है कि गोशाला भी भर गई है। इन दिनों अगर कोई निगम प्रशासन को निराश्रित गोवंशीय पशुओं को पकड़ने मांग कर रहा है तो उन्हें खुद ही व्यवस्था करने को कहा जा रहा है। इससे कई क्षेत्रों में निराश्रित पशुओं से लोग परेशान हैं। नगर आयुक्त ऋचा सिंह ने बताया कि राजपुरा व हल्दूचौड़ स्थित गोशाला में 600 पशु रखे गए हैं। हल्दूचौड़ में अभी जगह है लेकिन शेड नहीं बना है। ऐसे में वहां अब पशु रखना संभव नहीं हो पा रहा है। जल्द ही शेड निर्माण कर शहर भर में घूमने वाले निराश्रित पशुओं को गोशाला पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है।

### अधर्म एवं पाप की वृद्धि होने पर प्रभु ने लिया मानव रूप में अवतार

**हल्द्वानी, एजेंसी।** काठगोदाम में फिल्टर हाउस के समीप गोल्ज्यू मंदिर में श्रीमद् भागवत कथा चौथे दिन भी चली। व्यास कपिल देव महाराज ने श्री कृष्ण जन्मोत्सव का सुंदर प्रसंग सुनाया। इस दौरान श्रद्धालु कान्हा के जन्मोत्सव पर गुब्बारे, प्रसाद, मिष्ठान इत्यादि लेकर आए थे। कथा व्यास ने कहा कि श्री हरि नारायण ने द्वापर युग में कृष्ण अवतार लिया। क्योंकि जब-जब धर्म की हानि होती है, अधर्म एवं पाप की वृद्धि होती है, तब-तब प्रभु मानव रूप में अवतरित होकर धर्म की स्थापना करने के लिए इस धरा धाम में आते हैं।

# एम्स : 10 साल में 1.33 लाख सर्जरी कर कायम की मिसाल

**ऋषिकेश, एजेंसी।** दस साल में एम्स ने एक लाख 33 हजार मरीजों का सफल ऑपरेशन कर एक मिसाल कायम की है। वहीं करीब 53 लाख मरीज यहां ओपीडी में पहुंचे हैं, जबकि 3 लाख से अधिक मरीज भर्ती कराए गए हैं।

10 साल पहले 2 जून 2014 को पहला ऑपरेशन करने के बाद से एम्स ऋषिकेश अब तक एक लाख 33 हजार से अधिक लोगों की सर्जरी कर उन्हें स्वास्थ्य लाभ दे चुका है। विश्व स्तरीय उच्च तकनीक आधारित स्वास्थ्य सुविधाओं को विकसित करते हुए संस्थान ने यह उपलब्धि हासिल की है।

इनमें तीन दिन के नवजात से लेकर 90 साल तक के वृद्ध की सर्जरी शामिल है। अपनी स्वास्थ्य समस्या को लेकर इन 10 वर्षों में 53 लाख 45 हजार लोग एम्स की ओपीडी पंहुचे। जिनमें से तीन लाख 84 हजार 400 रोगियों को अस्पताल में भर्ती कर उनका इलाज किया गया।

एम्स में दिसंबर 2013 से रोगियों को भर्ती किए जाने की सुविधा शुरू हुई




थी। पहली सर्जरी रीढ़ की हड्डी में न्यूरो समस्या से जूझ रहे एक मरीज की हुई थी। वर्ष 2014 के दौरान बिना मॉड्यूलर के चार ऑपरेशन थियेटरों से शुरू होने वाले एम्स अस्पताल में अब 64 ऑपरेशन थियेटरों की लंबी श्रृंखला है। यहीं कारण है कि अब महीने में 1500 से अधिक छोटे-बड़े ऑपरेशन हो रहे हैं।

कुछ ऐसे भी नवजात होते हैं जिनकी आहार नाल, सांस नली के साथ चिपकी रहती है। ऐसे बच्चे जन्म लेने के दौरान से ही न तो स्तनपान कर सकते हैं और न ही उनके मुंह से कोई तरल पेय अंदर जा सकता है। एम्स में ऐसे नवजातों की सर्जरी पिडियाट्रिक सर्जन करते हैं। इस विभाग द्वारा नौ जुलाई 2022 को ऐसी ही समस्या से ग्रसित एक नवजात की सर्जरी की गई जिसे किसी अन्य अस्पताल ने एम्स रेफर किया था। यह बच्चा एम्स में भर्ती करते समय मात्र चार घंटे का था। एक दिन बाद डॉक्टरों ने इसकी सर्जरी कर दी थी। पिथौरागढ़ का यह बच्चा स्वस्थ होकर अब ढाई साल का हो गया है।

अति वृद्धावस्था वाले लोगों में पैर फिसलने की वजह से कूल्हा टूट जाने अथवा कूल्हा हिल जाने का खतरा सबसे ज्यादा होता है। एम्स के ऑर्थोपेडिक विभाग के सर्जन ऐसे लोगों की सर्जरी कर कूल्हे का प्रत्यारोपण कर देते हैं। कूल्हा खिसक जाने से पीड़ित छिद्दरवाला की रहने वाली 89 साल से अधिक आयु की एक मरीज की सर्जरी एम्स में 2 मई 2020 को की गई थी। पिछले वर्ष कांवड़ यात्रा में आया एक कांवड़िया रुड़की के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। सिर पर गंभीर चोट की वजह से कोमा में जाने के बाद 30 जुलाई को डॉक्टरों की टीम ने उसे ब्रेन डेड घोषित कर दिया था। बाद में परिजनों ने स्वेच्छा से अंग दान करने की सहमति दी। जिन्हें चंडीगढ़ और दिल्ली के अस्पतालों में भर्ती रोगियों को प्रत्यारोपित करने का कार्य भी एम्स ऋषिकेश द्वारा बखूबी निभाया जा चुका है।

## कोट भैसर्क में नई दुग्ध समिति के गठन को लेकर बैठक

**चंपावत, एजेंसी।**
आंचल दुग्ध संस्थान चंपावत ने ग्राम पंचायत कोट भैसर्क में दुग्ध समिति के गठन को लेकर बृजेश बगौली, कृष्णानंद कालोनी और उर्मिला मिश्रा की अध्यक्षता में बैठक की गई। उन्होंने कहा कि दुग्ध उत्पादन गांव से पलायन को रोक सकती हैं। इस मौके पर ग्राम पंचायत के सामाजिक कार्यकर्ता राजेश बिष्ट ने कहा कि उन्नत नस्ल की गाय पशुपालकों के लिए लाभकारी रहेगी। आंचल दुग्ध संस्थान से आए हुए अधिकारियों ने कहा कि राजेश ने स्वरोजगार को बढ़ावा दिए जाने से इस पूरे चंपावत के युवा प्रेरित हुए है। साथ ही कई बेरोजगार युवा अब पशुपालन के कार्य को स्वरोजगार के रूप में करना चाहते हैं। इस दौरान बैठक में रतन सिंह बिष्ट, जीत सिंह चमियाल, मोहन रावत, देव सिंह बिष्ट, कुंदन सिंह बिष्ट, प्रहलाद सिंह, लक्ष्मण सिंह, धन सिंह आदि मौजूद रहे।

## डीएम के नाम पर साइबर ठगी का प्रयास, अज्ञात पर केस

**अल्मोड़ा, एजेंसी।**
अल्मोड़ा में डीएम के नाम से साइबर ठगी के प्रयास का मामला सामने आया है। मामला संज्ञान में आने पर डीएम ऑफिस के प्रशासनिक अधिकारी ईश्वर सिंह खलझुलिया की ओर से अल्मोड़ा कोतवाली में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ साइबर ठगी करने के प्रयास का मुकदमा दर्ज कराया गया है।

कोतवाली प्रभारी जगदीश देउपा के अनुसार जिलाधिकारी कार्यालय के प्रशासनिक अधिकारी ने तहरीर में बताया कि 21 जनवरी को सुबह करीब 11ः15 बजे उनके मोबाइल पर डीएम अल्मोड़ा के नाम से व्हाटसएप मैसेज के माध्यम से केनरा बैंक के एक खाते का नंबर देते हुए उसमें 30,000 रुपये डालने की बात कही गई। उन्होंने यह मामला जिलाधिकारी के संज्ञान में लाया तो मामला फर्जी पाया गया। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि तहरीर के आधार पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## मेजबानी तो मिली मगर, मेहमान नवाजी के लिए नहीं हैं जिले की राष्ट्रीय खिलाड़ी बेटियां

**श्यामपुर, एजेंसी।**
38वें राष्ट्रीय खेलों की मेजबानी में हरिद्वार जिले को भी मौका मिला है। तीन खेल रेसलिंग, हॉकी और कबड्डी प्रमुख हैं। इनमें मेजबानी कर रही टीमों को जिले की दो बेटियों को स्वागत का अवसर मिलना था, लेकिन नहीं मिलेगा। दोनों बेटियां इन दिनों अंतरराष्ट्रीय लीग मैच खेल रही हैं।

बता दें कि भारतीय राष्ट्रीय हॉकी टीम की पूर्व कप्तान वंदना कटारिया और उभरती राष्ट्रीय खिलाड़ी मनीषा चौहान दोनों राउरकेला झारखंड में लीग मैच खेल रही हैं। इसी बीच उत्तराखंड राज्य को मिली राष्ट्रीय खेलों की मेजबानी शुरू हो रही है। इसमें जहां जिस स्टेडियम को राष्ट्रीय खिलाड़ी का नाम दिया गया है, वह खिलाड़ी ही नहीं मौजूद रहेंगी। वहीं, युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणास्रोत मनीषा भी उसी लीग मैच में प्रतिभाग कर रही हैं, जहां वंदना खेल रही हैं।

बता दें कि अंतरराष्ट्रीय फलक पर मुकाम हरिद्वार जिले की दो बेटियों ने दिया है। इनमें वंदना कटारिया ने जहां देश को हॉकी टीम महिला वर्ग में मेडल देकर सम्मान दिलाया है। वहीं, मनीषा ने भारतीय टीम का हिस्सा रहते हुए मेडल दिलाया। इन दोनों खिलाड़ियों की गैर मौजूदगी में तीन खेल उन्हीं की धरती पर होने जा रहे हैं।

## सड़क खराब होने से मूलाकोट तक नहीं पहुंच रही स्कूल बस

**पाटी (चंपावत), एजेंसी।** तहसील पाटी से मूलाकोट को जोड़ने वाली सड़क रैगलबैंड से आग 50 मीटर 13 सितंबर 2024 को आई आपदा में क्षतिग्रस्त हो गई थी। सड़क क्षतिग्रस्त होने से पाटी इंडस स्कूल की बस मूलाकोट गांव तक नहीं पहुंच पा रही है। 27 बच्चों को स्कूल आने में दिक्कत हो रही है।

स्थानीय ललित सिंह ने बताया कि सड़क खराब होने से मूलाकोट से हल्द्वानी को चलने वाली केएमओयू की बस गांव तक नहीं आने से लोगों को ज्यादा पैसा खर्च कर हल्द्वानी जाना पड़ रहा है। ग्रामीण दीपक बिष्ट, ललित सिंग पाटनी, प्रवीन सिंह, रमेश बिष्ट, सुंदर, उमेद मेहता, गोधन सिंह, भुवन सिंह आदि लोगों ने बताया कि लोनिवि की ओर से वैकल्पिक व्यवस्था कर छोटे वाहनों के लिए सड़क को खोल दिया लेकिन बड़े वाहनों के लिए सड़क को अभी तक सही नहीं किया गया है। लोनिवि के एएई विपिन जोशी ने



बताया कि सड़क का बांड बना कर संबंधित ठेकेदार को दे दिया है।

**बस स्टेशन से गुरुद्वारा तक सीसी मार्ग क्षतिग्रस्त :** रीठा साहिब (चंपावत), एजेंसी। बस स्टेशन से रीठा साहिब गुरुद्वारा तक सीसी मार्ग जगह-जगह गड्ढों में तब्दील हो गया है। इस रास्ते पर जगह-जगह पर नाली चोक होने से दिनभर पानी बहता रहता है। इससे राहगीरों को आवागमन में परेशानी हो रही है। यहां सालभर देश-विदेश से तीर्थ यात्रियों का आना जाना लगा रहता है। आवाजाही के दौरान कई तीर्थयात्री गिरकर चोटिल भी हो चुके हैं।

इसके अलावा स्थानीय लोगों और छात्र-छात्राओं की स्कूटर और मोटर साइकिल क्षतिग्रस्त मार्ग में रपट रहे हैं। दरबान सिंह, कृपाल सिंह, दीवान सिंह आदि स्थानीय लोगों का कहना है जल्दी रास्ते को गड्ढा मुक्त नहीं किया गया तो बड़ा हादसा हो सकता है। लोगों की मांग है कि क्षतिग्रस्त मार्ग को जल्दी से जल्दी कंक्रीट का किया जाए और जगह-जगह से डंप मलबा हटाया जाए।

## नव दंपती ने रोपा पौधा, आंदोलन को दिया समर्थन

**पिथौरागढ़, एजेंसी।** नियमितीकरण की मांग को लेकर संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं गढ़वाल मंडल विकास निगम के कर्मचारियों का पौधारोपण आंदोलन 202वें दिन भी जारी रहा। महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश गुरुरानी के नेतृत्व में पर्यटक आवास गृह के कर्मचारियों ने मां उल्का देवी वाटिका में पौधे लगाए। सहारनपुर निवासी शिवकुमार के पुत्र अभिषेक और कनालीछीना निवासी त्रिलोक सिंह एवं कमला देवी की पुत्री मनीषा ने परिणय सूत्र में बंधने के बाद परिणय पौध लगाकर आंदोलन को समर्थन दिया। दंपती ने हिमालय बचाओ अभियान के तहत शपथ रजिस्टर भी भरा। यहां हर सिंह, शेर सिंह, वेदप्रकाश, हंसी बिष्ट, दीपक, नरेंद्र थापा, सौरभ खोलिया, महेश कुमार आदि मौजूद रहे।

### हिमवीरों ने धूमधाम से मनाया वाहिनी का स्थापना दिवस

**लोहाघाट (चंपावत), एजेंसी।** छमनिया चौड स्थित 36वीं वाहिनी भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल का 18वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर हिमवीरों और उनके परिजनों के कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। बृहस्पतिवार को वाहिनी के कमांडेंट धर्मपाल सिंह रावत ने स्थापना दिवस पर आयोजित मार्च पास्ट की सलामी ली। कमांडेंट ने वाहिनी के गौरवशाली इतिहास की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आईटीबीपी के हिमवीर देश की रक्षा के लिए दुर्गम क्षेत्र में स्थित ढाकर, वेदांग, दावे आदि बॉर्डरों पर विषम परिस्थितियों में उल्लेखनीय सेवाएं देते हैं। कमांडेंट ने वाहिनी के हिमवीरों और परिजनों को वाहिनी के स्थापना दिवस की बधाई दी।

## खंभे से टकराया टेंपो, 18 घंटे गुल रही बिजली

**गौलापार (नैनीताल), एजेंसी।**
चोरगलिया क्षेत्र में बिजली सप्लाई की मेन लाइन (11 केवीए) के पोल पर बीती रात एमबीआर गेट के पास टेंपो (यूके 04 टीबी 0604) ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबर्दस्त थी कि लाइन के इंसुलेटर ही उखड़ गए। तारों के आपस में टकराने से सब स्टेशन का बॉक्स फुंक गया।

साथ ही टेंपो भी क्षतिग्रस्त हो गया। लाइन क्षतिग्रस्त होने से क्षेत्र में 18 घंटे तक बिजली आपूर्ति ठप रही।बिजली नहीं आने से घरों में पानी की सप्लाई भी नहीं हो सकी, जिस कारण लोगों को ज्यादा परेशानियों का सामना करना पड़ा। ऊर्जा निगम के जेई सुनील कुमार ने बताया कि बृहस्पतिवार को पोल और लाइनों की मरम्मत कर दोपहर करीब एक बजे विद्युत आपूर्ति बहाल कर दी गई थी।

## प्रसव पीड़ित महिला के लिए संकटमोचक बनी 108 सेवा

**भतरौंजखान (अल्मोड़ा), एजेंसी।**
यहां एक प्रसव पीड़िता के लिए एंबुलेंस सेवा 108 संकटमोचक बनी। एंबुलेंस में तैनात फार्मासिस्ट विपिन सती ने अत्यधिक प्रसव पीड़ा से परेशान गर्भवती का वाहन में ही सुरक्षित प्रसव कराकर जच्चा-बच्चा की जान बचा ली।

विकासखंड भैसियाछाना के ग्राम तया निवासी 28 वर्षीया गीता देवी को प्रसव पीड़ा हुई। तो क्षेत्र की आशा तुलसी देवी ने प्रसव पीड़िता को प्रसव के लिए अस्पताल ले जाने के लिए एंबुलेंस सेवा 108 को फोन लगाया। इसके बाद एंबुलेंस पहुंची। इस वाहन में गीता देवी को सुरक्षित प्रसव के लिए पीएचसी भतरौंजखान ले जाया जा रहा था कि राह में प्रसव पीड़िता की प्रसव पीड़ा अत्यधिक बढ़ गई।

उसकी बड़ी दिक्कत को देखते हुए स्यालकोट नामक स्थान पर एंबुलेंस रोककर उसमें तैनात फार्मासिस्ट विपिन सती ने अथक प्रयास कर महिला का सुरक्षित प्रसव करा दिया। इसमें आशा का सहयोग भी महत्वपूर्ण रहा। दोनों जच्चा-बच्चा स्वस्थ हैं।

## नैनीताल में धूप खिलने से मौसम रहा सुहावना

**नैनीताल, एजेंसी।** बीते दिवस के आंशिक खराब मौसम के बाद बृहस्पतिवार को नगर में धूप खिली। सुबह से ही नगर का आसमान साफ था और धूप खिली हुई थी। दिनभर नगर में धूप खिली रहने से ठंड का अहसास कम हुआ। जीआईसी मौसम विज्ञान केंद्र से मिली जानकारी के मुताबिक अधिकतम तापमान 18 डिग्री सेल्सियस तथा न्यूनतम तापमान 09 डिग्री सेल्सियस रहा। वहीं हल्द्वानी में भी मौसम साफ रहा दिनभर धूप खिली रही। मौसम विभाग ने शनिवार को सुबह के समय उथला, मध्यम कोहरा रहने की संभावना जताई है। अधिकतम तापमान 22.6 और न्यूनतम 4.6 डिग्री सेल्सियस रहा।

## तीन साल बाद भी नल से जल का इंतजार

**पथरी, एजेंसी।**
हरसीवाला में तीन साल बाद भी ओवरहेड टैंक का निर्माण कार्य पूरा नहीं हुआ। गांव के मार्ग में पाइप लाइन बिछाने के दौरान सड़क खोद कर छोड़ दी। क्षतिग्रस्त मार्ग से लोगों को आवागमन में परेशानी उठानी पड़ रही है। ओवरहेड टैंक के धीमी गति से हो रहे निर्माण कार्य को लेकर ग्रामीणों में रोष बना हुआ है।

भाजपा के जिला मंत्री नेत्रपाल सिंह चौहान ने मुख्यमंत्री व डीएम को पत्र भेजकर जल्द ही ओवरहेड टैंक का निर्माण कार्य पूरा कराने की मांग की है। ग्राम प्रधान शिवानी चौहान, कदम सिंह चौहान, छत्रपाल सिंह चौहान, निशीथ चौहान, पवन कुमार आदि ग्रामीणों का कहना है कि ठेकेदार ओवरहेड टैंक के निर्माण कार्य को जब चाहे रोक देता है और जब चाहे शुरू कर देता है। ऐसे में गर्मी के दिनों में ओवरहेड टैंक से पानी मिलना मुश्किल लग रहा है। हरसीवाला में पेयजल परियोजना के लिए करीब एक करोड़ रुपये का बजट मंजूर हुआ था।

जल संसाधन के जेई विनोद कुमार का कहना है कि संबंधित ठेकेदार को हरसीवाला में ओवरहेड टैंक का निर्माण कार्य तेजी से कराए जाने के लिए कहा गया। अगर मार्च माह के अंतिम दिनों तक ओवरहेड टैंक का निर्माण कार्य पूरा नहीं किया गया। ठेकेदार का भुगतान रोका जाएगा।

## रजत को स्वर्ण में बदलने के लिए खूब पसीना बहा रहीं मनीषा

**अल्मोड़ा, एजेंसी।** 38वें राष्ट्रीय खेलों में स्वर्ण पदक जीतने के लिए जिले के बेटी मनीषा बिष्ट दिन-रात पसीना बहा रही है। 37वें राष्ट्रीय खेलों की योग प्रतियोगिता में मनीषा ने रजत पदक जीत कर प्रदेश को नई पहचान दिलाई थी। अब एक बार फिर प्रदेश को मनीषा से पदक की उम्मीद है। 37वें राष्ट्रीय खेलों की योग प्रतियोगिता में रजत पदक जीतकर प्रदेश में योग खेलों को नई पहचान दिलाई है। योगासन प्रतियोगिता में राष्ट्रीय स्तर पर यह राज्य का पहला राष्ट्रीय पदक था। प्रदेश को एक बार भी मनीषा से पदक की उम्मीद जगी है। मनीषा फॉरेस्ट ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट हल्द्वानी में सरकारी पद पर तैनात हैं और पतंजलि विवि में स्नातक योग की छात्रा हैं। उन्होंने कहा कि उनका लक्ष्य राष्ट्रीय खेलों में स्वर्ण पदक जीतना है। ट्रायल में उनका चयन प्रदेश की 14 सदस्यीय टीम में हुआ। राष्ट्रीय अस्मिता खेलो इंडिया महिला योगासन प्रतियोगिता में मनीषा ने कड़ी मेहनत के बल पर तीन पदक जीत चुकी हैं। आयोजन समिति के प्रशासनिक अधिकारी योगाचार्य हेमंत जोशी ने कहा कि अपने गृह क्षेत्र में राष्ट्रीय प्रतियोगिता होने का लाभ मनीषा को मिलेगा। उम्मीद है कि वह बेहतर प्रदर्शन कर स्वर्ण पदक पाने के अपने लक्ष्य तक पहुंचेंगी।

## पुलिस चुनाव ड्यूटी में, सड़क पर यातायात नियमों की उड़ी धज्जियां

**नैनीताल, एजेंसी।** पुलिस चुनाव की सुरक्षा व्यवस्था में जुटी रही, वहीं नगर में यातायात नियमों का कुछ लोगों ने धड़ल्ले से उल्लंघन किया। सुबह से शाम तक लोग गलत दिशा में बिना हेलमेट दोपहिया वाहन दौड़ाते रहे। बिना हेलमेट तीन सवारी बैठाकर विपरीत दिशाओं में भी जमकर बाइक दौड़ाई गई। कोतवाल उमेश कुमार मलिक ने बताया कि यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई की जाएगी।

नैनीताल में मतदान के दौरान नैनीताल क्लब के पास भीड़ बढ़ने पर पुलिस ने रूट डायवर्ट किया।

# बाघ ने तेंदुए को मार डाला, जंगल में मिला शव, गर्दन पर पंजे के निशान मिल

**ऊधम सिंह नगर, एजेंसी।** सुरई वन क्षेत्र में बाघ के साथ संघर्ष में एक तेंदुए की मौत हो गई। वन कर्मियों को गश्त के दौरान जंगल में झाड़ियों के पीछे तेंदुए का शव मिला। तेंदुए की गर्दन में बाघ के पंजे के निशान मिले हैं। शव का पोस्टमार्टम कर दिया गया है।

खटीमा के सुरई वन क्षेत्र में बाघ के साथ संघर्ष में एक तेंदुए की मौत हो गई। वन कर्मियों को गश्त के दौरान जंगल में झाड़ियों के पीछे तेंदुए का शव मिला। तेंदुए की गर्दन में बाघ के पंजे के निशान मिले हैं। शव का पोस्टमार्टम कर दिया गया है।

वन्यजीवों के आपसी संघर्ष की घटनाएं



लगातार बढ़ती जा रही है। सुरई रेंज के वन क्षेत्राधिकारी राजेंद्र सिंह मनराल ने बताया कि कुछ दिन पूर्व वन विभाग की टीम वन क्षेत्र में गश्त कर रही थी। शाम के समय कम्पार्ट 46 डी में वन कर्मियों को झाड़ियों के पीछे एक तेंदुए का शव मिला। घटनास्थल के आसपास बाघ के पंजे के निशान देखे गए। साथ ही तेंदुए की गर्दन पर भी बाघ के पंजे के निशान मिले हैं।

घटनास्थल को देखकर प्रतीत हो रहा है कि बाघ के साथ हुए संघर्ष में तेंदुए की मौत हुई है। वन क्षेत्राधिकारी ने बताया कि डॉक्टर के पैनल ने तेंदुए का पोस्टमार्टम किया है। शुक्रवार को इस मामले में वन विभाग की ओर से केस दर्ज किया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद में इस मामले की विस्तार से जांच की जाएगी।

इससे पूर्व करीब दो माह पहले भी खटीमा में बाघ और तेंदुए के आपसी संघर्ष में तेंदुए की मौत हो चुकी है। मार्च 2022 में भी सुरई रेंज के कक्ष संख्या 46 में दो बाघों और एक तेंदुए के बीच हुए खूनी संघर्ष में तेंदुए की मौत हो गई थी।

## संक्षिप्त खबरें

### टेढ़ा था स्कूटी का नंबर प्लेट, तिलक नगर पुलिस ने पकड़ा




नई दिल्ली। तिलक नगर थाना की पुलिस टीम ने एक ऑटो लिफ्टर को गिरफ्तार किया है। जिसकी पहचान कृष्णा उर्फ कारतूस उर्फ कालू के रूप में हुई है। यह पहले से 15 मामलों में शामिल है, जिसमें सेंधमारी और ऑटो लिफ्टिंग की वारदात हैं। इसके पास से दो चोरी की स्कूटी और एक मोटरसाइकिल बरामद किया गया। जो पश्चिम विहार, उत्तम नगर और तिलक नगर थाना इलाकों से चुराया गया था। डीसीपी वेस्ट विचित्र वीर के अनुसार एसीपी सुरेंद्र सिंह राठी की देखरेख में एसएचओ विनीत कुमार पांडे, हेड कांस्टेबल रतन, राजवीर, कांस्टेबल सुनील और धनेश की टीम ने पैसिफिक मॉल के पास पेट्रोलिंग के दौरान एक स्कूटी सवार को जांच के लिए रोकने का इशारा किया। क्योंकि उसका नंबर प्लेट मुड़ा हुआ था, उसने स्कूटी की स्पीड बढ़ा दी। कुछ दूर पीछा करने के बाद जब स्कूटी सवार को पकड़ा गया।

### वेस्ट में 102 पर एक्शन, 24 लाइसेंसी हथियार कराए जमा

नई दिल्ली। गणतंत्र दिवस में अब एक दिन केवल शेष रह गया है। वहीं दूसरी तरफ विधानसभा चुनाव को लेकर भी धीरे धीरे समय नजदीक आ रहा है। पुलिस लगातार चुनाव आदर्श आचार संहिता को लेकर कारवाई कर रही है। पश्चिमी जिला पुलिस ने इसी के तहत शुक्रवार को की गई कारवाई में 102 लोगों के खिलाफ एक्शन लिया है। इसके अलावा आबकारी अधिनियम के तहत 6 मामले दर्ज किए गए और आधा दर्जन आरोपियों के खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी किए गए। डीसीपी वेस्ट विचित्र वीर ने बताया कि लाइसेंसी हथियार जमा करवाने के अभियान के तहत शुक्रवार को 24 लाइसेंसी शस्त्र जमा किए गए हैं। लगातार यह कारवाई जिला पुलिस के द्वारा की जा रही है।

### मोतीनगर का बदमाश, हथियार सहित राज पार्क में गिरफ्तार

नई दिल्ली। बाहरी जिला के डिस्ट्रिक्ट स्पेशल टीम ने मोती नगर थाना के एक एक्टिव बीसी को गिरफ्तार किया है। जिसके पास से देसी पिस्टल, दो जिंदा कारतूस और कैश भी बरामद किया गया है। डीसीपी आउटर सचिन शर्मा के अनुसार रात में सुल्तानपुरी इलाके में इस बदमाश के बारे में एक इनफार्मेशन मिली थी। पुलिस को पता चला कि यह हथियार के साथ आने वाला है और दूसरे साथियों के साथ मिलकर वारदात की प्लानिंग करने वाला है। एसीपी नेकी राम लांबा की देखरेख में सब इंस्पेक्टर संदीप की टीम ने सुल्तानपुर माजरा गांव में ट्रैप लगाकर इसको पकड़ लिया। इसकी पहचान लखविंदर उर्फ राजू के रूप में हुई। इसके पास से देसी पिस्टल, कारतूस और कैश बरामद किया गया। पता चला यह दिल्ली पुलिस का घोषित बीसी है। इसके खिलाफ आर्म्स एक्ट का मामला राज पार्क थाना में दर्ज कर इसे गिरफ्तार कर लिया गया।

### वसंत कुंज में पकड़े 2 शराब तस्कर, 8500 क्वार्टर जब्त

नई दिल्ली। साउथ वेस्ट डिस्ट्रिक्ट के वसंत कुंज नॉर्थ और स्पेशल स्टाफ की पुलिस टीम ने शराब तस्करी के दो मामलों में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से काफी मात्रा में शराब की खेप बरामद की गई और तस्करी में इस्तेमाल मिनी ट्रक को भी पुलिस ने जप्त किया है। डीसीपी सुरेंद्र चौधरी ने बताया कि पहले मामले में वसंत कुंज की पुलिस ने 151 शराब की पेटियां जब्त की है। उस शराब की पेटियां में से 7516 क्वार्टर शराब के बरामद किए गए। इस मामले में आरोपी परशुराम को गिरफ्तार किया गया, जो दिल्ली के रंगपुरी इलाके का रहने वाला है। यह हरियाणा से शराब की खेप लेकर आया था।

### चुनाव प्रचार के लिए अंतरिम जमानत की ताहिर हुसैन की याचिका पर सुनवाई करेगा उच्चतम न्यायालय

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय की तीन न्यायाधीशों की पीठ 28 जनवरी को पूर्व निगम पार्षद और फरवरी 2020 में दिल्ली में हुए दंगों के आरोपी ताहिर हुसैन की याचिका पर सुनवाई करेगी, जिसने राजधानी में आगामी विधानसभा चुनाव में प्रचार के लिए अंतरिम जमानत मांगी है। शीर्ष अदालत की दो-न्यायाधीशों की पीठ द्वारा विभाजित फैसला दिए जाने के बाद हुसैन को 22 जनवरी को अंतरिम जमानत नहीं मिली थी। अदालत की वेबसाइट पर अपलोड की गई 28 जनवरी के मामलों की सूची के अनुसार, याचिका पर न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, न्यायमूर्ति संजय करोल और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की तीन सदस्यीय पीठ के समक्ष सुनवाई होनी है।

# पिछले 10 साल में नए सीवर डलवाने के बहुत काम किए, अगले 5 साल में दिल्ली के सभी इलाकों की सीवर लाइन ठीक करेंगे : केजरीवाल

प्रात: किरण/ एजेंसी

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने दिल्लीवालों को सीवर की समस्या से मुक्ति दिलाने के लिए बड़ा एलान किया है। उन्होंने कहा कि पिछले 10 साल में नए सीवर डलवाने के बहुत काम किए हैं। कुछ इलाके बचे हैं। अगले 5 साल में दिल्ली के सभी इलाकों की सीवर लाइन ठीक करेंगे। सभी पुरानी पाइप लाइनों को युद्ध स्तर पर बदला जाएगा, ताकि लोगों को सीवर की समस्या से छुटकारा मिल सके। हमने लगभग सभी कॉलोनियों में सीवर की लाइन बिछाई है, अब इसे घरों से जोड़ा जा रहा है। दिल्ली की जनता से मेरी अपील है कि अगर आपके इलाके में सीवर की समस्या है तो घबराएं नहीं, सरकार में आने के बाद हम इस पर तेजी से काम करेंगे।

आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को वर्चुअल प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि जब 2015 में हमारी पहली बार सरकार बनी थी, तब हमें कई समस्याएं विरासत के तौर पर मिली थीं। उनमें से एक बड़ी समस्या सीवर की थी। दिल्ली में 1,792 कच्ची कॉलोनियों में हैं। इन कॉलोनियों में 2015 से पहले किसी भी तरह के विकास की अनुमति नहीं थी, क्योंकि सुप्रीट कोर्ट और केंद्र सरकार



के आदेश थे। हमने उन सभी अड़चनों को पार करके सारी कच्ची कॉलोनियों के अंदर काम करना शुरू किया। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि इन कच्ची कॉलोनियों में सीवर की कोई पाइपलाइन नहीं थी। इसलिए सारा सीवर नालियों और गलियों के अंदर बहता था। लोगों का जीवन नर्क था। हमने पिछले 10 साल में लगभग सभी कॉलोनियों में बड़े स्तर पर सीवर की पाइपलाइन डलवाई हैं।

पाइपलाइन डालने के बाद अब हर घर को सीवर से जोड़ने का काम चल रहा है। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि दूसरी तरफ, जिन कॉलोनियों में सीवर की पाइपलाइन थीं, वह बहुत पुरानी हो गई हैं। मुझे आज कई जगहों से शिकायत सुनने को मिलती हैं कि सीवर ओवरफ्लो और लीक कर रहा है। सीवर जाम हो गया है। सीवर का पानी, पीने के पानी के साथ मिक्स हो रहा है। मैंने तय किया है कि सरकार बनने के बाद दिल्ली में जहां भी सीवर पाइपलाइन बैठ गई है, लीक कर रही है या खराब हो गई है, उन पुरानी पाइपलाइनों को युद्धस्तर पर बदला जाएगा ताकि लोगों को सीवर की वजह से होने वाली समस्याओं से छुटकारा दिलाया जा सके। अरविंद केजरीवाल ने जनता से कहा कि अगर आपके भी इलाके में सीवर की समस्या है तो घबराना मत। हम सरकार बनने के बाद आपके क्षेत्र में भी सीवर पाइपलाइन बदल देंगे। सीवर की सफाई करवाएंगे ताकि सभी को सीवर की गंदगी से मुक्ति मिल सके।

# पूरे देश में अकेली दिल्ली सरकार है, जो अपने बजट का 25 फीसद हिस्सा बच्चों को अच्छी शिक्षा देने पर खर्च करती है : सीएम आतिशी

**कार्यक्रम की मुख्य अतिथि दिल्ली की सीएम आतिशी ने गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्रीय ध्वज फहराकर कर दिल्ली समेत पूरे देश को बधाई दी। इस मौके पर उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी की सरकार ने बिजली, पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य समेत अन्य सेवाएं मुफ्त देकर दिल्ली की जनता को बड़ी राहत पहुंचाई है। दिल्ली सरकार अपने बजट का 25 फीसद हिस्सा बच्चों को अच्छी शिक्षा देने पर खर्च करती है। पूरे देश में सिर्फ में 24 घंटे बिजली मिलती है। पिछले साल भीषण गर्मी के दिनों में भी पावर कट नहीं लगे।**

प्रात: किरण/ एजेंसी

नई दिल्ली। दिल्ली के छत्रसाल स्टेडियम में शनिवार को दिल्ली सरकार ने बड़ी धूमधाम के साथ गणतंत्र दिवस मनाया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि दिल्ली की सीएम आतिशी ने गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्रीय ध्वज फहराकर कर दिल्ली समेत पूरे देश को बधाई दी। इस मौके पर उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी की सरकार ने बिजली, पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य समेत अन्य सेवाएं मुफ्त देकर दिल्ली की जनता को बड़ी राहत पहुंचाई है। दिल्ली सरकार अपने बजट का 25 फीसद हिस्सा बच्चों को अच्छी शिक्षा देने पर खर्च करती है। पूरे देश में सिर्फ में 24 घंटे बिजली मिलती है। पिछले साल भीषण गर्मी के दिनों में भी पावर कट नहीं लगे। आज दिल्ली में रोजाना 11 लाख महिलाएं मुफ्त यात्रा का लाभ उठा रही हैं, इससे उनकी अर्थव्यवस्था में भागीदारी बढ़ी है। पिछले 10 सालों में हमने 38 फ्लाइओवर बनाने के साथ सड़कों, मेट्रो और बसों का भी तेजी से विकास किया है। आज हम सभी दिल्ली में हर महिला को सशक्त बनाने, सबको अच्छी शिक्षा-स्वास्थ्य सुविधाएं और रोजगार देने का प्रण लेते हैं।

दिल्ली की सीएम आतिशी ने कहा कि आज स्वतंत्रता सेनानियों को याद करने का दिन है, जिन्होंने देश की आजादी के लिए अपनी जान दी। बाबा साहब डॉ. अंबेडकर ने भारत की आजादी के बाद हमारे देश को संविधान दिया। आज उन महान लोगों को याद करने का दिन है, जिन्होंने एक आजाद भारत का सपना देखा और उस सपने के लिए अपनी जान कुर्बान कर दी। जब भारत पर अंग्रेजों का राज था, तब भारत बहुत अलग हुआ करता था। भारत के लोगों के पास अधिकार नहीं थे। भारत के लोगों के पास अपने प्रतिनिधि चुनने का अधिकार नहीं था और हमारे पास अपनी बात रखने का भी अधिकार नहीं था। सबसे बड़ी बात यह थी कि भारत के संसाधनों पर भी हमारा अधिकार नहीं था।

सीएम आतिशी ने कहा कि हजारों सालों से कहा जाता था कि भारत सोने की चिड़िया है। भारत जैसी मिट्टी, पानी, जंगल और पहाड़ वाला देश पूरी दुनिया में कहीं और नहीं था। लेकिन जब अंग्रेजों का राज था, तो इन संसाधनों का उपयोग भारत के लोगों के लिए नहीं किया जाता था। अंग्रेज हमारे देश से ये संसाधन बाहर लेकर जाते थे। देश के बच्चों को अच्छी शिक्षा नहीं मिलती थी, लोगों को अच्छा इलाज और रोजगार नहीं मिलता था, क्योंकि भारतवासियों की सरकार भारत के लोग नहीं चुनते थे। हमारे स्वतंत्रता सेनानियों ने अपने अधिकारों के लिए लड़ाई लड़ी। भारत के घरों से 18-20 साल के नौजवान आजादी की लड़ाई लड़ने के लिए निकले। वह कितना मुश्किल दौर रहा होगा। सामने अंग्रेजों का वह साम्राज्य था, जिसके बारे में कहा जाता था कि इस साम्राज्य में कभी सूर्य अस्त नहीं होता। दुनिया के एक कोने से दूसरे कोने तक अंग्रेजों का साम्राज्य फैला हुआ था। लेकिन फिर भी हमारे देश के स्वतंत्रता सेनानियों का जोश और जुनून था, जिसके बल पर उन्होंने आजादी की लड़ाई लड़ी। आज भी उन वीर जवानों के बारे में सोचकर रोंगटे खड़े हो जाते हैं। सीएम आतिशी



ने कहा कि भगत सिंह केवल 23 साल के थे, जब उन्होंने देश की आजादी के लिए हंसते-हंसते अपनी जान कुर्बान कर दी और फांसी पर चढ़ गए। भगत सिंह ने कभी अपने बारे में नहीं सोचा। उन्होंने सिर्फ भारत देश के बारे में सोचा। ऐसे ही हजारों युवाओं ने अपने और अपने परिवार के भविष्य के बारे में नहीं सोचा। उन्होंने सिर्फ देश के बारे में सोचा। जब महात्मा गांधी अहिंसा के मार्ग पर चले, तो उन्होंने यह नहीं सोचा कि उनके शरीर का क्या होगा। उन्होंने देश के बारे में सोचा। जब लाला लाजपत राय साइमन कमीशन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करने गए, तब उन्होंने अपने बारे में नहीं, बल्कि देश के बारे में सोचा। जब चंद्रशेखर आजाद ने 25 साल की उम्र में अंग्रेजों से लड़ते हुए बंदूक की गोली से अपनी जान गंवा दी, तब भी उन्होंने सिर्फ देश और आने वाली पीढ़ियों की आजादी के बारे में सोचा। ये तो सिर्फ वे स्वतंत्रता सेनानी हैं, जिनके नाम आप और हम जानते हैं। इनके बारे में किताबों में लिखा जाता है। लेकिन हजारों लाखों युवा, महिलाएं, पुरुष और बुजुर्ग अपने घरों से बाहर निकले और अपनी जिंदगी की कुबार्नी दी ताकि आने वाले समय में भारत के हर नागरिक को बराबरी का अधिकार मिल सके। भारत के हर व्यक्ति को अपनी सरकार चुनने का अधिकार होना चाहिए, और भारत के संसाधनों का उपयोग भारत के बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों के लिए होना चाहिए। हमारे लिए उन लाखों लोगों ने कुर्बानियां दीं। सीएम आतिशी ने कहा कि भारत की आजादी के बाद बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के नेतृत्व में संविधान सभा में भारत का संविधान लिखा गया। उन्होंने इस सपने के साथ संविधान लिखा कि हम ऐसा देश बनाएंगे, जहाँ हर व्यक्ति को बराबरी का अधिकार होगा। हम एक ऐसा देश बनाएंगे, जहाँ कोई भेदभाव नहीं होगा, जहाँ हर व्यक्ति को लोकतंत्र में समान अधिकार मिलेंगे, और जहाँ कोई बड़ा-छोटा, अमीर-गरीब नहीं होगा। बाबा साहब अंबेडकर और उन लोगों ने यह सपना देखा, जिन्होंने हमारे देश को जनतंत्र और गणतंत्र बनाया और भारत के संविधान को देश को समर्पित किया। मुझे गर्व है कि आज दिल्ली सरकार स्वतंत्रता सेनानियों और बाबा साहब अंबेडकर के सपनों को पूरा करने के लिए दिन-रात मेहनत कर रही है। यह मेहनत हमारी जिम्मेदारी है। बाबा साहब और स्वतंत्रता सेनानियों के सपने को साकार करना हमारी जिम्मेदारी है, क्योंकि उनके साथ सैकड़ों-हजारों लोगों ने कुर्बानियाँ दी हैं, जिनके नाम हमें भी नहीं पता। उनके सपनों को पूरा करके ही हम उनकी कुर्बानियों का कर्ज चुका सकते हैं।

सीएम आतिशी ने कहा कि बाबा साहब ने महान संविधान लिखकर यह सपना देखा था कि देश का हर बच्चा बराबर होगा। चाहे वह अमीर से अमीर घर से हो या गरीब से गरीब, हर बच्चे को अच्छी शिक्षा मिलनी चाहिए। पिछले 10 सालों से दिल्ली सरकार इसी सपने को साकार करने में लगी है। एक समय था, जब दिल्ली के सरकारी स्कूलों की स्थिति बहुत खराब थी। जब एक आम और गरीब परिवार का बच्चा सरकारी स्कूल में पढ़ने जाता था, तो उसे बराबरी की शिक्षा का अधिकार नहीं मिलता था। हमारे स्कूल टूटे-फूटे टिन शेड में चलते थे। बच्चे टाट-पट्टी पर बैठकर पढ़ते थे। उनकी पढ़ाई-लिखाई अच्छी नहीं होती थी। पीने का साफ पानी नहीं था और क्लासरूम में डेस्क तक नहीं होती थी। गरीब परिवारों के बच्चों को अच्छी पढ़ाई नहीं मिलती थी। इसका नतीजा यह होता था कि एक आम और गरीब परिवार से आने वाला बच्चा गरीब ही रह जाता था। यह हमारे स्वतंत्रता सेनानियों और बाबा साहब अंबेडकर का सपना नहीं था। सीएम आतिशी ने कहा कि इन स्वतंत्रता सेनानियों के सपनों को पूरा करने के लिए हमने दिल्ली सरकार में बड़े बदलाव लाने शुरू किए। सरकारी स्कूलों की शानदार नई इमारतें बनाई गईं। बच्चों को अच्छे डेस्क और कंप्यूटर लैब दी गईं। शिक्षकों को प्रशिक्षण के लिए विदेश भेजा गया। यह मेरे लिए गर्व की बात है कि दिल्ली सरकार देश की इकलौती ऐसी सरकार है, जो अपने बजट का एक चौथाई, यानी 25 प्रतिशत हिस्सा बच्चों की शिक्षा और उनके भविष्य पर खर्च करती है। मुझे इस बात पर गर्व है कि आज दिल्ली में बाबा साहब अंबेडकर का सपना पूरा हो रहा है। आज गरीब परिवारों के बच्चों को भी अच्छी शिक्षा मिल रही है। आज सरकारी स्कूलों के बच्चे नई ऊंचाइयों को छू रहे हैं। आज गरीब परिवार के बच्चे इंजीनियरिंग और मेडिकल कॉलेज में प्रवेश ले रहे हैं।

सीएम आतिशी ने बताया कि कुछ दिनों पहले मैं सिम्पी नाम की एक लड़की से मिली थी, जो एक छोटे गरीब परिवार से आती थी। उसके पिताजी एक छोटी सी फैक्ट्री में काम करते थे। अच्छी पढ़ाई और अवसर मिलने की वजह से आज दिल्ली की वह बेटी आईआईटी गुवाहाटी में केमिकल इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर रही है। एक छोटी फैक्ट्री में काम करने वाले व्यक्ति की बेटी आने वाले कुछ सालों में उस फैक्ट्री की मैनेजर बनेगी, उस कंपनी की सीईओ बनेगी और अपने परिवार व देश का नाम रौशन करेगी। यह बाबा साहब का सपना है। जब हमारे स्कूलों से निकलने वाले बच्चे अच्छी नौकरियां और रोजगार करेंगे, तो सरकारों को गरीबी दूर करने के लिए ज्यादा मेहनत नहीं करनी पड़ेगी। अगर एक बच्चा अच्छे से पढ़-लिख जाए, तो वह अपनी एक पूरी पीढ़ी को गरीबी से बाहर निकाल सकता है। आज दिल्ली के स्कूलों में पढ़ने वाले लाखों बच्चे अच्छी शिक्षा पाकर अपने परिवार, दिल्ली और देश को आगे बढ़ा रहे हैं।

सीएम आतिशी ने कहा कि हमारे स्वतंत्रता सेनानियों और बाबा साहब का यह भी सपना था कि ऐसा कोई व्यक्ति न हो, जिसका इलाज पैसे की कमी के कारण न हो पाए। इस सपने को पूरा करने के लिए दिल्ली सरकार काम कर रही है। हम सबने कई बार खबरों में देखा है कि जब किसी आम परिवार का कोई सदस्य बीमार पड़ जाता है, तो उसका इलाज करवाने के लिए परिवार को अपने गहने और घर गिरवी रखना पड़ता है। लोगों को अपनी जमीन भी गिरवी रखनी पड़ती है। कुछ साल पहले मैं एक अस्पताल के आईसीयू के बाहर बैठी थी, मेरे परिवार के एक सदस्य का अंदर इलाज चल रहा था। वहीं एक गरीब परिवार भी बैठा था। उस परिवार की बेटी के पिता और पति का अंदर इलाज चल रहा था। डॉक्टर ने उनसे कहा कि इनका इलाज करना बहुत मुश्किल है, इसमें बहुत खर्च आएगा और हो सकता है कि इसके बाद भी आपके पिता और पति बच न पाएं। तो उस महिला ने कहा कि मैं अपना घर और जमीन बेच दूंगी, लेकिन दोनों की जान बचाऊंगी। क्या एक महिला को यह चुनाव करना पड़ेगा कि वह अपना घर बचाए या पति की जान ? ऐसी स्थिति देश के किसी व्यक्ति के सामने नहीं आनी चाहिए। यह हम सरकारों की जिम्मेदारी है कि हम स्वतंत्रता सेनानियों के इस सपने को भी पूरा करें।

सीएम आतिशी ने कहा कि मुझे गर्व है कि पिछले 10 सालों से दिल्ली के सरकारी अस्पतालों में जो इलाज हो रहा है, वह बाबा साहब अंबेडकर के सपनों को साकार कर रहा है। आज दिल्ली सरकार के अस्पतालों में सारा इलाज पूरी तरह मुफ्त है, चाहे वह इलाज 5 हजार रुपये का हो या 5 लाख रुपये का। दिल्ली में रहने वाले किसी भी व्यक्ति को अपने इलाज पर एक भी पैसा खर्च नहीं करना पड़ता, क्योंकि दिल्ली सरकार सारा खर्च उठाती है और बाबा साहब के सपनों को साकार करने की जिम्मेदारी निभाती है। आज दिल्ली के हर मोहल्ले और गली में मोहल्ला क्लीनिक खुले हुए हैं, जहां सारा इलाज, जांच और दवाइयां मुफ्त मिलती हैं। इन मोहल्ला क्लीनिकों में लोग छोटी-मोटी बीमारियों के इलाज के लिए जाते हैं, जिनके लिए वे कई बार यह सोचकर डॉक्टर के पास जाने से बचते थे कि हजारों रुपये खर्च हो जाएंगे। अब महिलाओं, बच्चों या बुजुर्गों को यह सोचने की जरूरत नहीं पड़ती, क्योंकि दिल्ली सरकार ने उनकी कालोनियों में मोहल्ला क्लीनिक बनाकर वर्ल्ड क्लास इलाज दिया है, जिसका लाभ बिना किसी खर्च के हर दिल्लीवासी को मिल रहा है।

# बॉर्डर से लेकर रेलवे ट्रैक तक हथियार बंद जवान तैनात



प्रात: किरण/ एजेंसी

नई दिल्ली। 26 जनवरी पर सुरक्षा को लेकर हाई अलर्ट दिल्ली पुलिस दूसरे पैरामीलिट्री फोर्स के साथ हाई प्रोफाइल इलाके में तो मुस्तैद है ही, लेकिन दिल्ली के दूसरे क्षेत्र में भी ना केवल अलग-अलग इलाकों में फूट पेट्रोलिंग, पिकेट चेकिंग कर रही है। बल्कि दिल्ली - हरियाणा - यूपी के बॉर्डर पर भी गाड़ियों की सघन तलाशी कर रही है। बाहरी दिल्ली के टिकरी बॉर्डर पर, द्वारका जिला के जाफरपुर कला, बाबा हरिदास नगर, छावला इलाकों में आने वाले हरियाणा बॉर्डर पर जबरदस्त तैनाती की गई है। गाड़ियों की चेकिंग के बाद आने दिया जा रहा है। पश्चिमी दिल्ली के रेलवे लाइन के किनारे और वहां बसी कॉलोनीयों में, रेलवे स्टेशनों पर भी पुलिस और पैरामीलिट्री के फोर्स फुट पेट्रोलिंग करके न केवल सुरक्षा का जायजा ले रहे हैं। बल्कि वहां पर रहने वाले, वहां से होकर गुजरने वाले लोगों के बीच पुलिस की मौजूदगी देखकर सुरक्षा की भावना को भी बढ़ा रहे हैं।

डीसीपी आउटर सचिन शर्मा ने बताया कि टिकरी बॉर्डर से लेकर पीतमपुरा तक जो बाहरी दिल्ली का जिला क्षेत्र है, उनमें काफी जगहों पर पुलिस की पेट्रोलिंग टीम लगातार तैनात है। जिससे कि संदिग्धों पर कड़ी नजर रखी जा सके। एक दर्जन से ज्यादा जगह पर जिला में अब तक मॉक ड्रिल किया जा चुका है। जिसमें महत्वपूर्ण मार्केट, मेट्रो स्टेशन की पार्किंग इत्यादि जगह भी प्रमुख रूप से शामिल है। डीसीपी वेस्ट विचित्र वीर ने बताया कि रफ्तार बाइक की ग्रुप पेट्रोलिंग टीम 24 घंटे लगातार जिला के तीन महत्वपूर्ण सड़कों नजफगढ़ रोड, रोहतक रोड, पंखा रोड के साथ महत्वपूर्ण प्वाइंट पर पेट्रोलिंग कर रही है। महत्वपूर्ण बाजारों राजौरी गार्डन, तिलक नगर, मोतीनगर, नारायणा में पुलिस की तैनाती अलग से सुनिश्चित की गई है। साथ ही रेलवे स्टेशनों, रेलवे ट्रैक के किनारे भी पुलिस की लगातार पेट्रोलिंग की जा रही है। द्वारका जिला डीसीपी अंकित सिंह कने बताया कि जिला पुलिस की टीम हरियाणा से सटे दिल्ली के छोटे बड़े 20 से ज्यादा बॉर्डर पर तैनात है। बड़े-बड़े बॉर्डर पर पिकेट पहले से ही लगाए जा चुके हैं। दिल्ली आने वाली गाड़ियों की सघन तलाशी के बाद ही आने दिया जा रहा है। द्वारका जिला के छावला, बाबा हरिदास नगर और जाफरपुर कला के तीन थाना क्षेत्र ऐसे हैं, जिनका एरिया हरियाणा बॉर्डर से लगता है। इन एरिया में स्थानीय पुलिस के साथ पैरामिलिट्री फोर्स के जवानों की भी तैनाती भी की गई है।

# अधूरे वादे गिना अमित शाह ने केजरीवाल से दागा सवाल, कब लगेगी आपकी विश्वप्रसिद्ध डुबकी ?

प्रात: किरण/ एजेंसी

नई दिल्ली। गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा के घोषणा-पत्र का तीसरा भाग जारी किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि भाजपा के संकल्प पत्र में खोखले वादे नहीं हैं, इसमें दिल्ली में किए जाने वाले कार्यों की सूची है। नरेन्द्र मोदी जी ने 2014 से देश में पॉलिटिक्स ऑफ परफॉमेंस स्थापित किया है। भाजपा ने जितने भी चुनाव आए, उनमें जो वादे किए थे उन्हें पूरा करने का गंभीरता से प्रयास किया है। इसके साथ ही शाह ने अरविंद केजरीवाल और दिल्ली सरकार पर जोरदार हमला बोला। उन्होंने कहा कि दिल्ली में केजरीवाल एक ऐसी सरकार चला रहे हैं जो वादे करती है लेकिन उनको पूरा नहीं करती। केजरीवाल चुनावों में फिर से झूठ के पुलिंदे लेकर जनता के सामने मौजूद हो जाते हैं। अमित शाह ने कहा कि मैंने अपने राजनीतिक जीवन में इतनी सफाई से झूठ बोलने वाला शख्स नहीं देखा है। अरविंद केजरीवाल ने कहा था कि मैं और मेरी सरकार का कोई मंत्री सरकारी बंगला नहीं लेगा लेकिन उन्होंने बंगला लिया। यहां तक तो ठीक था, लेकिन 51 करोड़ से ज्यादा खर्च करके 4 बंगलों को एकसाथ मिलाकर इन्होंने एक शीश महल ही बना दिया। केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने कहा- केजरीवाल ने कहा था कि मैं 7 वर्षों में यमुना को स्वच्छ कर दूंगा। उन्होंने वादा किया था कि मैं दिल्लीवालों के सामने यमुना में डुबकी लगाऊंगा।

**विरोध** — आज मैं दिल्ली की जनता के लिए स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि नरेंद्र मोदी जी ने स्वयं कहा है कि और यह पत्थर पर की लकीर है कि दिल्ली में गरीब कल्याण की एक भी योजना को बंद नहीं किया जाएगा।

# दिल्ली की गरीब कल्याण की एक भी योजना बंद नहीं होगी, पत्थर की लकीर है: अमित शाह

प्रात: किरण/ एजेंसी

नई दिल्ली। बीजेपी के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर बीजेपी के संकल्प पत्र के तीसरे हिस्से को जारी किया। इस दौरान उन्होंने दावा किया कि दिल्ली में चल रही किसी भी गरीब कल्याण योजना को बंद नहीं किया जाएगा। अमित शाह ने कहा कि भाजपा की संस्कृति है कि जो कहते हैं, वह करते हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली के चुनाव को प्रभावित करने के लिए एक गंभीर झूठ फैलाया जा रहा है। मैं दिल्ली में ही निवास करता हूं। मेरे बंगले में काम करने वाले एक कर्मचारी ने मुझसे कहा कि साहब मुझे आपसे पांच मिनट मिलना है। मैंने उसे बुलाया और पूछा कि क्या काम था। उसने कहा कि मेरे मोबाइल पर फोन पर फोन आ रहे हैं कि भाजपा दिल्ली में आएगी तो ये सारी योजनाएं बंद कर देगी। शाह ने कहा कि उन्होंने सार्वजिनक जीवन में कभी भी इतना झूठा स्तर का प्रचार नहीं देखा है। आज मैं दिल्ली की जनता के लिए स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि नरेंद्र मोदी जी ने स्वयं कहा है कि और यह पत्थर पर की लकीर है कि दिल्ली में गरीब कल्याण की एक भी योजना को बंद नहीं किया जाएगा। इसके अलावा भी हमने जो कहा है, वह भी पूरा किया जाएगा। अमित शाह ने कहा कि वह (अरविंद केजरीवाल) जब अन्ना की नहीं सुने तो मेरी भी नहीं सुनेंगे। फिर भी मैं अपील करना चाहता हूं कि इस तरह की झूठ की राजनीति आपको शोभा नहीं देती, इसको बंद करना चाहिए। बार-बार फोन पर, व्हाट्सअप पर और एडवरटाइजिंग के माध्य से इस तरह की झूठ को फैलाकर आप सार्वजिनक जीवन का ह्रास कर रहे हैं।




### अमित शाह ने गिनाए दिल्ली के लिए किए मोदी सरकार के काम, बोले- अगर केंद्र सरकार ना होती तो...

नई दिल्ली, 25 जनवरी (वेब वार्ता)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आगामी दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए शनिवार को भारतीय जनता पार्टी के घोषणा पत्र का तीसरा भाग भी जारी कर दिया। पार्टी ने इसे ह्यविकसित दिल्ली संकल्प पत्र 2025ह्ण नाम दिया है। इस दौरान गृहमंत्री ने आम आदमी पार्टी की सरकार पर झूठे वादे करके दिल्ली की जनता को ठगने का आरोप लगाया। साथ ही केंद्र की मोदी सरकार द्वारा दिल्ली के लिए किए गए कामों को भी गिनाया। शाह ने कहा कि अगर दिल्ली में नरेंद्र मोदीजी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार काम ना करती तो आज हम इस कगार पर पहुंच गए होते कि दिल्ली रहने लायक भी ना रहती। दिल्ली में केंद्र सरकार की तरफ से किए गए कामों की जानकारी देते हुए शाह ने बताया दिल्ली के इंफ्रास्ट्रक्चर की जिम्मेदारी हमारे पास थी, जिसके चलते हमने यहां अलग-अलग सड़कें बनाने पर 41,000 करोड़ रुपए, रेलवे के कामों पर 15,000 करोड़ रुपए और हवाई अड्डे के लिए 21,000 करोड़ रुपए खर्च किए। उन्होंने बताया कि दिल्ली में केंद्र सरकार की गरीब कल्याण अन्न योजना के 73 लाख लाभार्थी हैं। पीएम स्वनिधि योजना के अंतर्गत ढाई लाख रेहड़ी-पटरी वाले लोगों को लोन देने का काम किया गया। साथ ही राज्य सरकार की सहायता के बिना आवाज योजना का जितना फायदा लोगों तक पहुंचाया जा सकता था वो पहुंचाया गया। गृहमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार की पीएम उज्ज्वला योजना के तहत 2 लाख 60 हजार परिवारों को गैस का कनेक्शन दिया गया। प्रधानमंत्री जनऔषधि परियोजना के तहत लगभग 488 दुकानों पर से लोगों को सस्ती दवाइयां उपलब्ध कराईं। श्रमयोगी मानव धन में लगभग 11 हजार सब्सक्राइबर बने। डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर स्कीम से लगभग 1500 करोड़ रुपए सीधे ट्रांसफर किए। इसके अलावा उन्होंने बताया कि जनधन योजना के तहत 65 लाख खाते खोले गए, दिल्ली में रहने वाले सभी 17,450 किसानों तक किसान सम्मान निधि का फायदा पहुंचाया गया। मुद्रा योजना के 35 लाख लाभार्थी बने। सुकन्या समृद्धि योजना के करीब 8 लाख खाते खुले, साथ ही उजाला योजना के अंतर्गत 1 करोड़ 30 लाख बल्ब बांटे गए। इस मौके पर गृहमंत्री ने कहा कि काम करना और वादे करना, भाजपा और अअढ पार्टी की अलग-अलग संस्कृति है। भाजपा की संस्कृति है, जो कहते हैं, वो करते हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### भाजपा का एक और जुमला पत्र जारी, 2.5 करोड़ लोगों में सिर्फ 50 हजार को नौकरी का वादाह्न, सिसोदिया ने उठाए सवाल

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का संकल्प पत्र पार्ट-3 जारी होने के बाद आप आदमी पार्टी (आप) के वरिष्ठ नेता व पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया ने प्रेस वार्ता की है। उन्होंने प्रेस वार्ता में बीजेपी के संकल्प पत्र पार्ट-3 को लेकर सवाल उठाए हैं। मनीष सिसोदिया ने कहा कि आज गृह मंत्री अमित शाह ने बीजेपी का एक और जुमला पत्र जारी किया। अमित शाह ने कहा कि वो 50, 000 नौकरी देंगे, जबकि दिल्ली में 2.5 करोड़ लोग हैं। उन्होंने कहा कि जिन अरविंद केजरीवाल को भाजपा वाले दिन-रात गाली देते हैं, उन्होंने ही कोरोना से उभरने के लिए 12 लाख नौकरी पैदा की थीं। बता दें कि भाजपा ने आज यानी शनिवार को अपने संकल्प पत्र का पार्ट-3 जारी किया है। नीचे देखिए आज भाजपा ने किन-किन वादों का एलान किया है।

### शराब घोटाला मामले में केजरीवाल और सिसोदिया को मिली बड़ी राहत, राउज एवेन्यू कोर्ट ने दे दी खास छूट

नई दिल्ली। राउज एवेन्यू स्थित विशेष न्यायाधीश की अदालत ने पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और आप नेता मनीष सिसोदिया व दुर्गेश पाठक को आबकारी मामले से जुड़े मनी लांड्रिंग मामले में बड़ी छूट दी है। अदालत ने अपने आदेश में आम आदमी पार्टी के तीनों नेताओं को केस की सुनवाई के दौरान व्यक्तिगत रूप से पेश होने से छूट दे दी, क्योंकि वे आगामी विधानसभा चुनावों के लिए प्रचार कर रहे थे। विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने तीनों को एक दिन की छूट दी। मामले की अगली सुनवाई तीन फरवरी 2025 को होगी। मनी लांड्रिंग का ये मामला उपराज्यपाल वीके सक्सेना द्वारा आबकारी नीति के कार्यान्वयन में अनियमितताओं की जांच की सिफारिश करने के बाद दर्ज किए गए सीबीआइ मामले से सामने आया था। सीबीआइ और ईडी के अनुसार, आबकारी नीति में संशोधन करते समय अनियमितताएं की गई और लाइसेंस धारकों को अनुचित लाभ पहुंचाया गया।

### भाजपा प्रत्याशी डॉ अनिल गोयल ने किया जनसंपर्क

नई दिल्ली। कृष्णा नगर विधान सभा से भाजपा प्रत्याशी डॉ अनिल गोयल ने जगतपुरी, अनारकली और सोम बाजार में घर-घर जाकर लोगों से जनसंपर्क किया। लोगों ने अपनी क्षेत्रीय समस्याओं को लेकर खुलकर चर्चा की। सीवर, पानी और सडक जैसी मूलभूत सुविधाओं को लेकर लोगों ने शिकायत की। इस मौके पर डॉ अनिल गोयल ने इन मूलभूत सुविधाओं को चुनाव जीतने के बाद जल्द से जल्द पूरे करने का वादा किया और सभी को आश्वत किया कि बीजेपी मोदी जी की गारंटी है। जो वादे किए हैं वह पूरे किए जाएंगे साथ ही आने वाली 5 फरवरी को कमल पर बटन दबाकर दिल्ली में कमल खिलाने की अपील की।

### राजनीतिक दल फर्जी विमर्शों और विभाजनकारी चुनाव अभियान से बचें: मुख्य निर्वाचन आयुक्त

नईदिल्ली। मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) राजीव कुमार ने राजनीतिक दलों से विभाजनकारी चुनाव अभियान से बचने का अनुरोध करते हुए कहा कि इससे चुनावी प्रक्रिया के प्रति युवाओं का मोहभंग हो सकता है। कुमार ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल और राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में यहां 15वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि फर्जी विमर्शों से भी बचना चाहिए। साथ ही, उन्होंने राजनीतिक दलों को आश्वासन दिया कि निर्वाचन आयोग (ईसी) चुनावी प्रक्रिया पर उनके द्वारा उठाई गई चिंताओं और प्रणाली में सुधार के लिए दिए गए सुझावों का लिखित रूप में जवाब देगा। कुमार ने दुनिया भर में गलत सूचना और फर्जी विमर्शों की खतरनाक प्रवृत्ति को भी चिह्नित किया और कहा कि ये लोकतंत्र के लिए सबसे बड़ा खतरा हैं।

### शराब पीकर हंगामें का विरोध करने पर मारी गोली, दो गिरफ्तार

नईदिल्ली। करावल नगर इलाके में गुरुवार देर रात शराब पीकर हंगामा कर रहे बदमाशों का विरोध करना एक शख्स को भारी पड़ गया। आरोपियों ने पीड़ित के विरोध करने पर उनके साथ गाली-गलौज व मारपीट की और फिर उन पर गोली चलाकर आरोपी मौके से फरार हो गए। स्थानीय लोगों ने पीड़ित को अस्पताल पहुंचाया जहां उनका उपचार किया जा रहा है। उत्तर पूर्वी जिला पुलिस उपायुक्त आशीष मिश्रा ने बताया कि पुलिस ने हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर जांच करते हुए शुक्रवार देर शाम दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गये आरोपियों के कब्जे से पुलिस को वारदात में इस्तेमाल तमंचा व कारतूस की खोल बरामद हुई है।

# गणतंत्र दिवस पर राजधानी दिल्ली की सुरक्षा के लिए दिल्ली पुलिस ने किए बेहद कड़े बंदोबस्त

प्रात: किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। गणतंत्र दिवस पर राजधानी दिल्ली की सुरक्षा के लिए दिल्ली पुलिस, पैरा मिलिट्री, एनएसजी, एसपीजी व सेना के अलावा सुरक्षा एजेंसियों ने बेहद कड़े बंदोबस्त किए हैं। पाकिस्तानी आतंकी संगठन द्वारा दिल्ली को दहलाने की योजना के मद्देनजर सुरक्षा के इतने कड़े बंदोबस्त किए गए हैं जिससे परिंदा भी पर नहीं मार सकेगा। न केवल जमीन बल्कि आसमान तक सभी सुरक्षा एजेंसियों का कड़ा पहरा रहेगा। रात दस बजे दिल्ली की सभी सीमाएं सील कर दी जाएंगी। सीमाओं पर भारी संख्या में दिल्ली पुलिस व पैरा मिलिट्री की तैनाती कर दी गई है। दिल्ली आने वाले हर वाहन व वाहन में सवार लोगों को बेहद कड़ी सुरक्षा जांच के बाद ही प्रवेश करने दिया जा रहा है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार दिल्ली पुलिस व पैरा मिलिट्री आधी रात दिल्ली को अपने हवाले ले लेगी। पूरी दिल्ली में चप्पे-चप्पे पर पुलिस व पैरा मिलिट्री की तैनाती की गई है। पुलिस आयुक्त



संजय अरोड़ा ने सभी आला अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने-अपने इलाके में लगातार गश्त करते रहें। नई दिल्ली को खासतौर पर अभेद्य किला में तब्दील कर दिया गया है। मुख्य आयोजन स्थल राजपथ सहित राष्ट्रपति भवन, इंडिया गेट के अलावा लाल किला इलाके में अलग-अलग सुरक्षा घेरा बनाया गया है। वहीं, अत्याधुनिक जिप्सियों में तैनात कमांडो विभिन्न इलाकों में गश्त शुरू कर दी है। जिले की पुलिस के अलावा पीसीआर व स्वान दस्ता किसी भी परिस्थिति से लोहा लेने के लिए मुस्तैद है। बीट के कर्मी व थाने के अधिकारी अपने अपने इलाके में गश्त कर हर व्यक्ति पर नजर रख रहे हैं। परेड रूटों के दोनों तरफ की सभी बिल्डिंग पर पुलिस कर्मी तैनात रहेंगे। राजपथ से लेकर लालकिला इलाके को अलग-अलग जोन में बांटकर सुरक्षा प्रबंध किए गए हैं। वहीं पूरे इलाके पर सीसीटीवी कैमरे की मदद से नजर रखी जा रही है। संदिग्धों को दबोचने के लिए सड़कों पर वाहनों की गहन जांच की जा रही है। पूरी दिल्ली में 50 हजार पुलिसकर्मी और सुरक्षा बलों को तैनात किया गया है। सभी संवेदनशील स्थलों के अलावा प्रमुख बाजारों, रेलवे व मेट्रो स्टेशनों तथा धार्मिक स्थलों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। परेड गुजरने वाले मुख्य मार्गों पर शार्प शूटर तैनात किए गए हैं। राजधानी को 28 सेक्टरों में बांटकर सुरक्षा का जिम्मा वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को सौंपा गया है। परेड जाने वाले मार्ग में विजय चौक से लाल किले तक 600 से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। 26 जनवरी को जहां एतिहासिक राजपथ पर मुख्य आयोजन होगा वहीं परेड विजय चौक से शुरू होकर लाल किले तक जाएगी।

# कच्ची कॉलोनियों में मालिकाना हक, 50 हजार सरकारी नौकरियां और साफ यमुना; दिल्ली में भाजपा के बड़े-बड़े वादे

प्रात: किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी ने दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए संकल्प पत्र का तीसरा हिस्सा जारी कर दिया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने संकल्प पत्र के तीसरे पार्ट को जारी करते हुए कई बड़े वादे किए हैं जिनमें कच्ची कॉलोनियों को मालिकाना हक, 50 हजार सरकारी नौकरियां और तीन साल के अंदर युमान साफ किया जाना शामिल है। अमित शाह ने 6 महीनों के अंदर सील की गई 13 हजार दुकानों को दोबारा खोलने का वादा भी किया है। इसके अलावा पाकिस्तान से आए शरणार्थियों को मालिकाना हक और रेहड़ी पटरी वालों को आर्थिक मदद देने का वादा भी किया गया है। अमित शाह ने कहा, पीएम मोदी ने 1700 से ज्यादा अनधिकृत कॉलोनियों को मालिकाना हक देने का वादा किया था। लेकिन इनमें किसी को तोड़ने और खरीदने या बेचने का अधिकार नहीं था। लेकिन अब इन्हें संपूर्ण मालिकाना हक दिया जाएगा जिससे वह घर को पूरा तोड़कर नया बना सकते हैं और बेच सकते हैं। इसके अलावा साबरमति रिवर फ्रंट की तर्ज पर यमुना रिवर फ्रंट का विकास कर




अगले 3 साल में युमना को प्रदूषण मुक्त किया जाएगा। अमित शाह ने आगे कहा, एलएनडीओ के स्वामित्व वाले मार्केट को भी फ्रीहोल्ड किया जाएगा। सभी गिग वर्कर्स के लिए वेलफेयर बोर्ड बनाया जाएगा जो सभी वर्कर्स के लिए 5 लाख तक का दुर्घटना बीमा और 10 लाख तक का जीवन बीमा दिया सुनिश्चित करेगा। गिग वर्कर्स के उच्च शिक्षा प्राप्त करने वाले बच्चों को स्कॉलशिप और वाहन बीमा दिया जाएगा। टेक्सटाइल वर्कर्स के लिए भी ऐसा ही होगा। अमित शाह ने कहा, दिल्ली के युवाओं के लिए 50 हजार सरकारी नौकरियां और 20 लाख स्वरोजगार पैदाकर के देंगे। 13 हजार बसों को ई-बस में बदलकर 100 फीसदी ई बस सिटी बनाई जाएगी। अमित शाह ने कहा कि हम चुनावों को काफी गंभीरता से लेते है। उन्होंने केजरीवाल पर निशाना साधते हुए कहा, इस तरह से सफाई से झूठ बोलने वाला शख्स मैंने अपनी जीवन में नहीं देखा। वह वादा करते हैं, उन्हें पूरा नहीं करते और फिर मासूम चेहरा बनाकर झूठ बोलते हैं। उन्होंने शीशमहल को लेकर भी केजरीवाल पर निशाना साधा और उनके सारे अधूरे वादे गिनाए। बीजेपी ने पिछले हफ्ते शुक्रवार को दिल्ली के लिए जारी अपने पहले चुनावी घोषणापत्र में महिलाओं को 2,500 रुपये मासिक सहायता, प्रत्येक गर्भवती महिला को 21,000 रुपये की सहायता, 500 रुपये में एलपीजी (घरेलू गैस) सिलेंडर और वरिष्ठ नागरिकों को 2,500 रुपये पेंशन देने का वादा किया था। इसके बाद पूर्व केंद्रीय मंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता अनुराग ठाकुर ने मंगलवार को जारी पार्टी के दूसरे घोषणापत्र में कई महत्वाकांक्षी योजनाओं की घोषणा की जिनमें सरकारी संस्थानों में ह्यकिंडरगार्टनह्न से लेकर पीजी स्तर तक जरूरतमंद छात्रों के लिए मुफ्त शिक्षा शामिल है। घोषणापत्र में संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) और राज्य सिविल सेवा (पीसीएस) जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों को वित्तीय मदद देने का भी वादा किया गया जिसके तहत दो प्रयासों तक 15,000 रुपये की मदद दी जाएगी।

## आप ने पोस्टर वॉर के बीच राहुल गांधी को भी बताया बेईमान

प्रात: किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। दिल्ली में होने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारियों के बीच आम आदमी पार्टी (आप) और भाजपा में इन दिनों पोस्टर वॉर चल रही है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी भी आप प्रमुख अरविंद केजरीवाल पर निशाना साध रहे हैं। इस बीच आप ने शनिवार को एक पोस्टर के जरिए विपक्षी नेताओं को बेईमान बताया है। बड़ी बात यह है कि बेईमानों की सूची में राहुल को भी प्रमुखता से दिखाया गया है। अब इस पोस्टर की जमकर चर्चा हो रही है।

आप ने इस पोस्टर पर भड़काऊ टैगलाइन दी है। पोस्टर में लिखा है, केजरीवाल की ईमानदारी सभी बेईमान लोगों पर भारी पड़ेगी। पोस्टर में बेईमान नेताओं की तस्वीरों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, राहुल गांधी, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और दिल्ली भाजपा के कई नेताओं की तस्वीरें शामिल हैं। इस पोस्टर में राहुल को शामिल करने से संकेत मिलता है कि आप ने अब पूरी तरह से कांग्रेस से दूरी बना ली है। आप ने कांग्रेस पर यह हमला उस समय किया है जब राहुल ने केजरीवाल पर निशाना साधा था। राहुल ने गुरुवार को एक रैली में कहा था, दिल्ली को अब पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित का वास्तविक विकास मॉडल चाहिए, न कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और आप संयोजक अरविंद केजरीवाल का झूठा प्रचार और पीआर मॉडल। उनका आरोप था कि केजरीवाल भी चुनाव में प्रधानमंत्री मोदी की प्रचार और झूठे वादों की रणनीति का पालन कर रहे हैं। दिल्ली भाजपा ने भी नया पोस्टर जारी कर आप को गुंडो और अपराधियों वाला गिरोह करार दिया है। पार्टी के पोस्टर में लिखा है, 5 फरवरी को दिल्ली की जनता गुंडों और अपराधियों से भरे आपदा गिरोह को सबक सिखाएगी।

## केजरीवाल ने महिला सम्मान योजना के तहत महिलाओं को धोखा दिया: भाजपा

प्रात: किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। दिल्ली भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में आम आदमी पार्टी सरकार और अरविंद केजरीवाल पर महिलाओं को धोखा देने का आरोप लगाया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए दावा किया, दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और उनकी पार्टी द्वारा महिलाओं के साथ एक बहुत बड़ा धोखा किया गया है। महिलाओं को एक-एक हजार देने के नाम पर लाइन में लगवाकर फॉर्म भरवाए गए। लेकिन फिर उन फॉर्म को कबाड़ी को बेच दिया गया। इस मामले की जांच होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हम यह मामला दिल्ली पुलिस को भी सौंपेंगे और इसकी जांच करवाएंगे कि इन डॉक्यूमेंट का कोई दुरुपयोग तो नहीं किया जा रहा है। यह मामला बहुत संगीन है और इसकी उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए। पहले पंजाब की महिलाओं के साथ धोखा हुआ, अब दिल्ली की महिलाओं के साथ धोखा हुआ है। न अभी तक किसी महिला को पैसे दिए गए और न ही आगे कोई पैसा मिलेगा। वीरेंद्र सचदेवा ने कहा, एक ही विधानसभा तिमारपुर से करीब 30 हजार महिलाओं के फॉर्म हमें कबाड़ से मिले हैं। इसमें पैन कार्ड, आधार कार्ड और बैंक की जानकारी है। केजरीवाल इस तरह से महिलाओं को धोखा दे रहे हैं। उन्होंने आगे कहा, फॉर्म भरने वाली महिलाओं का कसूर क्या है? उन्होंने तो उन (दिल्ली सरकार) पर 2,100 रुपए देने का विश्वास किया। पंजाब में तो उन्होंने महिलाओं को 1,000 रुपए नहीं दिए, लेकिन अब दिल्ली में भी उनको झूठ बोलना है। अगर महिलाओं का डाटा कबाड़ी की दुकान पर पड़ा है, तो सभी 70 विधानसभा सीटों की महिलाओं का डाटा भी कबाड़ी की दुकान पर होगा। उन्होंने खुद 22 महिलाओं के रजिस्ट्रेशन का दावा किया, उन्होंने दिल्ली की उन महिलाओं के साथ धोखा किया है।

# यमुना घाट पहुंच प्रवेश वर्मा ने साधा केजरीवाल पर निशाना




प्रात: किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। नई दिल्ली विधानसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार प्रवेश वर्मा शनिवार को यमुना घाट पहुंचे और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल पर यमुना की सफाई के मुद्दे पर निशाना साधा। वर्मा ने कटाक्ष करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री का कटआउट यमुना में डुबाया। कटआउट में केजरीवाल को अपने कान पकड़े हुए दिखाया गया था। इस कटआउट में लिखा है कि ह्यमुझे वोट मत देना। प्रवेश वर्मा ने पत्रकारों से कहा कि यमुना की सफाई कोई रॉकेट साइंस नहीं है। मशीनों से गाद को निकाला जा सकता है। सीवरेज के लिए ट्रीटमेंट प्लांट तैयार किये जा सकते हैं और जल शोधन संयंत्र बनाए जा सकते हैं।प्र

धानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी साबरमती रिवर फ्रंट तैयार करने के लिए इसी तरह से काम किया है। ऐसे ही यमुना के लिए भी रिवर फ्रंट तैयार किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के लिए 11 साल एक लंबा




समय था। बार-बार यमुना की सफाई का दावा करने के बाद भी वह इसे साफ कराने में नाकाम रहे हैं। ऐसे में दिल्ली के लोगों का उन्हें वोट नहीं करना चाहिए। वर्मा ने दिल्ली की जनता से अपील की कि वह एक अच्छी सरकार के तौर पर भारतीय जनता पार्टी को मौका दें ताकि दिल्ली और केंद्र सरकार मिलकर काम कर सके। यमुना की सफाई की जा सके।

## नेता प्रतिपक्ष ने की रोहिणी के सेक्टर-9 में पदयात्रा

नई दिल्ली। रोहिणी विधानसभा से भाजपा के उम्मीदवार और दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष विजेंद्र गुप्ता ने आज पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ पदयात्रा का आगाज रोहिणी, सेक्टर-9 के मैत्री अपार्टमेंट से किया। यह पदयात्रा लोकनायक अपार्टमेंट से होते हुए चिनार अपार्टमेंट पर सम्पन्न हुई। इस अवसर पर नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि मैं रोहिणी के विकास के लिए निरंतर काम करता रहूंगा। उन्होंने रोहिणी के निवासियों से कहा कि वे रोहिणी के चहुंमुखी विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस मौके पर गुप्ता ने एक बार फिर से आम आदमी पार्टी के मुखिया और पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर हमला बोलते हुए उन्हें कट्टर बेईमान बताया और कहा कि केजरीवाल ने जनता के पैसों को अपने आलीशान शीशमहल पर खर्च कर दिया और अपने भ्रष्टाचार को छुपा रहे हैं। जनता के प्रति अपनी जवाबदेही से बचने के लिए कैग की 14 रिपोर्ट्स को दबाकर रख दिया और अपनी सारी ऊर्जा इन रिपोर्ट्स को विधानसभा के सदन पटल पर ना रखने के प्रयासों पर खर्च कर दी। क्योंकि वो जानते हैं कि अगर ये रिपोर्ट्स सदन में आ गईं तो उनके भ्रष्टाचार और कारगुजारियों का काला चिट्ठा जनता के सामने खुल जायेगा और उन्हें दिल्ली की सत्ता छोड़नी पड़ जाएगी।

# कांग्रेस पूर्वांचल कमेटी के चेयरमैन शिवजी सिंह भाजपा में शामिल

प्रात: किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। दिल्ली में होने वाले दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 के मतदान से पहले पाला बदलने का खेल जारी है। अब दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा और सांसद मनोज तिवारी की उपस्थिति में दिल्ली प्रदेश कांग्रेस की पूर्वांचल कमेटी के चेयरमैन शिवजी सिंह ने अपने समर्थकों के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इस तरह यह दिल्ली में कांग्रेस को बड़ा झटका है। वीरेंद्र सचदेवा ने शिवजी सिंह को पटका पहनकर पार्टी में शामिल किया। मनोज तिवारी ने शिवजी सिंह के इस फैसले का स्वागत किया। इस दौरान सचदेवा ने कहा कि पिछले 15 सालों से विश्व भोजपुरी सम्मेलन में भोजपुरी के बड़े कलाकारों को बांधने और उनको



एक साथ इकट्ठा करने वालों में शिवजी सिंह का बहुत योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि अब वह दिल्ली में रहने वाले पूर्वांचलवासियों को एक साथ जोड़ने का काम करेंगे और इनके आने से भाजपा को पूर्वांचलवासियों तक तेजी से पहुंचने में काफी सहयोग मिलेगा। दिल्ली लाने वालों में शिवजी सिंह भी शामिल: मनोज तिवारी ने कहा कि शिवजी सिंह दिल्ली में पिछले 24 सालों से पूर्वांचलवासियों को संवारने और उनके हकों के लिए हमेशा लड़ते रहे हैं। मुझे खुद दिल्ली लाने वालों में एक शिवजी सिंह भी शामिल हैं। इन्होंने सामाजिक और सांस्कृतिक क्षेत्र में मेरी काफी मदद की है और आज 2025 में भाजपा में मेरे साथ शामिल हुए हैं। इससे अधिक मेरे लिए खुशी की बात नहीं हो सकती। हमारा कोई अस्तित्व नहीं: शिवजी सिंह ने कहा कि पिछले 35 सालों से मैं कांग्रेस में अपनी लड़ाई लड़ रहा हूं क्योंकि कांग्रेस में पूर्वांचलवासियो की लड़ाई लड़नी पड़ती है, लेकिन अब ऐसा लगने लगा है कि हमारा कोई अस्तित्व नहीं है। इसलिए मैंने भाजपा में शामिल होने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि मैंने हमेशा पूर्वांचलियों के लिए लड़ाई लड़ी है और भाजपा में पूर्वांचलवासियों को जो इज्जत मिलती है वह किसी और पार्टी में नहीं मिलती। दिल्ली में कब होगी वोटिंग व काउंटिंग: दिल्ली में कुल 70 विधानसभा क्षेत्र हैं। निर्वाचन आयोग ने घोषणा की है कि 5 फरवरी को विधानसभा चुनाव 2025 की वोटिंग होगी, और 8 फरवरी को काउंटिंग। चुनाव की घोषणा से पहले ही दिल्ली में सियासी सरगर्मी तेज हैं।

**कार्यक्रम** कार्यक्रम की मुख्य अतिथि दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्रीय ध्वज फहराकर कर दिल्ली समेत पूरे देश को बधाई दी।

# दिल्ली सरकार स्वतंत्रता सेनानियों के सपनों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध : सीएम आतिशी

प्रात: किरण/एजेंसी

नईदिल्ली। दिल्ली के छत्रसाल स्टेडियम में शनिवार को दिल्ली सरकार ने गणतंत्र दिवस मनाया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्रीय ध्वज फहराकर कर दिल्ली समेत पूरे देश को बधाई दी।

इस मौके पर उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी (आआपा) की सरकार ने बिजली, पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य समेत अन्य सेवाएं मुफ्त देकर दिल्ली की जनता को बड़ी राहत पहुंचाई है। दिल्ली सरकार अपने बजट का 25 फीसद हिस्सा बच्चों को अच्छी शिक्षा देने पर खर्च करती है। पूरे देश में सिर्फ में 24 घंटे बिजली मिलती है। उन्होंने कहा कि पिछले साल भीषण गर्मी के दिनों में भी पावर कट नहीं लगे। आज दिल्ली में रोजाना 11 लाख महिलाएं मुफ्त यात्रा का लाभ उठा रही हैं, इससे उनकी अर्थव्यवस्था में भागीदारी बढ़ी है। पिछले 10 सालों में हमने 38 फ्लाईओवर बनाने के साथ सड़कों, मेट्रो और बस सेवाओं का भी तेजी से विकास किया है। आतिशी ने कहा कि दिल्ली में हर महिला को सशक्त बनाने, सबको अच्छी शिक्षा-स्वास्थ्य सुविधाएं और रोजगार देने का प्रण लेते हैं।

आतिशी ने कहा कि आज स्वतंत्रता सेनानियों को याद करने का दिन है, जिन्होंने देश की आजादी के लिए अपनी जान दी। बाबा साहब डॉ. अंबेडकर ने भारत की आजादी के बाद हमारे देश को संविधान दिया। आज उन महान लोगों को याद करने का दिन है, जिन्होंने एक आजाद भारत का सपना देखा और उस सपने के लिए अपनी



जान कुर्बान कर दी। जब भारत पर अंग्रेजों का राज था, तब भारत बहुत अलग हुआ करता था। भारत के लोगों के पास अधिकार नहीं थे। भारत के लोगों के पास अपने प्रतिनिधि चुनने का अधिकार नहीं था और हमारे पास अपनी बात रखने का भी अधिकार नहीं था। उन्होंने आगे कहा कि हजारों सालों से कहा जाता था कि भारत सोने की चिड़िया है। भारत जैसी मिट्टी, पानी, जंगल और पहाड़ वाला देश पूरी दुनिया में कहीं और नहीं था। लेकिन जब अंग्रेजों का राज था, तो इन संसाधनों का उपयोग भारत के लोगों के लिए नहीं किया जाता था।

आतिशी ने कहा कि पिछले 10 सालों में पंजाबी बाग, आनंद विहार, वजीराबाद समेत 38 फ्लाईओवर बनाए गए हैं, जिससे दिल्ली की अर्थव्यवस्था की गति बढ़ी। दिल्ली में मेट्रो का भी तेजी से विकास हुआ है। 450 किलोमीटर की मेट्रो लाइन ने दिल्ली के हर कोने को आपस में जोड़ दिया है। अब दिल्ली के किसी भी कोने में रहने वाला व्यक्ति आसानी से दूसरे कोने तक काम या पढ़ाई करने के लिए जा सकता है। मुख्यमंत्री आतिशी ने अंत में कहा कि दिल्ली के विकास की कहानी अभी खत्म नहीं हुई है। हमें सभी दिल्लीवासियों से यह प्रण लेना है कि हम दिल्ली को और अधिक ऊंचाइयों तक ले जाएंगे। हम दिल्ली की हर महिला को सशक्त करेंगे, ताकि उन्हें किसी पुरुष के सामने पैसे मांगने के लिए हाथ न फैलाना पड़े। दिल्ली के बच्चों को बेहतर शिक्षा और हर युवा को रोजगार मिलेगा।

दिल्ली के हर बुजुर्ग को अच्छा स्वास्थ्य सेवा मिलेगा। और आज जब देश 76वां गणतंत्र दिवस मना रहा है, तो हमें एकजुट होकर बाबा साहब के संविधान को और स्वतंत्रता सेनानियों के सपनों को आगे बढ़ाना है। मुझे पूरा विश्वास है कि जिस तरह पिछले दस साल में दिल्ली ने अभूतपूर्व विकास देखा है, वैसे ही आने वाले वर्षों में दिल्लीवासी एकजुट होकर दिल्ली को और भी आगे ले जाएंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### डीएम ने जनपद वासियों को दी गणतंत्र दिवस की बधाई

बदायूँः। जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव ने जनपद वासियों को 76वें गणतंत्र दिवस की बधाई देते हुए कहा कि 26 जनवरी 1950 को हमारे संविधान को अपनाने का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि भारत का संविधान विश्व का सबसे बड़ा संविधान है। उन्होंने कहा कि संविधान हमें मौलिक अधिकारों के साथ-साथ मौलिक कर्तव्यों का भी बोध कराता है। उन्होंने सभी जनपद वासियों से पूरी ईमानदारी व निष्ठा से देश हित में कार्य करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि 26 जनवरी 2025 को 76वां गणतंत्र दिवस और संविधान लागू होने के 75 साल पूरे होने का दिन है। भारतीय इतिहास के सबसे महत्वपूर्ण दिनों में से एक 26 जनवरी 1950 को भारतीय संविधान लागू हुआ था। इसी ने हमें एक समाजवादी, संप्रभु, धर्मनिरपेक्ष और लोकतांत्रिक गणराज्य बनाया। उन्होंने कहा कि संविधान हमें मार्गदर्शन देता है, सभी के लिए समानता, न्याय और स्वतंत्रता को भी सुनिश्चित करता है।

### राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर प्रभात फेरी निकाल कर किया जागरूक

बदायूँः 25 जनवरी। 15वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर डायट परिसर के आवास विकास की ओर के गेट से प्रभात फेरी निकाली गई, जिसको एडीएम एफआर वैभव शर्मा ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। जो कि संतोख सिंह तिराहे से होते हुए डीएम चौराहे से होते हुए डायट परिसर पर जाकर समाप्त हुई। इस दौरान उत्साही छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न बैनर, नारों व स्लोगन आदि के माध्यम से आमजन को मतदान के महत्व के बारे में जागरूक किया गया। इस अवसर पर अधिकारी, छात्र-छात्राएं आदि मौजूद रहे।

### 15वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस का हुआ भव्य आयोजन

- युवा, वृद्ध, नए, दिव्यांगजन व थर्ड जेंडर मतदाता हुए सम्मानित

बदायूँः ।डायट परिसर में 15वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव ने फीता काटकर व मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलन कर किया। उन्होंने जनपद के युवा, वृद्ध, नए, दिव्यांगजन व थर्ड जेंडर मतदाताओं को सम्मानित भी किया व सभी को शपथ भी दिलाई। कार्यक्रम के दौरान मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश के उद्बोधन को भी सुना गया। जिलाधिकारी ने बताया कि आज ही के दिन मतदाता दिवस की स्थापना हुई थी। जिलाधिकारी ने कहा कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाने के दो उद्देश्य हैं सर्वप्रथम कोई भी युवा व पात्र मतदाता अपना मतदाता पहचान पत्र बनाने से ना छूटे दूसरा उद्देश्य नैतिक मतदान का है। उन्होंने कहा कि जनपद में युवा मतदाताओं की संख्या 16000 से बढ़कर करीब 24000 हो गई है।

कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की मनमोहक प्रस्तुति भी दी गई। कार्यक्रम से पूर्व जिलाधिकारी व अन्य अधिकारियों हस्ताक्षर अभियान अन्तर्गत हस्ताक्षर व सेल्फी प्वाइंट फोटो खिचवाई। परिसर में छात्र-छात्राओं द्वारा बनाई गई रंगोली को सराहा। इस अवसर पर सीडीओ केशव कुमार, एडीएम एफआर वैभव शर्मा, एडीएम ई अरुण कुमार सहित अन्य अधिकारी, छात्र छात्राएं, अध्यापक आदि मौजूद रहे।

# हरियाणा पूरी तरह से कर्ज में डूबा...

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता




चंडीगढ़। इनेलो के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव अभय सिंह चौटाला ने कहा कि हरियाणा में बीजेपी की सरकार बने 100 दिन नहीं, बल्कि 10 साल और 100 दिन हो चुके हैं। इस अवधि में बीजेपी ने हरियाणा को पूरी तरह से गर्त में पहुंचा दिया है।

उन्होंने कहा कि इन दस साल और 100 दिनों में बीजेपी ने बेरोजगारी, महंगाई, भ्रष्टाचार, नशा, कर्ज और कानून व्यवस्था खराब करने में बढ़ोतरी की है। बिजली के रेट और कलेक्टर रेट बढ़ा दिए हैं, जिससे गरीब आदमी के लिए प्रापर्टी खरीदना महंगा हो गया है।

प्रदेश पूरी तरह से कर्ज में डूब चुका है- अभय चौटाला

चंडीगढ़ में मीडिया से बातचीत करते हुए अभय सिंह चौटाला ने कहा कि बीजेपी सरकार ने चुनावों में जो वादे किए थे, उन्हें अब भूल गई है। किसानों की फसल एमएसपी पर खरीदने और महिलाओं को हर महीने 2100 रुपये देने का वादा हवा हवाई हो गया है।

उन्होंने कहा कि ओलावृष्टि से खराब हुई 85 हजार एकड़ फसल का मुआवजा देने का वादा कहां गया है। कोर्ट बीजेपी सरकार द्वारा लिए गए फैसलों को पलट रही है। आज प्रदेश पूरी तरह से कर्ज में डूब चुका है और उसी कर्ज को चुकाने के लिए सरकार को कर्ज लेना पड़ रहा है।

नौकरियों को लेकर भी सरकार पर साधा निशाना

अभय चौटाला ने कहा कि सरकार के पास आमद बढ़ाने की कोई ठोस योजना नहीं है। हरियाणा के युवाओं को सिर्फ डी कैटेगरी की नौकरी दी जा रही है। ए और बी कैटेगरी की नौकरियां बाहर के लोगों को दी जा रही हैं।

एक ही संस्थान से पढ़े आयुर्वेद के डॉक्टरों को खर्ची के पैसे लेकर डॉक्टर लगाया गया है। 100 एसडीओ सिंचाई विभाग में लगने हैं, जिनमें 90 फीसदी बाहर के हैं। सरकार ने व्यापारियों का 2500 करोड़ रूपया माफ कर दिया, लेकिन किसानों की कोई सुध सरकार नहीं ले रही है।

27 जनवरी को पूरे होंगे 100 दिन

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार के कार्यकाल के 100 दिन 27 जनवरी को पूरे होने जा रहे हैं। इन 100 दिनों में मुख्यमंत्री नायब सैनी ने एक के बाद एक कई अहम फैसले लेकर जहां अपनी सरकार की जनता के प्रति प्रतिबद्धता दोहराई है, वहीं यह संदेश देने की भी कोशिश की है कि आने वाले दिनों में भाजपा जन कल्याण के महत्वपूर्ण निर्णय लेने वाली है।

# चुनाव में बड़ी कार्रवाईः शाहदरा जिले में 30 लाख रुपये की नकदी बरामद, आयकर विभाग ने शुरू की जांच

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



शाहदरा जिले में डीसीपी प्रशांत गौतम के निदेर्शानुसार चुनाव में गणतंत्र दिवस के दौरान पुलिस द्वारा फुट पेट्रोलिंग और वाहनों की जांच की गई। इस दौरान शाहदरा जिले के थाना कृष्णा नगर एसएचओ मुकेश राणा ने कांति नगर पिकेट पर जांच के दौरान सीमा सुरक्षा बल के जवानों के साथ दो संदिग्ध व्यक्तियों को एक मोटरसाइकिल पर पकड़ा, जिनके पास से लगभग 30 लाख रुपये की नकदी बरामद हुई। यह नकदी कहां जा रही थी, किसकी थी, इसके कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है, लेकिन इतनी बड़ी रकम चुनाव के दौरान बरामद होने पर क्षेत्र में खलबली मच गई। इस मामले में आयकर विभाग ने भी जांच शुरू कर दी है और जल्द ही इसके बारे में और जानकारी मिलेगी। पुलिस ने बताया कि यह नकदी चुनाव से जुड़ी हो सकती है, लेकिन अभी तक इसकी पुष्टि नहीं हुई है। कृष्णा नगर एसएचओ मुकेश राणा ने फुट पेट्रोलिंग के दौरान यह बड़ी कार्रवाई की है, जो चुनाव के दौरान नकदी के अवैध लेन-देन को रोकने के लिए की गई है। इस कार्रवाई से क्षेत्र में लोगों में उत्साह और विश्वास बढ़ा है।

# डी.ए.वी. विद्यालय में 76वें गणतंत्र दिवस का आयोजन



डी. ए. वी. विद्यालय क्र८मांक १ गांधी नगर में ७६ वें गणतंत्र दिवस और सुभाष चंद्र बोस जयंती का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय में आए हुए अतिथियों द्वारा सर्वप्रथम ध्वज फहराया गया और संविधान निमार्ता डॉक्टर अंबेडकर और सुभाष चंद्र बोस जी के चित्र पर पुष्प अर्पित किए गए।

कार्यक्रम में विद्यालय के अध्यक्ष श्रीमान नरेश शर्मा जी, प्रबंधक श्री गिरिजेश रस्तोगी जी, श्री ओमपाल सिंह यादव जी, श्री सतीश शर्मा जी, कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही श्रीमती प्रिया कंबोज जी, मुख्य अतिथि श्रीमती सोनिया लवली जी, श्री अरविंद सिंह लवली जी, और मुख्य वक्ता श्री विपिन शर्मा जी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान छात्रों द्वारा अनेक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। श्री अरविंदर सिंह लवली ने अपनी भाषण में छात्रों को शिक्षा की महत्व और शिक्षा की माध्यम से अपने उज्जवल भविष्य और देश को भी उद्धार कर सकते हैं। समाज सेविका सोनिया लवली ने छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की। श्रीमती प्रिया कंबोज ने अपने उद्बोधन में गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी और विद्यालय के छात्रों को उनके माता-पिता का अध्यापकों का नाम रोशन करने की हिदायत दी।

### गुरुग्राम में व्यापारी से लूट के आरोप में ऑटो चालक समेत तीन काबू

गुरुग्राम। व्यापारी से रुपये लूटने के मामले में स्थानीय पुलिस ने व्यापारी के ऑटो चालक समेत तीन आरोपियों को पुलिस ने काबू किया है। पुलिस प्रवक्ता ने शनिवार को बताया कि थाना सेक्टर-17/18 में आरोपियों पर केस दर्ज किया गया है। बीती 22 जनवरी को एक व्यापारी द्वारा सेक्टर-17/18 थाने में दी शिकायत में कहा गया था कि 18 जनवरी को उसने अपने ऑटो में कुछ सामान एक अन्य व्यापारी को भेजा था। उससे कुछ पेमेंट भी लेनी थी। उस व्यापारी ने इसके ऑटो चालक को 4 लाख 85 हजार रुपए दे दिए। कुछ समय पश्चात इसके ऑटो चालक ने फोन करके बताया कि एमडीआई चौक फ्लाईओवर पर तीन व्यक्ति नगदी लूटकर ले गए। जब वह घटनास्थल पर पहुंचा तो उसको शक हुआ कि उसका ऑटो चालक लूट की मनगढ़ंत कहानी बना रहा है। इसके ऑटो रिक्शा चालक ने लूट की कहानी बनकर अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर उसके रुपये हड़प लिए। इस शिकायत पर थाना सेक्टर-17/18 में केस दर्ज किया गया। अपराध शाखा सेक्टर-10 की पुलिस टीम ने शुक्रवार को इस मामले में तीन आरोपियों को काबू किया। आरोपियों की पहचान रंजीत निवासी गांव पड़रिया जिला पन्ना (मध्य-प्रदेश), दिलीप निवासी गांव पड़रिया जिला पन्ना (मध्य-प्रदेश) व बिट्टू निवासी गांव वजीराबाद, गुरुग्राम के रूप में हुई। पुलिस टीम द्वारा आरोपी रंजीत को गोपाल नगर गुरुग्राम से, आरोपी दिलीप को सेक्टर-42 गुरुग्राम से तथा आरोपी बिट्टू को वजीराबाद गुरुग्राम से गिरफ्तार किया गया। पुलिस पूछताछ में पता चला है कि आरोपी रणजीत कुमार शिकायतकर्ता का ऑटो ड्राईवर था। उसने अपने अन्य साथियों को बताया था कि वह पेमेंट लेकर आएगा। जिसके बाद इन्होंने योजनानुसार एमडीआई चौक फ्लाईओवर पर की वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस टीम द्वारा आरोपियों के कब्जा से 2 लाख 20 हजार रुपए की नगदी बरामद की गई है।

### डीएम ने की विकास कार्यों की मासिक समीक्षा

बदायूँः जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में मुख्यमंत्री विकास प्राथमिकता वाले कार्यक्रम (सीएम डैशबोर्ड), 50 लाख रुपए से अधिक लागत के निर्माण कार्य (सड़कों को छोड़कर), राज्य पोषण मिशन व बेसिक शिक्षा विभाग आदि के कार्यों की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी द्वारा सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा करते हुए पाया गया कि इसमें कार्यक्रमों की संख्या अब बढ़कर 85 हो गई है। उन्होंने कहा कि जिन विभागों की प्रगति काम है उसमें अपेक्षानुसार सुधार करना सुनिश्चित करें। 50 लाख रुपए से अधिक लागत के निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए उनके संज्ञान में आया कि जनपद में निमार्णाधीन महिला पीएसी वाहिनी के अनावासीय भवनों का कार्य फरवरी 2025 तक पूर्ण हो जाएगा। जिलाधिकारी ने फैमिली आईडी (एक परिवार एक पहचान) के कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए सभी खंड विकास अधिकारियों व सहायक विकास अधिकारी पंचायत को निर्देश दिए कि इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक आवेदन कराकर सत्यापन भी कराएं। जिलाधिकारी ने सम्बंधित अधिकारियों को प्रेरणा एप के माध्यम से उच्च प्राथमिक व प्राथमिक विद्यालयों के निरीक्षण 31 जनवरी तक पूर्ण करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि किसी भी कार्यों के लिए केपीआई (मुख्य प्रदर्शन घटक) का विशेष ध्यान रखा जाए। मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना अंतर्गत आगामी 02 फरवरी 2025 को केंद्रीय राज्य मंत्री की गरिमामयी उपस्थिति में हर प्रसाद पटेल संस्थान के मैदान में सामूहिक विवाह का आयोजन कराया जाएगा। उन्होंने राज्य पोषण मिशन की समीक्षा के दौरान निर्देशित किया कि गांव-गांव में अभियान चलाकर कुपोषित बच्चों को चिन्हित किया जाए। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ रामेश्वर मिश्र सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

# नगर निगम प्रतिभा विद्यालय, कड़कड़डूमा-2 में गणतंत्र दिवस का जश्न



नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

दिल्ली में गणतंत्र दिवस की धूम मची हुई है, और दिल्ली सरकार के नगर निगम प्रतिभा विद्यालय, कड़कड़डूमा-2 में भी यह पर्व बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर, नगर निगम प्रतिभा विद्यालय, कड़कड़डूमा-2 सहित सभी स्कूलों में ध्वजारोहण के साथ-साथ राष्ट्रीय गान भी गाया गया। कार्यक्रम में ऑल दिल्ली पेरेंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री भूषण कुमार जैन, स्कूल के पूर्व छात्र सचिन पाल, मेंटर टीचर अरविंद नेहरा को स्कूल की प्रिंसिपल श्रीमती लीनू जैन द्वारा आमंत्रित किया गया था। छात्रों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, और पूरे विद्यालय परिसर में एक उत्साहजनक माहौल बना रहा। सर्वोदय को-एड स्कूल, आजाद नगर और नगर निगम प्रतिभा सह शिक्षा विद्यालय, आजाद नगर में भी गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। प्रधानाचार्या नीरज सिंघल के नेतृत्व में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए, जहां छात्रों को पुरस्कार भी वितरित किए गए।

# आध्यात्मिकता आत्मा के मूल गुणों को करती है जागृत : पुष्पा दीदी



गुरुग्राम। बोहड़ाकलां गांव स्थित ओम शांति रिट्रीट सेंटर में ब्रह्माकुमारीज के आध्यात्मिक अनुसंधान प्रभाग द्वारा शनिवार को चार दिवसीय योग तपस्या भट्टी का शुभारम्भ हुआ। व्यक्त से अव्यक्त विषय पर आयोजित राष्ट्रीय स्तर की भट्टी में संस्था के सेंकड़ों सदस्य शामिल हुए। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए राजयोगिनी पुष्पा दीदी ने कहा कि जीवन को रूपांतरित करने एकमात्र साधन योग है। आध्यात्मिकता हमारे आत्मिक गुणों को जागृत करती है। उन्होंने कहा कि संस्था के संस्थापक ब्रह्मा बाबा ने आत्मिक स्मृति का बहुत अभ्यास किया। बाबा सभी को निरंतर आत्मा के स्वरूप में देखते थे। ब्रह्मा बाबा ने इसी अभ्यास के द्वारा स्वयं को आध्यात्मिक शक्तियों एवं गुणों से सम्पन्न बनाया। उन्होंने कहा कि जितना हम व्यक्त भाव से अव्यक्त भाव में स्थित होते हैं, उतना ही हम अलौकिक अनुभव करते हैं। राजयोगिनी विजय दीदी ने कहा कि ज्ञान को स्वयं के जीवन में धारण करना बहुत जरूरी है। क्योंकि दूसरों पर हमारे उच्चारण से ज्यादा आचरण का प्रभाव पड़ता है। उन्होंने कहा कि स्पार्क विंग का लक्ष्य ही स्व परिवर्तन से विश्व परिवर्तन करना है। संस्था के मुख्यालय माउंट आबू से स्पार्क विंग के राष्ट्रीय संयोजक बीके श्रीकांत ने स्पार्क विंग के उद्देश्य को स्पष्ट किया। उन्होंने कहा कि स्पार्क विंग आध्यात्म और विज्ञान को एक साथ लाने का बहुत सुंदर प्रयास कर रहा है। भौतिक जगत दृश्यमान होने के कारण उसे हम महसूस कर सकते हैं। लेकिन आध्यात्मिक जगत का अनुभव हम अपने भीतर की यात्रा से ही कर सकते हैं। कार्यक्रम में दिल्ली से राजयोगिनी सरोज दीदी, भिवाड़ी, सिटी नर्सिंग होम के निदेशक डॉ. रूप सिंह एवं बीके एकता ने भी अपने विचार रखे। चार दिवसीय योग तपस्या भट्टी में आध्यात्मिकता के गुह्य रहस्यों पर चर्चा के साथ-साथ योग की गहन अनुभूति करना है। ओआरसी, स्पार्क विंग की संयोजिका बीके येशु ने कार्यक्रम का संचालन किया।

### मकान में चोरी के आरोप में नौकर गिरफ्तार

गुरुग्राम। एक मकान से चोरी करने के मामले में पुलिस ने आरोपी नौकर को गिरफ्तार किया है। आरोपी नौकर के कब्जा से चोरी किए गए आभूषण भी बरामद किए गए हैं। पुलिस प्रवक्ता ने शनिवार को बताया कि आरोपी के खिलाफ सेक्टर-10 पुलिस थाना में केस दर्ज किया गया है। जानकारी के अनुसार 23 नवंबर 2024 को एक व्यक्ति ने पुलिस चौकी सेक्टर-93 गुरुग्राम की पुलिस टीम को एक लिखित शिकायत दी थी। शिकायत में कहा था कि अक्टूबर 2024 के दौरान को सेक्टर-96 में उसके घर से उनके यहां साफ-सफाई करने वाले नौकर द्वारा आभूषण व नगदी चोरी कर लिए गए हैं। इस शिकायत पर थाना सेक्टर-10 में केस दर्ज करके जांच शुरू की गई। अपराध शाखा सेक्टर-17 की पुलिस टीम नेचोरी करने की वारदात को अन्जाम देने वाली आरोपी नौकर को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान मोहित निवासी गांव खजुरी कटरा जिला रायबरेली (उत्तर-प्रदेश) के रुप में हुई। आरोपी को न्यायालय में पेश करके तीन दिन के पुलिस हिरासत रिमांड पर लिया गया। पुलिस हिरासत रिमांड के दौरान पुलिस टीम द्वारा आरोपी के कब्जा से चोरी हुए आभूषण बरामद किए गए।

# सीलमपुर के क्षेत्र उस्मानपुर में बड़ी आग लगने की घटना



नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

सीलमपुर के क्षेत्र उस्मानपुर में आज तड़के एक पार्किंग में बड़ी आग लगने की घटना हुई। इस आग में लगभग 20 चारपहिया और 12 दोपहिया वाहन जलकर स्वाहा हो गए। घटना सुबह 4:00 बजे की है, जब पुलिस को सूचना मिली कि पार्किंग में आग लगी हुई है। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए मौके पर 10 फायर ब्रिगेड की गाड़ियां बुलाईं। काफी देर के बाद जब आग बुझाई गई, तब तक पार्किंग में खड़े वाहनों में काफी नुकसान हो चुका था। वाहन जलकर बुरी तरह से जल चुके थे।

इस घटना के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है, लेकिन पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने आग बुझाने के लिए कड़ी मेहनत की। घटना के बाद से इलाके में दहशत का माहौल है। पुलिस ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की है।

# गुरुग्रामः प्रदीप अहलावत ने संभाला सीपीएएस के निदेशक का पदभार

गुरुग्राम। महर्षि दयानद विश्वविद्यालय रोहतक के गुरुग्राम स्थित सेक्टर-40 स्थित सेंटर एमडीयू सेंटर फॉर प्रोफेशनल एंड अलाइड स्टडीज (एमडीयू-सीपीएएस) के निदेशक का कार्यभार इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज एंड रिसर्च, एमडीयू रोहतक के प्रोफेसर डॉ. प्रदीप अहलावत को सौपा गया है। कानून और प्रबंधन विभागों के संकाय सदस्यों और गैर-शिक्षण कर्मचारियों ने प्रोफेसर अहलावत को निदेशक का कार्यभार संभालने पर पुष्पगुच्छ देकर बधाई दी। एमडीयू टीचिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. विकास सिवाच, डॉ. नीरज चौहान, एसडीओ विजय अहलावत ने भी पुष्पगुच्छ देकर प्रोफेसर प्रदीप अहलावत को उनकी नई जिम्मेदारी के लिए बधाई दी। डॉ. अहलावत ने निदेशक का कार्यभार संभालने के बाद संकाय सदस्यों के साथ बैठक की और परिसर का दौरा किया। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों को छात्र हित में काम करने और महत्वपूर्ण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। प्रोफेसर अहलावत ने बताया कि वह केंद्र के शैक्षणिक माहौल को बेहतर बनाने और छात्रों और शिक्षकों के लिए आवश्यक ढांचागत और शैक्षणिक संसाधन उपलब्ध कराने को प्राथमिकता देंगे। उन्होंने आश्वासन दिया कि विश्वविद्यालय प्रशासन, शिक्षकों, कर्मचारियों के सदस्यों और छात्रों के सहयोग से, एमडीयू-सीपीएएस न केवल गुरुग्राम में बल्कि पूरे राज्य में शैक्षणिक जगत में नई ऊंचाइयां हासिल करेगा। इस अवसर पर समन्वयक विधि विभाग डॉ. वीरेंद्र सिंधु, समन्वयक प्रबंधन विभाग डॉ. विजय राठी, मडूटा अध्यक्ष डॉ. विकास सिवाच, डॉ. नीरज चौहान, एसडीओ विजय अहलावत, प्राध्यापक विधि एवं प्रबंधन संकाय, शोधार्थी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# हरियाणा में मौसम ने बढ़ाई किसानों की टेंशन, डबल डिजिट में पहुंचा पारा; बारिश की संभावना नहीं

पानीपत। मौसम में आए बदलाव ने किसानों की चिंता बढ़ा रखी है। दिन व रात का तापमान डबल डिजिट में पहुंचा हुआ है। शुक्रवार को अधिकतम तापमान 21.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं न्यूनतम तापमान 10.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जो सामान्य से अधिक है।

उत्तर-पश्चिमी हवा 4.5 किलोमीटर प्रतिघंटा की औसत रफ्तार से चली। सुबह के समय नमी की मात्रा 55 प्रतिशत दर्ज की गई शाम को घटकर 45 प्रतिशत हो गई। मौसम विभाग के मुताबिक आने वाले 24 घंटे में मौसम साफ रहेगा। अभी दिन का तापमान सामान्य से ऊपर बना रहा सकता है।

कड़ाके की ठंड वाला होता है जनवरी का अंतिम सप्ताह

भारतीय मौसम विभाग के मुताबिक जनवरी का आखिरी सप्ताह कड़ाके की सर्दी वाला होता है। देश का उत्तरी भाग अक्सर पश्चिमी विक्षोभ और उससे जुड़ी प्रणालियों से प्रभावित रहते हैं। हालांकि, इस समय क्षेत्र में कोई सक्रिय प्रणाली मौजूद नहीं है। पिछले सप्ताह के मध्य में हल्की बारिश लाने वाला विक्षोभ अब क्षेत्र से निकल चुका है। इसके पीछे का ठंडा प्रभाव पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, दिल्ली और उत्तर प्रदेश में न्यूनतम तापमान को एक अंक में बनाए हुए है। हल्के से मध्यम कोहरे और सामान्य ठंड के अलावा इस दौरान कोई दूसरी मौसम गतिविधि होने की उम्मीद नहीं है।

वर्षा की उम्मीद नहीं, कोहरा कर सकता है वापसी

जनवरी के आखिरी सप्ताह में पानीपत सहित प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में कोहरा लौटने की संभावना है। वर्षा की बात करें तो अभी कोई संभावना नहीं है। जो पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हुआ था, वह भी ज्यादा प्रभाव नहीं दिखा सका।

जनवरी के बचे दिनों में कोहरे की घहनता नहीं होगी अधिकांश स्थानों पर मध्यम ही रहेगा। रविवार को न्यूनतम तापमान लगभग 7.0 तक गिरने की संभावना है। सिरसा जिले में भी तापमान में बढोत्तरी

वहीं, सिरसा जिले में एक सप्ताह से अधिकतम तापमान में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। जौ सरसों, गेहूं सहित अन्य फसलों के प्रतिकूल है। इसके कारण पिछेती गेहूं का विकास रुकने और पकाव जल्दी होने के कारण उपज में कमी आने के आसार हैं। जिले में अब अधिकतम तापमान 23 डिग्री तक पहुंच रहा है। दोपहर के समय अब गर्मी का अहसास होना शुरू हो चुका है। जिसने किसानों की परेशानी को भी बढ़ा दिया है।

# हरियाणा विस चुनाव में बसपा उम्मीदवार हरबिलास की हत्या, बदमाशों ने पीछा कर मारीं गोलियां; साथी गंभीर

प्रात: किरण संवाददाता



नारायणगढ़।विधानसभा चुनाव 2024 में नारायणगढ़ हलका से बसपा-जजपा के उम्मीदवार हरबिलास रज्जूमाजरा पर बदमाशों ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर उनकी हत्या कर दी गई। वह अपनी जान बचाने के लिए गाड़ी से उतरकर भागे थे लेकिन बदमाश उसका पीछा करते रहे। इस दौरान हरबिलास पास लगती संजीव- शू जूतों की दुकान में घुसे जहां बदमाशों ने दुकान में जाकर उसे गोलियां मार दीं।

हरबिलास को गोली मारकर बदमाश फरार हुए तो अपनी जान बचाने के लिए दुकान में छिपे दुकानदार संजीव व अन्य ने हरबिलास को नागरिक अस्पताल पहुंचाया। दूसरी ओर हरबिलास के साथ गाड़ी में सवार विजय मोदगिल उर्फ गुगल पंडित व पुनीत उर्फ चुन्नू भी अपनी जान बचाने को विपरीत दिशा में भागे, लेकिन बदमाशों ने उन पर भी फायरिंग की।

हरबिलास की इलाज के दौरान मौत

इस दौरान विजय मोदगिल को गोलियां लगी लेकिन पुनीत के पास से गोली निकल गई। लेकिन वह डर के कारण बेहोश हो गए। घायलों को लोगों ने नागरिक अस्पताल नारायणगढ़ पहुंचाया। हरबिलास और विजय को गंभीरहाल में जबकि पुनीत को भी उनके साथ पीजीआइ चंडीगढ़ रेफर कर दिया। जहां पर रात करीब साढ़े 10 बजे डाक्टरों ने हरबिलास को मृत घोषित कर दिया।

हरबिलास के मित्र नगला निवासी रजनीश कुमार ने इस बात की पुष्टि की हालांकि देर रात तक पुलिस ने इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की थी। वारदात की जानकारी मिलते ही एसपी अंबाला सुरेंद्र सिंह भौरिया मौके पर पहुंचे और क्षेत्र की नाकाबंदी कर दी गई।

बदमाशों की धरपकड़ के लिए नाकाबंदी

घटनास्थल पर डीएसपी नारायणगढ़ के अलावा सीआइए वन, टू, सीआइए शहजादपुर, थाना नारायणगढ़ पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। बदमाशों की धरपकड़ के लिए नाकाबंदी कर गाड़ियों की तलाशी ली जा रही थी। दूसरी ओर पुलिस टीम साथ लगते हिमाचल की ओर भी रवाना हो चुकी थी। आशंका जताई जा रही है कि बदमाश गाड़ी में हिमाचल की ओर भी भाग सकते हैं।

अपनी इनोवा गाड़ी में सवार थे हरबिलास व दो अन्य

हरबिलास रज्जूमाजरा अपने साथियों विजय मोदगिल उर्फ गूगल पंडित निवासी सरगोधा कालोनी व पुनीत उर्फ पुन्नू निवासी गांव डैहर (अब पंचकूला) इनोवा गाड़ी में सवार थे। वह नारायणगढ़ के नवाब जस्सा सिंह आलूवालिया पार्क के नजदीक पहुंचे। अभी कार में ही बैठकर बातचीत कर रहे थे कि इसी दौरान एक अन्य कार मौके पर आकर रुकी। इस कार में चार लोग सवार थे। कार से बदमाश उतरे, जिनके मुंह पर कपड़ा बंधा था। जिस गाड़ी में हरबिलास व अन्य थे, वहां पर बदमाशों ने पहुंचकर ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। इससे कार के शीशे भी टूट गए।

जान बचाने को हरबिलास दुकान में घुसे

जैसे ही बदमाशों ने फायरिंग शुरू की तो हरबिलास अपनी जान बचाने के लिए गाड़ी से बाहर निकले। वे वहीं पास में जूतों की दुकान की ओर भागे, जबकि बदमाशों ने उसका पीछा किया और फायरिंग करते रहे। हरबिलास दुकान में घुस गया, जबकि बदमाश भी इसी दुकान में घुस गए। बदमाशों ने हरबिलास को गोलियां मारी और मौके से फरार हो गए। दूसरी ओर इसी गाड़ी से उतरकर विजय व पुनीत भी दूसरी दिशा में भागे, जबकि उन पर भी फायर किया गया। बदमाश मौके से फरार हो गए, जबकि दुकानदार संजीव व अन्य ने हरबिलास को नागरिक अस्पताल पहुंचाया। बताया जाता है कि विजय मोदगिल खतरे से बाहर बताया जा रहा है। हरबिलास था टारगेट

बदमाशों का सीधा टारगेट हरबिलास रज्जूमाजरा थे। बदमाशों ने जिस तरह से वारदात को अंजाम दिया है, उससे साफ है कि वे हरबिलास को ही टारगेट करने आए थे। जब वह गाड़ी से उतरकर भागा तो उसका पीछा भी किया गया और दुकान में घुसकर उस पर फायरिंग की। हालांकि दो अन्य इस हमले में घायल हुए हैं, जबकि हरबिलास का पीछा कर उन पर गोलियां दागी गईं।

विधानसभा चुनावों में थे बसपा उम्मीदवार

हरबिलास रज्जूमाजरा विधानसभा चुनाव 2024 में नारायणगढ़ हलका से बसपा उम्मीदवार थे। वे इनेलो-बसपा गठबंधन के प्रत्याशी थे। इस चुनाव में उन्होंने पार्टी का ग्राफ काफी बढ़ाया और अच्छी खासी वोट हासिल की थी। क्षेत्र में राजनीतिक रूप से काफी सक्रिय थे। विधानसभा चुनावों में से तीसरे नंबर पर आए थे।

मौके पर पहुंचे डीएसपी

वारदात की सूचना लगते ही पुलिस अधीक्षक एसएस भौरिया मौके पर पहुंचे। उनके साथ डीएसपी नारायणगढ़ भी मौके पर रहे। इस दौरान उन्होंने घटना की जानकारी ली और क्षेत्र की नाकाबंदी करवाई। दूसरी ओर सीआइए वन, टू, सीआइए शहजादपुर, थाना पुलिस शहजादपुर मौके पर मौजूद रहीं। थाना शहजादपुर पुलिस ने नाका लगाकर वाहनों की चेकिंग भी शुरू की।

# हरियाणा के मुख्यमंत्री सैनी 55 साल के हुए, सफाई कर्मचारियों के साथ मनाया जन्मदिन

प्रात: किरण संवाददाता



चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी शनिवार को 55 वर्ष के हो गए और उन्होंने अपना जन्मदिन यहां अपने सरकारी आवास पर सफाई कर्मचारियों के साथ मनाया। मुख्यमंत्री और उनकी पत्नी सुमन सैनी ने सफाई कर्मचारियों के एक समूह के साथ चाय और नाश्ता किया, जो मुख्यमंत्री को उनके जन्मदिन पर बधाई देने आए थे।

पंचकूला से आए सफाई कर्मचारी आकाश ने बताया, हम मुख्यमंत्री को उनके जन्मदिन की बधाई देने आए थे। उन्होंने हमारे साथ चाय-नाश्ता किया। एक अन्य सफाई कर्मचारी ने कहा, ह्यह्यहमने उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। वह हमारे साथ बहुत सम्मान से पेश आए और हमने उनके अच्छे स्वास्थ्य और लंबी उम्र की प्रार्थना की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय मंत्री अमित शाह और मनोहर लाल खट्टर उन नेताओं में शामिल थे जिन्होंने सैनी को जन्मदिन की बधाई दी। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर जारी पोस्ट में कहा, हरियाणा के ऊजार्वानमुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी जी को जन्मदिन की शुभकामनाएं। वह एक जमीनी नेता हैं जिन्होंने खुद को सामुदायिक सेवा के लिए समर्पित कर दिया है। वह हरियाणा की प्रगति को बढ़ावा देने के लिए कई प्रयास कर रहे हैं। उन्हें लंबी और स्वस्थ जिंदगी का आशीर्वाद मिले। प्रधानमंत्री के संदेश का जवाब देते हुए सैनी ने एक्स पर लिखा, माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी, जन्मदिन पर आपकी शुभकामनाओं के लिए आभारी हूं। उन्होंने कहा, आपके दूरदर्शी नेतृत्व से प्रेरित होकर, हम हरियाणा को विकास के मॉडल में बदलने के अपने प्रयास में दृढ़ हैं, यह सुनिश्चित करते हुए कि यह विकसित भारत के सपने को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाए।

# प्रधानमंत्री मोदी जी संविधान की रक्षा के लिए कृत संकल्पित : विपुल गोयल

प्रात: किरण संवाददाता

फरीदाबाद। संविधान गौरव अभियान के तहत आयोजित प्रदर्शनी का अवलोकन करने के बाद हरियाणा के राजस्व एवं शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल ने कहा कि भारत रत्न बाबा साहेब द्वारा रचित भारत के संविधान ने भारत को एक संप्रभु, समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष, और लोकतांत्रिक गणराज्य के रूप में स्थापित किया। मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा की केंद्र और प्रदेश सरकार संविधान की रक्षा के लिए कृत संकल्पित हैं. उन्होंने अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य वंचित वर्गों के अधिकार सुनिश्चित करने के लिए अनेक प्रयास किए हैं। शिक्षा और रोजगार में वंचित वर्गों की भागीदारी बढ़ाने के लिए मोदी सरकार ने कई ऐतिहासिक कदम उठाए हैं। प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी अन्त्योदय की मूल भावना के साथ जन जन को सशक्त कर रहे हैं। उन्होंने अति पिछड़े वर्ग को भी आरक्षण देने का कार्य किया है और जनहितकारी योजनाओं के माध्यम से प्रदेश में सभी वर्ग के लोगों को सशक्त करने के की दिशा में बड़े फैंसले लिए हैं। भारत का संविधान सामाजिक न्याय, समानता और नागरिक अधिकारों की रक्षा करने का मूल आधार है।

संविधान निमार्ता बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर जी के योगदान को विस्तृत रूप से प्रदर्शित करने के लिए भाजपा जिला फरीदाबाद द्वारा भाजपा कार्यालय ह्यअटल कमलह्न पर एक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया जिसका अवलोकन राजस्व एवं शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल द्वारा किया गया। इस अवसर पर संविधान के शिल्पकार डॉ. भीमराव अंबेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित की गई और संविधान की प्रस्तावना का पठन हुआ। इस कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा, जिला महामंत्री मनोज वशिष्ठ, सुरेन्द्र जांगड़ा, वजीर सिंह डागर, पंकज रामपाल, सुखवीर मलेरना, पंकज सिवाल, लाल जी मिश्रा, प्रवीण गर्ग, लाजर रंजीत सेन,



संविधान गौरव यात्रा अभियान के जिला संयोजक आभाष अग्रवाल, सह संयोजक लक्ष्मण तंवर, अरुणिमा सिंह, जिला मिडिया सह प्रमुख राज, चेयरमैन हुकुम सिंह भाटी, जिला पदाधिकारी, मोर्चों के जिला अध्यक्ष, पदाधिकारी एवं मंडल अध्यक्ष उपस्थित रहे।

बाबा साहेब का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणादायी : विपुल गोयल

भाजपा फरीदाबाद ने प्रदर्शनी के माध्यम से बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर के देश के लिए अमूल्य योगदान, पिछड़ों के लिए उनके संघर्ष और उनके जीवन के हर एक पहलु को दिखाया गया। डॉ. भीमराव अंबेडकर भारतीय समाज के एक प्रमुख नेता, समाज सुधारक, और संविधान निमार्ता थे। डॉ बी. आर. अंबेडकर ने इतनी असमानताओं का सामना करने के बाद सामाजिक सुधार का मोर्चा उठाया। दलितों को मंदिरों में प्रवेश ना करने देना, शिक्षकों द्वारा भेदभाव करना आदि सामाजिक सुधार का प्रयत्न बाबा साहेब ने किया। उनकी जीवन यात्रा और संघर्षों ने उन्हें भारत के सामाजिक और राजनीतिक परिदृश्य में एक अहम स्थान दिया है। श्री गोयल ने कहा की बाबा साहेब का जीवन जीवन हम सभी के लिए प्रेरणादायी रहा है।

कांग्रेस ने संविधान की आत्मा को तोडा : विपुल गोयल

श्री गोयल ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस ने संविधान की आत्मा को तोडा। 1975 में देश में लोकतंत्र की हत्या कर आपातकाल देश के इतिहास को कलंकित किया। आपातकाल के दौरान नागरिक अधिकारों का हनन किया गया। कांग्रेस और कांग्रेसी नेताओं ने बाबा साहब डॉ. भीम राव अम्बेडकर का अपमान करने का कार्य किया है। कांग्रेस ने कई बार जनता द्वारा चुनी गई राज्य सरकारों को बर्खास्त कर राष्ट्रपति शासन लगाकर सत्ता का दुरुपयोग किया है। श्री गोयल ने संविधान के मूल सिद्धांतों को आत्मसात करने और इसे समाज के हर वर्ग तक पहुंचाने का आह्वान किया।

कांग्रेस ने किया बाबा साहेब का हमेशा अपमान : विपुल गोयल

श्री गोयल ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा बाबा साहेब का अपमान किया। कांग्रेस ने तो अंबेडकर साहब के दाह संस्कार के लिए दिल्ली में जगह नहीं दी। 1952-54 के चुनाव में कांग्रेस ने बाबा साहब को हराने के लिए कम्युनिस्टों के साथ मिलकर रणनीति बनाई। इतना ही नहीं, नेहरू सरकार में मंत्री रहते हुए भी डॉ. अम्बेडकर को रक्षा और विदेश मामलों की प्रमुख समितियों से बाहर रख कर उनके ज्ञान और योगदान को पूरी तरह नजर अंदाज किया। 1990 में भाजपा समर्थित सरकार ने बाबा साहेब को भारत रत्न दिया और मोदी ने सम्मान देते हुए बाबा साहब से संबंधित पाँच जगह को पंच तीर्थ के तौर पर विकसित किया।

# अमेठी में राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन

अमेठी। उत्तर प्रदेश के अमेठी में शनिवार को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर मतदान के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान डीएम निशा अनंत ने कहा कि हर चुनाव में सभी को अपने मताधिकार का प्रयोग जरूर करना चाहिए। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन अमेठी में किया गया। जब-जब चुनाव हों, चाहे लोकसभा, विधानसभा या पंचायत का, सभी अपने मताधिकार का प्रयोग करें। मतदान अवश्य करें। एसडीएम आशीष के नेतृत्व में छात्राओं ने रैली निकाली तो कलेक्ट्रेट में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से कलाकारों ने मताधिकार के उपयोग और लोकतंत्र में इसकी भूमिका के विषय में जानकारी दी। भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार जिले में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिला कलेक्ट्रट में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से आम जनता को मतदान का महत्व समझाया गया। इस दौरान कलाकारों ने मताधिकार के उपयोग और लोकतंत्र में इसकी भूमिका पर प्रभावी प्रस्तुति दी, जिसे लोगों ने सराहा। वहीं, अमेठी तहसील क्षेत्र में एसडीएम आशीष सिंह के नेतृत्व में स्कूली छात्राओं ने प्रभात फेरी निकाली। छात्राओं ने हाथों में जागरूकता संबंधी स्लोगन लिखी तख्तियां लेकर नागरिकों को अपने मताधिकार के प्रति जागरूक किया। एसडीएम आशीष सिंह ने कहा कि मतदान न केवल हमारा अधिकार है, बल्कि यह एक जिम्मेदारी भी है, जिससे लोकतंत्र मजबूत होता है। उन्होंने युवा मतदाताओं से आगामी चुनाव में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की। इस अवसर पर तहसील प्रशासन, शिक्षक, छात्र-छात्राएं और स्थानीय लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य मतदाताओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक करना और मतदान प्रतिशत को बढ़ावा देना था।

# महाकुम्भः मेला क्षेत्र के सेक्टर-दो में दो कार में लगी आग, कोई जनहानि नहीं

महाकुम्भ नगर। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में आयोजित किए जा रहे महाकुम्भ मेले के सेक्टर-दो में मीडिया सेंटर के पीछे शनिवार सुबह दो कार में आग लग गई जिस पर दमकलकर्मियों ने समय रहते काबू पा लिया। घटना में जनहानि की सूचना नहीं है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। मुख्य अग्निशमन अधिकारी (महाकुम्भ) प्रमोद शर्मा ने बताया कि आज सुबह वाराणसी से आई एक कार जब मेला क्षेत्र में प्रवेश कर रही थी तभी उसमें आग लग गई और साथ में चल रही एक अन्य कार भी आग की चपेट में आ गई। उन्होंने बताया कि अग्निशमन विभाग के कर्मचारियों ने तत्काल कार्रवाई करते हुए कार में फंसे लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया और किसी को आग से चोट नहीं आई। शर्मा ने बताया कि आग संभवतः शॉर्ट सर्किट के कारण लगी। इससे पहले 19 जनवरी को सेक्टर-19 में एक शिविर में पुआल में आग लगने के बाद 18 शिविर जलकर खाक हो गए थे। हालांकि, दमकलकर्मियों ने आग पर पूरी तरह काबू पा लिया और कोई जनहानि नहीं हुई। गीता प्रेस और अखिल भारतीय धर्म संघ द्वारा कल्पवासियों के लिए लगाए गए इन शिविरों में लगी आग को बुझाने में करीब 15-16 गाड़ियां लगाई गई थीं।

## संक्षिप्त खबरें

### मेंटेनेंस चार्ज बढ़ाने के विरोध में प्रदर्शन

ग्रेटर नोएडा। ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित सीआरसी सुब्लिमिस सोसाइटी के निवासियों ने शनिवार को मेंटेनेंस चार्ज में बढ़ोतरी सहित अन्य समस्याओं को लेकर प्रदर्शन किया। लोग मेंटेनेंस ऑफिस के बाहर एकत्रित हुए और बिल्डर प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी की। निवासी चेतन, कशिश, पंकज ने आरोप लगाया कि प्रबंधन से कई बार रखरखाव को लेकर मांग किया जा चुकी है, लेकिन अनसुना किया जा रहा। इसके कारण सोसाइटी की हालत खराब होते जा रही है। बेसमेंट में जल भराव की समस्या रहती है। लोग अपने वाहनों को खड़ा नहीं कर पा रहे। टावर टी1 व टी2 में छोटा गोल्फ मैदान, सुरक्षा सुविधा, बाथरूम शाफ्ट जैसी अन्य चीजों का रखरखाव सही से नहीं हो रहा। इस पर ध्यान नहीं दिया जा रहा। वहीं, अब बिल्डर प्रबंधन ने बिना लोगों के साथ बैठक किए मेंटेनेंस शुल्क में वृद्धि कर दी है। प्रबंधन 2.65 रुपये प्रति स्क्वायर फीट के हिसाब से मेंटेनेंस ले रहा था। अब इसे बढ़ाकर 4.15 रुपये प्रति स्क्वायर फीट कर दिया गया। यह चार्ज लोगों के लिए काफी अधिक है। इसका विरोध करते हुए लोगों ने प्रदर्शन किया। इस मौके पर ऋषि, प्रियंक, शाम, रजत, आकाश, पियूष, सुरेंद्र, सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### फर्जी दस्तावेज तैयार कर जमीन बेचने पर 10 के खिलाफ केस

नोएडा। गढ़ी चौखंडी गांव में फर्जी दस्तावेज तैयार कर जमीन दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी करने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने कोर्ट के आदेश पर धोखाधड़ी से 32 लाख रुपये हड़पने का आरोप लगाते हुए 10 लोगों के खिलाफ फेज-3 थाने में केस दर्ज कराया है। सेक्टर-52 निवासी जोगिंदर गुगलानी ने न्यायालय में प्रार्थना पत्र दिया कि उनकी मामूरा में पेंट की दुकान करने वाले ब्रजगोपाल उर्फ राकी से जान पहचान थी। राकी की दुकान पर गाजियाबाद के विजयनगर निवासी अमित राजपूत, दिल्ली के मंडावली निवासी फुरकान, उसका बेटा वसीम, बुलंदशहर निवासी रोहित वर्मा अक्सर आते-जाते थे। वर्ष 2023 में आरोपियों ने उन्हें गढ़ी चौखडी गांव में जमीन दिखाई, जिसका 32 लाख रुपये में सौदा हुआ। जोगिंदर का आरोप है कि चारों ने गढ़ी चौखंडी के सुरेशचंद्र और प्रमोद, चौड़ा सादातपुर के श्रीनिवास शर्मा, रवि शर्मा, बुलंदशहर के प्रवीण यादव और अज्ञात साथियों के मिलकर कई बार में 32 लाख रुपये ले लिए। आरोपियों ने बताया कि जमीन का मालिक सुरेश चंद्र निवासी गढ़ी चौखंडी है। आरोपियों ने सुरेश चंद्र के नाम का आधार कार्ड, पैन कार्ड तथा फर्द की कॉपी दिखाई। रुपये लेने के बाद आरोपियों ने जोगिंदर की पत्नी बिंदु गुगलानी के नाम बैनामा भी कर दिया। ढाई लाख रुपये बैनामा कराते समय स्टांप खरीदने में लगे। बाद में पता चला कि आरोपियों ने किसी अन्य व्यक्ति की जमीन के फर्जी दस्तावेज तैयार करके बैनामा कराया है। आरोप है

# गणतंत्र दिवस पर यूपी पुलिस और अग्निशमन विभाग के 33 अधिकारी-जवान होंगे सम्मानित



प्रात: किरण संवाददाता

लखनऊ। गणतंत्र दिवस के मौके पर उत्तर प्रदेश पुलिस और अग्निशमन विभाग के 33 अधिकारियों और जवानों को वीरता पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। इस संबंध में केंद्रीय गृह मंत्रालय की तरफ से अधिसूचना जारी की गई है। इस अधिसूचना में उन सभी जवानों के नाम दर्ज हैं, जिन्हें गणतंत्र दिवस के मौके पर सम्मानित किया जाएगा। केंद्रीय गृह मंत्रालय की इस अधिसूचना में उत्तर प्रदेश पुलिस के 17 अधिकारियों और जवानों के नाम शामिल हैं। इसमें कांस्टेबल देवदत्त सिंह, कांस्टेबल रंजन कुमार, कांस्टेबल रितुल कुमार वर्मा, पुलिस अधीक्षक नीपुण अग्रवाल (आईपीएस), पुलिस उप-अधीक्षक स्वतंत्र कुमार सिंह, सब इंस्पेक्टर मुन्नेश सिंह, कांस्टेबल नीरज कुमार पाल, सहायक पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा, पुलिस उप-अधीक्षक कुलदीप कुमार, इंस्पेक्टर गितेश कपिल, कांस्टेबल प्रवीण अहलावत, सब-इंस्पेक्टर अंगद सिंह यादव, इंस्पेक्टर अमित, अतिरिक्त अधीक्षक डॉ दीपक शर्मा, इंस्पेक्टर अबदुर रहमान सिद्दीकी, इंस्पेक्टर रिपुदमन सिंह का नाम शामिल है।

उधर , अग्निशमन विभाग से वीरता पुरस्कार के लिए कुल 16 लोगों का चयन किया गया है। इस सूची में शीर्ष पर चीफ फायर ऑफिसर राहुल पाल, फायर स्टेशन ऑफिसर कनवर सिंह, फायरमैन जोगेंद्र सिंह, ड्राइवर सतेंद्र सिंह, फायरमैन प्रह्लाद सिंह राणा, फायरमैन आयुष्मान कुमार शर्मा, चीफ फायर ऑफिसर दीपक शर्मा, फायर स्टेशन द्वितीय अधिकारी कमलेंद्र कुमार सिंह, फायर स्टेशन ड्राइवर सुदेश कुमार बाबू, फायरमैन करवेन्द्र सिंह, फायरमैन शैलेष, फायरमैन आदित्य पाठक, चीफ फायर ऑफिसर अरूण कुमार सिंह, फायर स्टेशन ऑफिसर श्रीनारायण सिंह, फायरमैन कपिल यादव और फायरमैन मुकुल का नाम शामिल है। साल में दो बार ये पुरस्कार दिए जाते हैं। पहला 26 जनवरी यानि गणतंत्र दिवस और दूसरा 15 अगस्त यानि स्वतंत्रता दिवस पर दिया जाता है।

# बाराबंकी भगवान श्री चित्रगुप्त जी के प्राण प्रतिष्ठा वर्षगांठ पर हुआ भव्य रंगारंग कार्यक्रम आयोजन व भण्डारा

प्रात: किरण संवाददाता

बाराबंकी। धनोखर चक्रतीर्थ सरोवर पर स्थित चित्रगुप्तधाम मन्दिर पर भगवान श्री चित्रगुप्त जी के प्राण प्रतिष्ठा वर्षगांठ पर हुआ दोपहर 01 बजे प्रारम्भ हुआ पूजन का कार्य जिसे चित्रगुप्तधाम मन्दिर समिति के महामंत्री सुभाष श्रीवास्तव ने किया, वही शाम 03 बजे से तीन वर्ष से सोलह वर्ष के बच्चों की प्रतियोगिता चल रही थी जिसमें नृत्य गायन और संगीत का आगाज रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप मे बाराबंकी के पूर्व सांसद उपेन्द्र सिंह रावत वही विशिष्ट अतिथि रहे पीठाधीश लाला रंजीत बहादुर श्रीवास्तव तथा बाराबंकी भाजपा नेता सूरज सिंह मौजूद थे। दोपहर 03 बजे से भण्डारे का आयोजन शुरू कर दिया गया था कई हजार लोगों ने भण्डारे में प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में शाम बजे बच्चों को पुरस्कृत किया गया। उसके बाद भगवान श्री चित्रगुप्त जी पर फिल्मांकन किया गया तत्पश्चात संगीत का कार्यक्रम प्रारंभ हुआ जो कि देर रात तक चलता रहा। इस अवसर पर कायस्थ परिवार के लोगो के साथ-साथ अन्य जाति समाज के लोग भी दिखाई दिए। तक चलता रहा। प्रतियोगिताओं का दौर शाम 03 बजे से मुख्य अतिथि के रूप मे के पूर्व सांसद उपेन्द्र सिंह रावत, विशिष्ट अतिथि रहे पीठाधीश लाला रंजीत बहादुर श्रीवास्तव तथा भाजपा नेता सूरज सिंह की उपस्थिति में शुरू हुई। जिसमें तीन वर्ष से सोलह वर्ष के उम्र के बच्चों के मध्य नृत्य गावन और संगीत की प्रतियोगिताएं आयोजित हुई। इस अवसर पर कायस्थ परिवार के लोगो के साथ-साथ अन्य जाति समाज के लोग भी बड़ी तदात में शामिल रहे।

# नोएडा में शादी समारोह में दर्दनाक घटना, बेटे की मौत के सदमे में पिता की भी जान गई

प्रात: किरण संवाददाता

नोएडा। थाना सेक्टर-39 क्षेत्र के सेक्टर-46 स्थित बारात घर में बीती रात को आयोजित एक शादी समारोह में भाग लेने आए व्यक्ति अपनी कार में मूर्छित अवस्था में मिला। उसे उपचार के लिए नोएडा के नियो अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां पर डॉक्टरों ने उसको मृत घोषित कर दिया। मृतक के पिता को जैसे ही यह पता चला कि उनके बेटे की मौत हो गई है, वह भी सदमे में आ गए तथा उनकी भी मौत हो गई। थाना सेक्टर-39 के प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि मनीष कुमार उम्र 52 वर्ष पुत्र महेंद्र सिंह निवासी शताब्दी एनक्लेव बीती रात को सेक्टर-46 स्थित बारात घर में आयोजित एक शादी समारोह में भाग लेने आए थे। उन्होंने बताया कि वह बारात घर के बाहर अपनी कार में बैठे थे, तथा कार में बैठे-बैठे वह मूर्छित हो गए। कुछ लोगों ने उन्हें कार में बेसुध हालत में देखा तथा उन्हें सेक्टर-50 स्थित नियो अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती करवाया, जहां पर डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि आज तड़के जैसे ही मृतक के पिता को बेटे की मौत की सूचना मिली। वह इस सदमे को बर्दाश्त नहीं कर पाए, तथा उन्हें हृदय घात हो गया, तथा उनकी भी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# यीडा इलेवन ने ग्रेटर नोएडा इलेवन को टी-20 क्रिकेट मैच में 34 रनों से हराया

नोएडा। गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर आज शहीद विजय सिंह पथिक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट ग्राउंड पर टी-20 क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। जिसमें यमुना प्राधिकरण (यीडा) की टीम इलेवन ने ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के टीम इलेवन को 34 रनों से हरा दिया। टी-20 क्रिकेट मैच के लिए यीडा इलेवन के कप्तान शैलेन्द्र भाटिया और ग्रेटर नोएडा इलेवन के कप्तान अभिषेक पाठक के बीच टॉस का सिक्का एसीईओ प्रेरणा सिंह और श्रीलक्ष्मी वीएस की मौजूदगी में उछाला गया। अभिषेक पाठक ने टॉस जीत कर फील्ड चुनी और बॉलिंग का फैसला लिया। यीडा इलेवन के कप्तान शैलेन्द्र भाटिया और विनोद ओपनर के रूप में उतरे और पहले विकेट की साझेदारी में ठोस शुरूआत करते हुए दोनों बल्लेबाजों ने 77 रन बनाए। 12 वें ओवर में पहले विकेट के रूप में शैलेन्द्र भाटिया आउट हुए और उन्होंने ने दो चौकों की मदद से 18 रन बनाएं। दूसरे विकेट के रूप में विनोद आउट हुए। उन्होंने 5 चौके और 4 छक्कों की मदद से 32 बालों में शानदार 56 रन बनाए। अजय शर्मा ने 10, तनवीर ने 19 रनों का योगदान दिया। सौरभ नागर ने विस्फोटक बल्लेबाजी करते हुए 19 बालों में ताबड़तोड़ 53 रन बनाये और नाबाद रहे। सौरभ सिंह 7 रन पर नाबाद रहे। यीडा इलेवन ने 20 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर 176 रन का सम्मानजनक स्कोर बनाया। बुध ने 2 और सुन्दर कसाना तथा कृष्णा ने एक एक विकेट लिए। जवाब में बल्लेबाजी के लिए उतरी ग्रेटर नोएडा इलेवन की टीम 19.1 ओवर में 142 रन पर सिमट गई। ग्रेटर नोएडा इलेवन टीम के कप्तान अभिषेक पाठक ने सबसे अधिक 33 रन बनाए। विवेक ने 23, गौरव बघेल ने 18, सुन्दर कसाना ने 20 और नितीश ने 26 रनों का योगदान दिया। यीडा की तरफ से नसीम खान ने 1, सौरभ नागर ने 2, देवदत्त ने 4, विनोद ने 1, अचल ने 1 और अजय शर्मा ने 1 विकेट लिए। सौरभ नागर के शानदार आल राउंडर परफॉरमेंस पर मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर आयोजित इस क्रिकेट मैच की विजेता टीम के कप्तान शैलेन्द्र भाटिया और उनकी टीम को ग्रेटर नोएडा की एसीईओ प्रेरणा सिंह, एसीईओ श्रीलक्ष्मी वी एस, जीएम प्रोजेक्ट एके सिंह और यमुना प्राधिकरण के एसीईओ कपिल सिंह ने बधाई दी।

# यीडा इलेवन ने ग्रेटर नोएडा इलेवन को टी-20 क्रिकेट मैच में 34 रनों से हराया

नोएडा। गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर आज शहीद विजय सिंह पथिक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट ग्राउंड पर टी-20 क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। जिसमें यमुना प्राधिकरण (यीडा) की टीम इलेवन ने ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के टीम इलेवन को 34 रनों से हरा दिया। टी-20 क्रिकेट मैच के लिए यीडा इलेवन के कप्तान शैलेन्द्र भाटिया और ग्रेटर नोएडा इलेवन के कप्तान अभिषेक पाठक के बीच टॉस का सिक्का एसीईओ प्रेरणा सिंह और श्रीलक्ष्मी वीएस की मौजूदगी में उछाला गया। अभिषेक पाठक ने टॉस जीत कर फील्ड चुनी और बॉलिंग का फैसला लिया। यीडा इलेवन के कप्तान शैलेन्द्र भाटिया और विनोद ओपनर के रूप में उतरे और पहले विकेट की साझेदारी में ठोस शुरूआत करते हुए दोनों बल्लेबाजों ने 77 रन बनाए। 12 वें ओवर में पहले विकेट के रूप में शैलेन्द्र भाटिया आउट हुए और उन्होंने ने दो चौकों की मदद से 18 रन बनाएं। दूसरे विकेट के रूप में विनोद आउट हुए। उन्होंने 5 चौके और 4 छक्कों की मदद से 32 बालों में शानदार 56 रन बनाए। अजय शर्मा ने 10, तनवीर ने 19 रनों का योगदान दिया। सौरभ नागर ने विस्फोटक बल्लेबाजी करते हुए 19 बालों में ताबड़तोड़ 53 रन बनाये और नाबाद रहे। सौरभ सिंह 7 रन पर नाबाद रहे। यीडा इलेवन ने 20 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर 176 रन का सम्मानजनक स्कोर बनाया। बुध ने 2 और सुन्दर कसाना तथा कृष्णा ने एक एक विकेट लिए। जवाब में बल्लेबाजी के लिए उतरी ग्रेटर नोएडा इलेवन की टीम 19.1 ओवर में 142 रन पर सिमट गई। ग्रेटर नोएडा इलेवन टीम के कप्तान अभिषेक पाठक ने सबसे अधिक 33 रन बनाए। विवेक ने 23, गौरव बघेल ने 18, सुन्दर कसाना ने 20 और नितीश ने 26 रनों का योगदान दिया। यीडा की तरफ से नसीम खान ने 1, सौरभ नागर ने 2, देवदत्त ने 4, विनोद ने 1, अचल ने 1 और अजय शर्मा ने 1 विकेट लिए। सौरभ नागर के शानदार आल राउंडर परफॉरमेंस पर मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर आयोजित इस क्रिकेट मैच की विजेता टीम के कप्तान शैलेन्द्र भाटिया और उनकी टीम को ग्रेटर नोएडा की एसीईओ प्रेरणा सिंह, एसीईओ श्रीलक्ष्मी वी एस, जीएम प्रोजेक्ट एके सिंह और यमुना प्राधिकरण के एसीईओ कपिल सिंह ने बधाई दी।

# गाय-भैंस चोरी करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने दबोचा

फरीदाबाद। अपराध शाखा सेक्टर-65 की टीम ने गाय, भैंस चोरी व स्नैचिंग के मामले में शामिल दो आरोपियों को देसी कट्टे व कारतूस सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने शनिवार को बताया कि अपराध शाखा सेक्टर 65 की टीम 24 जनवरी को बल्लभगढ़ क्षेत्र में गस्त पर थी गस्त के दौरान अपने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना से दो आरोपियों के पास अवैध हथियार व कारतूस होने के संबंध में सूचना प्राप्त हुई। सूचना पर कार्रवाई करते हुए अपराध शाखा की टीम ने दोनों आरोपियों को चंदावली गांव के सरकारी स्कूल के पास से काबू किया है। काबू किए गए आरोपियों में अरुण(25) वासी तिरखा कॉलोनी बल्लभगढ़ व उदयवीर(52) वासी गांव अटाली बल्लभगढ़ का नाम शामिल है। मौके पर आरोपी अरुण के पास से देसी कट्टा व कारतूस बरामद किया गया है। आरोपी से पूछताछ में सामने आया कि देसी कट्टे को उदयवीर उत्तर प्रदेश में किसी व्यक्ति से 5000 में खरीद कर लाया था। इसके संबंध में थाना सदर बल्लभगढ़ में मामला दर्ज कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। दोनों आरोपियों से पूछताछ के दौरान गाय, भैंस चोरी व एक स्नेचिंग के मामले सहित नौ मामलों का खुलासा हुआ है। जिसमें थाना सदर बल्लभगढ़ के चार मामले, सेक्टर 8 के दो मामले, थाना एसजीएम नगर, सेक्टर 58 व आदर्श नगर के एक-एक मामले शामिल है।

# राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में लगे बिजली ट्रांसफार्मरों से तेल चुराने वाले 4 बदमाश गिरफ्तार

नोएडा। जनपद गौतमबुद्ध नगर के नोएडा एवं ग्रेटर नोएडा क्षेत्र में लगे बिजली के ट्रांसफार्मरों से तेल चोरी कर बिजली विभाग को लाखों-करोड़ों रुपयों की चपत लगाने वाले एक गिरोह के 4 शातिर अन्तर्राज्यीय चोरों को थाना फेस- 3 पुलिस ने आज गिरफ्तार किया है। इनके पास से पुलिस ने चोरी में प्रयुक्त होने वाली दो स्विफ्ट डिजायर कार, दो अवैध चाकू, चोरी किया गया 350 लीटर ट्रांसफार्मर का तेल तथा ट्रांसफार्मर के नट काटने में प्रयोग होने वाला उपकरण आदि बरामद किया है। एक प्रेस वार्ता के दौरान पुलिस उपायुक्त जोन द्वितीय शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि एक सूचना के आधार पर थाना फेस-3 पुलिस ने आज शिवेंद्र सिंह पुत्र महाराज सिंह निवासी जनपद मथुरा उम्र 28 वर्ष, विकास सिंह पुत्र भूरी सिंह निवासी जनपद मथुरा उम्र 26 वर्ष, अंकित पुत्र लाखन सिंह निवासी जनपद ककोड उम्र 25 वर्ष तथा जगदीश प्रसाद पुत्र हीरालाल निवासी जनपद प्रयागराज उम्र 50 वर्ष को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि इनके पास से पुलिस ने चोरी में प्रयुक्त होने वाली दो स्विफ्ट डिजायर कार, ट्रांसफार्मर से चोरी किया गया 350 लीटर तेल, अवैध चाकू, पाइप आदि बरामद किया है। उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान अभियुक्तों द्वारा स्वीकार किया गया है कि वे दिल्ली, गौतमबुद्धनगर व एनसीआर क्षेत्रों में लगे बिजली के ट्रांसफार्मरों से औजारों के माध्यम से नट व बोल्ट को लोहे की आरी से काटकर पाइप लगाकर ट्रांसफार्मर के तेल चोरी कर गैलन में भरकर उक्त दोनों वाहनों से ले जाते थे। यह लोग ग्राहक खोजकर चोरी छिपे इसे बेचकर आर्थिक लाभ कमाते हैं। चारो अभियुक्तों द्वारा ट्रान्सफार्मर का तेल चोरी करके गिरफ्तार अभियुक्त जगदीश प्रसाद के माध्यम से नागालोई दिल्ली में बेचते थे तथा मोटी रकम प्राप्त करके आपस में बांट लेते थे। बता दें कि बिजली ट्रान्सफार्मर का तेल उत्तर प्रदेश विद्युत विभाग के माध्यम से प्राप्त होता है जो ट्रान्सफार्मर में डाला जाता है। यह ट्रान्सफार्मर का तेल कूलेन्ट (शीतलीकरण) का काम करता है। जिससे ट्रान्सफार्मर पर बिजली का अधिक लोड पडने पर ट्रान्सफार्मर गर्म नहीं होता एवं जलता नहीं है (जिस प्रकार कार में कूलेन्ट कार के इंजन को ठंडा रखता है उसी प्रकार यह तेल ट्रान्सफार्मर को ठंडा रखता है)।

# उत्तर प्रदेशः दुष्कर्म और हत्या के लिए एक व्यक्ति को आजीवन कारावास की सजा

बलिया। बलिया की एक स्थानीय अदालत ने महिला से दुष्कर्म और फिर उसकी हत्या करने के लगभग नौ साल पुराने एक मामले में एक व्यक्ति को दोषी करार देते हुए उसे आजीवन कारावास और बीस हजार रुपये जुमार्ने की सजा सुनाई। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने बताया कि अपर जिला न्यायाधीश राम कृपाल की अदालत ने शुक्रवार को सभी पक्षों की दलील सुनने के बाद खालिद अंसारी को मामले में दोषी ठहराया। अभियोजन पक्ष के अनुसार मामला 31 मार्च 2016 का है जब जिले के नगरा थाना क्षेत्र के एक गांव के प्राथमिक विद्यालय में एक महिला का शव बरामद किया गया था।

इसके अनुसार इस मामले में विद्यालय के प्रधानाचार्य की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की प्रासंगिक धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस ने जांच में पाया गया कि नगरा थाना क्षेत्र के ईसारी सलेमपुर गांव के निवासी खालिद अंसारी ने महिला के साथ दुष्कर्म कर उसकी हत्या कर दी। इसके बाद पुलिस ने अदालत में आरोपपत्र दाखिल किया।

# उत्तर प्रदेश के बागपत में सात बर्षीय बच्चे की कैंची घोपकर हत्या, एक व्यक्ति गिरफ्तार

बागपत। बागपत जिले के थाना दोघट क्षेत्र में सात वर्षीय बच्चे की कैंची घोंपकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि बच्चे की पहचान अफजाल के रूप में हुई है जो बृहस्पतिवार सुबह से लापता था। अधिकारियों ने बताया कि उनके पड़ोस में ही रहने वाले आरोपी सावेज (19) की गिरफ्तारी के बाद आदमपुर गांव में जंगल से सटे गन्ने के खेत से अफजाल का शव बरामद कर लिया गया।

पुलिस ने बताया कि अफजाल को आखिरी बार बृहस्पतिवार सुबह करीब 10 बजे सावेज के साथ देखा गया था। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि जब अफजाल घर नहीं लौटा तो उसकी मां ने उसकी तलाश शुरू की और इसके बाद परिजनों ने शुक्रवार को पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। थाना प्रभारी बच्चू सिंह ने बताया कि परिवार ने सावेज पर उनके बच्चे को अगवा करने का आरोप लगाया जिसके बाद आरोपी को हिरासत में लिया गया और पूछताछ के दौरान उसने बच्चे की हत्या की बात कबूल कर ली। अधिकारी ने बताया कि शव को गन्ने के खेत से बरामद किया गया और अपराध में इस्तेमाल कैंची भी बरामद कर ली गई। पुलिस के अनुसार आरोपी नशे का आदी है। पुलिस ने बताया कि हत्या के मकसद के बारे में पूछे जाने पर उसने कथित तौर पर कबूल किया कि बस यूं ही मार डाला। थाना प्रभारी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और आगे की जांच जारी है।

# एटीएस ने सुल्तानपुर से किया संदिग्ध युवक गिरफ्तार, जांच में जुटीं सुरक्षा एजेंसियां

## महाकुंभ में तैनात सुरक्षा एजेसियों को मिला था इनपुट

सुलतानपुर। उत्तर प्रदेश की एटीएस अयोध्या इकाई ने कादीपुर से एक संदिग्ध युवक को गिरफ्तार किया है। यहां गिरफ्तारी महाकुंभ की सुरक्षा में सक्रिय सुरक्षा जांच एजेंसी की सूचना पर हुई है। जांच में पता चला कि युवक पंजाब का रहने वाला है और फर्जी दस्तावेजों के साथ यहां रह रहा था। वह विदेश भागने के प्रयास में था। सीओ विनय गौतम ने शनिवार को बताया कि एक सूचना के आधार पर एटीएस की अयोध्या इकाई ने तौकलपुर नगरा में किराये के मकान में रह रहे एक संदिग्ध युवक को गिरफ्तार किया है। उसके पास मिले दस्तावेजों से पता चला कि युवक पंजाब के फाजिल्का जिले का निवासी मानसिंह है। उसने खुद को सुल्तानपुर के तौकलपुर नगरा का निवासी बताकर फर्जी पहचान पत्र बनवाकर रखा था। उसने बड़ौदा यूपी बैंक की सूरापुर शाखा में आजमगढ़ के बुढ़नपुर से जारी फर्जी आधार कार्ड, निर्वाचन कार्ड और जन्म प्रमाण पत्र जमा कर रखा था।

जांच की गई तो पता चला कि इस नाम का कोई व्यक्ति यहां पर नहीं रहता है। इसके बाद एटीएस ने मामले की जांच शुरू कर दी। युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई, जिसमें पता चला कि वह विदेश जाने के प्रयास में था। इसके लिए उसने पिछले साल अप्रैल में सुल्तानपुर के पते से पासपोर्ट के लिए आवेदन किया था। एटीएस ने थाने में आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर कर लिया है। साथ ही बरामद फर्जी दस्तावेजों की जांच शुरू कर दी गई है।

# गुरुग्राम में व्यापारी से लूट के आरोप में ऑटो चालक समेत तीन काबू

गुरुग्राम। व्यापारी से रुपये लूटने के मामले में स्थानीय पुलिस ने व्यापारी के ऑटो चालक समेत तीन आरोपियों को पुलिस ने काबू किया है। पुलिस प्रवक्ता ने शनिवार को बताया कि थाना सेक्टर-17/18 में आरोपियों पर केस दर्ज किया गया है। बीती 22 जनवरी को एक व्यापारी द्वारा सेक्टर-17/18 थाने में दी शिकायत में कहा गया था कि 18 जनवरी को उसने अपने ऑटो में कुछ सामान एक अन्य व्यापारी को भेजा था। उससे कुछ पेमेंट भी लेनी थी। उस व्यापारी ने इसके ऑटो चालक को 4 लाख 85 हजार रुपए दे दिए। कुछ समय पश्चात इसके ऑटो चालक ने फोन करके बताया कि एमडीआई चौक फ्लाईओवर पर तीन व्यक्ति नगदी लूटकर ले गए। जब वह घटनास्थल पर पहुंचा तो उसको शक हुआ कि उसका ऑटो चालक लूट की मनगढ़ंत कहानी बना रहा है। इसके ऑटो रिक्शा चालक ने लूट की कहानी बनकर अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर उसके रुपये हड़प लिए। इस शिकायत पर थाना सेक्टर-17/18 में केस दर्ज किया गया। अपराध शाखा सेक्टर-10 की पुलिस टीम ने शुक्रवार को इस मामले में तीन आरोपियों को काबू किया।

# श्री वेंक्टेश्वरा में चार दिवसीय वार्षिक स्पोर्ट्स मीट रणभूमि-2025 का आयोजन

## राष्ट्रीय /अन्तर्राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में भारतीय युवा अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैंः डा. राजीव त्यागी

प्रात: किरण संवाददाता

अमरोहा। श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्याल स्कूल ऑफ नर्सिंग की ओर से वार्षिक स्पोर्ट्स मीट ह्यरणभूमि-2025ह्न का शानदार आयोजन किया गया, जिसमें अलग-अलग हाउस (रेड हाउस, ग्रीन हाउस, यलो हाउस एवं ब्लू हाउस) के लगभग 1200 से अधिक खिलाड़ियों ने दो दर्जन से अधिक खेल प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया। पाँच दिनों तक चलने वाले इस खेल महाकुम्भ में मंगलवार को समापन पर विजेता टीम एवं खिलाड़ियों को संस्थान की ओर से ट्रॉफी, मेडल एवं सर्टीफिकेट देकर सम्मानित किया जायेगा । श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय / संस्थान के मेजर ध्यानचन्द ओपन खेल परिसर में ह्यखेल महाकुम्भह्न वार्षिक स्पोर्ट्स




मीट ह्यरणभूमि-2025ह्न का शुभारम्भ संस्थापक अध्यक्ष डा.सुधीर गिरि, प्रतिकुलाधिपति डा.राजीव त्यागी, कुलपति प्रो. (डा.) कृष्णकान्त दवे, सीईओ अजय श्रीवास्तव एवं नर्सिंग डीन डा. एना ऐरिक ब्राउन ने खेल मशाल जलाकर हवा में कबूतर एवं गुब्बारे उड़ाकर किया। अपने सम्बोधन में संस्थापक अध्यक्ष श्री सुधीर गिरि ने कहा कि खेल ही नहीं बल्कि जीवन की किसी भी ह्यस्पर्धाह्न में हम कभी हारते नहीं है, जब हम किसी स्पर्धा में प्रतिभाग करते हैं तो, या तो हम जीतते हैं या फिर सीखते हैं कि हमारे प्रदर्शन में कहाँ कमी रह गयी। इसलिए युवा विभिन्न स्पधाओं में प्रतिभाग अवश्य करें। प्रतिकुलाधिपति डा.राजीव त्यागी ने कहा कि ह्यफिट इण्डियाह्न ह्यखेलो इण्डियाह्न जैसी शानदार योजनाओं से आज भारतीय खिलाड़ी विश्व स्तर पर शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। आज ह्यरणभूमि-2025ह्न के पहले दिन कबड्डी, भालाफेंक, गोलाफेंक, 100 मीटर दौड़ समेत एक दर्जन प्रतियोगिताओं में विजेताओं ने अगले दौर में प्रवेश किया। इस अवसर पर सी.ई.ओ.अजय श्रीवास्तव, डीन एकेडमिक डा.राजेश सिंह, डा. आशुतोष गौतम, डा. योगेश्वर शर्मा, डा. वी.एन.झा, रीना जोशी, डा. राजवर्धन सिंह, डा. दिनेश गौतम एवं मेरठ परिसर से डा.प्रताप सिंह, डा.विवेक सचान, डा.मोहित शर्मा, मारूफ चौधरी, स्नेहलता गोस्वामी, एस. एस. बघेल, डा. मंजरी राणा, डा. मनीष शर्मा, अनुषा कर्णवाल, रूविना, अखिल कुमार, संजीव कुमार, रश्मि राणा, पूजा ऐरी, नीमा विष्ट, प्रतिभा, रीना नेगी, हरप्रीत कौर, हिमानी, सुमनदीप, पूजा कुमारी, जुनैद, पूजा सिजवाली एवं मीडिया प्रभारी विश्वास राणा आदि लोग उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### जेल प्रीमियर लीग में तीन मुकाबले खेले गए

ग्रेटर नोएडा,। लुक्सर स्थित जिला कारागार में चल रही जेल प्रीमियर लीग के पांचवें दिन शनिवार को क्रिकेट के तीन मुकाबले हुए। इसमें जेल लॉयन, जेल रॉयल और जेल सुपरकिंग्स की टीम विजेता रही। पहले मैच में जेल लॉयन ने 9 विकेट के नुकसान पर 106 रन बनाए। जेल इंडियन इस लक्ष्य को हासिल नहीं कर सकी और 15 के रन से मैच हार गई। दूसरे मैच में जेल रॉयल के बल्लेबाजों ने 104 रन बनाए। इस लक्ष्य को हासिल करने में सनराइजर्स नाकाम रही और 12 ओवरों में मात्र 86 रन बनाकर टीम ऑलआउट हो गई। तीसरे मैच में जेल नाइटराइडर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 90 रन बनाए। जेल सुपरकिंग्स ने 8वें ओवर में ही जीत दर्ज कर ली। इस अवसर पर जेल अधीक्षक बृजेश कुमार, राजीव कुमार सिंह, संजय कुमार शाही, सुरजीत सिंह आदि अधिकारी उपस्थित रहे।

### हैकथॉन में 300 से अधिक छात्रों ने हिस्सा लिया

ग्रेटर नोएडा,। नॉलेज पार्क स्थित शारदा विश्वविद्यालय में शनिवार को छठे टेक्नोवेशन हैकथॉन का शुभारंभ हुआ। इसमें अंतरराष्ट्रीय छात्रों के अलावा 18 राज्यों से 310 छात्र हिस्सा लिया। प्रतिभागी विभिन्न क्षेत्रों में नई तकनीक का इस्तेमाल और समाधान खोजेंगे। विजेता टीम को एक लाख रुपये और कुल मिलाकर 4.50 लाख रुपये के पुरस्कार दिए जाएंगे। विश्वविद्यालय के प्रो वाइस चांसलर डॉ. परमानंद ने बताया कि छात्र बैंकिंग में एआई का सर्वोत्तम उपयोग, धोखाधड़ी की जांच के लिए एआई, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के लिए पूर्वानुमानित मॉडलिंग, स्मार्ट ग्रिड विकास में एआई आदि क्षेत्रों में आ रही चुनौतियों का समाधान करने के लिए सहयोग और अत्याधुनिक समाधान विकसित करेंगे। प्रतिभागी एआई, डेटा एनालिटिक्स और स्थिरता प्रौद्योगिकियों का लाभ उठाते हुए विचार-मंथन, प्रोटोटाइपिंग और अपने विचारों को प्रस्तुत करेंगे।

### लोकतंत्र और मतदान विषय पर प्रतियोगिता हुई

नोएडा,। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की ओर से एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। इसमें प्रथम सत्र में लोकतंत्र और मतदान विषय पर स्लोगन और पोस्टर प्रतियोगिता हुई। दूसरे सत्र में स्वयं सेवक एवं सेविकाओं ने महाविद्यालय में श्रमदान कर महाविद्यालय प्रांगण से कूड़ा एकत्रित कर प्रांगण को स्वच्छ बनाया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ राजीव कुमार गुप्ता ने विद्यार्थियों को भारतीय लोकतंत्र के विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी। शिविर के समापन पर राष्ट्रीयसेवा योजना द्वितीय इकाई प्रभारी डॉ. याचना त्यागी ने सभी को मतदान के लिए शपथ दिलाई।

### महिला से मारपीट करने के मामले में चार पर केस दर्ज

नोएडा,। शराब के नशे में महिला के साथ मारपीट करने के मामले में पति समेत कुल चार लोगों के खिलाफ सेक्टर-113 थाने में केस दर्ज हुआ है। शिकायत में महिला ने बताया कि बीती 22 जनवरी को सुबह साढ़े तीन बजे जब वह अपने निवास स्थान पर थीं, तभी पति प्रतीक शर्मा शराब के नशे में आए और शारीरिक संबंध बनाने के लिए जोर जबरदस्ती करने लगे। विरोध करने पर प्रतीक ने गाली-गलौज कर मारपीट की। आरोपी ने महिला के घर में तोड़फोड़ भी की। महिला ने जब मामले की शिकायत पुलिस से करने की बाह कही तो प्रतीक ने अपनी माता, बहन और जीजा को भी बुला लिया। चारों ने दोबारा से महिला को पीटा और बैग में रखे एक लाख 50 हजार रुपये और गहने लेकर चले गए।

### संदिग्ध परिस्थितियों में दो सगी बहनें लापता

ग्रेटर नोएडा,। सूरजपुर कस्बे में रहने वाले दो सगी बहनें संदिग्ध परिस्थितियों में घर से लापता हो गईं। पड़ोसी ने दोनों बहनों को दो युवकों के साथ जाते देखा था। पिता ने इसकी शिकायत पुलिस से की है। पुलिस दोनों लड़कियों की तलाश में जुटी है। सूरजपुर कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक कस्बे की महामेघा वाली गली में 15 वर्षीय और 14 वर्षीय दो सगी बहनें परिवार के साथ रहती थी। पिता का आरोप है कि 21 जनवरी से दोनों बहनें घर से लापता हैं। परिजनों ने इधर-उधर दोनों को काफी तलाश किया, लेकिन कोई पता नहीं चला। पड़ोसी ने बताया कि उन्होंने दोनों बहनों को दो युवकों के साथ जाते हुए देखा था। पिता ने इस मामले में आरोपी अर्जुन और सुहेब के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया है। कोतवाली प्रभारी का कहना है कि पुलिस की टीम दोनों बहनों की तलाश में जुटी हैं। दोनों बहनों को जल्द सकुशल बरामद किया जाएगा। लड़कियों को ले जाने वाले दोनों युवकों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# Republic Day की फुल ड्रेस रिहर्सल में दिखा जवानों संग छात्रों का जोश, हेलीकॉप्टर से हुई फूलों की बारिश

प्रात : किरण, संवाददाता



लखनऊ। गणतंत्र दिवस की फुल ड्रेस रिहर्सल में जवानों के साथ-साथ स्कूली बच्चों ने भी जोश दिखाते हुए परेड में शिरकत की। चारबाग से विधान भवन होते हुए केडी सिंह स्टेडियम तक हुई परेड में आतंकवादी निरोधक दस्ता एटीएस के जवान हथियारों से लैस होकर देश की रक्षा के लिए एकजुटता दिखाई। एटीएस जवानों के आगे-आगे चल रही सेना की तोपें, देशभक्ति गीतों पर अलग-अलग स्कूलों के बच्चों ने नाचते-गाते विधानभवन के सामने से गुजरे। खास बात रही कि इन सब पर हेलीकॉप्टर ने फूलों की वर्षा की। परेड चारबाग से शुरू होकर बर्लिंगटन चौराहा, विधानसभा होते हुए केडी सिंह बाबू स्टेडियम तक गई। महिला होम गार्ड्स ने कथिा शक्ति प्रदर्शन यहां से यह रिहर्सल की परेड निकली, परेड का रिहर्सल देखने के लिए आसपास के लोग सुबह से ही उत्सुक दिखे। परेड में मुख्य रूप से भारतीय सेना के शौर्य को दिखाया गया। रिहर्सल के दौरान महिला होम गार्ड्स ने परेड के दौरान हथियारों के साथ शक्ति प्रदर्शन किया। गणतंत्र दिवस पर वीरता पुरस्कारों का एलान, 942 जवानों को मिलेंगे पदक वाहनों का बंद रहा आवागमन इसे देखकर लोगों ने खूब तालियां बजाई। एटीएस जवानों ने विधानसभा के सामने सलामी दी। परेड में सीनियर अधिकारी, सेना व पुलिस के जवान भी शामिल रहे। वहीं गणतंत्र दिवस परेड रिहर्सल के कारण चारबाग रेलवे स्टेशन के सामने बाल विद्या मंदिर के आसपास वाहनों का आवागमन बंद रहा। उधर रिहर्सल के बीच में हेलीकॉप्टर ने फूल बरसाने शुरू किए। इससे उत्साहित लोगों ने जयकारा लगाया। देशभक्ति गानों पर परेड की रौनक बढ़ गई है। स्कूल की छात्राओं ने दी प्रस्तुति मैं माटी म से माथा, भारत की शान तिरंगा... गीत पर छात्राओं ने शानदार प्रस्तुति दी। उनके डांस की लयबद्धता देखकर अधिकारी भी तालियां बजाते नजर आए। इसके अलावा अपना भारत वह भारत है, जिसके पीछे संसार चला... इस गाने पर परेड में शामिल छात्र-छात्राओं ने शानदार नृत्य पेश किया। इसके बाद भारत माता की जय के नारे भी लगाए गए। सीएम योगी की सांकेतिक फ्लीट पहुंची विधानभवन गणतंत्र दिवस परेड की रिहर्सल के दौरान सांकेतिक फ्लीट भी विधानभवन के सामने पहुंची। इस दौरान शासन व प्रशासन के अधिकारियों ने पूरी सतर्कता बरतते हुए फ्लीट को सुरक्षा घेरे में ले लिया। इस दौरान मंडलायुक्त रोशन जैकब, डीएम विशाख जी अय्यर, डीसीपी सेंट्रल रवीना त्यागी सहित कई अधिकारी मौजूद रहे। स्कूली बच्चों ने बजाया बैगपाइपर बैग पाइपर बैंड के साथ लखनऊ के महर्षि विद्यालय के बच्चों ने शानदार परेड निकाली। बच्चे लाइन से पूरी सावधानी के साथ परेड का हिस्सा बने। इसके अलावा सिटी मॉन्टेसरी स्कूल, सेंट जोसेफ, लखनऊ पब्लिक स्कूल सहित कई स्कूल के बच्चों ने अपनी प्रस्तुतियां विधानभवन के सामने दी।

# छात्र ने हॉस्टल का गेट तोड़ा तो बाउंसर ने फायरिंग की



प्रात : किरण, संवाददाता

ग्रेटर नो नोएडा,। नॉलेज पार्क थाना क्षेत्र में छात्र ने अपने साथियों के साथ मिलकर हॉस्टल का गेट तोड़कर जबरन प्रवेश किया। आरोप है कि इस पर बाउंसर ने फायरिंग कर दी। पुलिस ने मामले की जांच कर दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है। नॉलेज पार्क थाना प्रभारी ने बताया कि बुधवार की रात हॉस्टल में मारपीट और फायरिंग की सूचना मिली थी। पुलिस द्वारा इस प्रकरण की जांच की गई और सीसीटीवी कैमरे की फुटेज देखी गई। पुलिस की छानबीन में पता चला कि छात्र देवेश राणा अपने साथियों के साथ हॉस्टल पर पहुंचा था। छात्र ने हॉस्टल का गेट तोड़कर जबरन प्रवेश किया था। इसके बाद बाउंसर विनोद कुमार ने छात्र के ऊपर जान से मारने की नीयत से दो राउंड फायर किए। गनीमत रही कि गोली छात्र को नहीं लगी। पुलिस ने इस मामले में बाउंसर विनोद और छात्र देवेश और उसके अन्य साथियों पर मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस का कहना है कि आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है।

# मानवीय आधार के साथ समाज सेवा में रोटरी क्लब की भूमिका अतुलनीय : राज्यपाल

प्रात : किरण, संवाददाता

फरीदाबाद,। हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि मानवीय आधार पर जनसेवा को समर्पित होकर कार्य कर रहा रोटरी क्लब समाज में अतुलनीय भूमिका अदा कर रहा है। सामाजिक पहलू को सामने रखते हुए की जा रही सेवा के लिए वे रोटरी क्लब की पूरी टीम को बधाई देते हैं। राज्यपाल श्री दत्तात्रेय शनिवार को फरीदाबाद में रोटरी ब्लड बैंक चैरिटेबल क्लब की ओर से आयोजित सम्मान कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। राज्यपाल ने दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इससे पूर्व राज्यपाल ने रोटरी ब्लड बैंक का भी दौरा करते हुए वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और सेंटर में थैलिसीमिया पीड़ित बच्चों व उनके अभिभावकों से बातचीत भी की। राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि पूरे विश्व में थैलिसीमिया बीमारी से 13 लाख से ज्यादा पीड़ित लोग हैं। वहीं देश में थैलिसीमिया से ग्रस्त लोगों की संख्या एक लाख से अधिक है और हर साल करीब 15000 बच्चे इस बीमारी से ग्रस्त जन्म लेते हैं, जोकि चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि हमें जागरूकता अभियान चलाकर थैलिसीमिया से बचाव को लेकर लोगों को जागरूक करना चाहिए। राज्यपाल श्री दत्तात्रेय ने कार्यक्रम में संबोधित करते हुए कहा कि थैलिसीमिया एक गंभीर बीमारी है, जो कि एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी में होती रहती है। इससे पीड़ित बच्चों को ब्लड उपलब्ध करवाकर रोटरी ब्लड बैंक चैरिटेबल क्लब सराहनीय कार्य कर रहा है। इस क्लब के समस्त स्टाफ सदस्य निस्वार्थ भाव से पीड़ितों की सेवा कर रहे हैं। फरीदाबाद रोटरी ब्लड बैंक में प्रदेश के साथ-साथ अन्य राज्यों के थैलिसीमिया पीड़ित बच्चे भी रक्त चढ़वाने के लिए आते हैं। उन्होंने कहा कि नर सेवा ही नारायण सेवा है, जिसे रोटरी क्लब के सदस्य बखूबी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि फरीदाबाद रोटरी क्लब के प्रयासों से कॉलेजों, अस्पतालों सहित अन्य जगहों पर रक्तदान शिविर लगाए जाते हैं। इन शिविरों में युवाओं को अधिक से अधिक संख्या में रक्तदान करना चाहिए। राज्यपाल ने कहा कि सभी को अपने स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहना चाहिए। इस अवसर पर राज्यपाल श्री बंडारू दत्तात्रेय ने रोटरी क्लब के ट्रस्टी सदस्यों को सराहनीय कार्य करने के लिए सम्मानित भी किया।

# अटारी-वाघा बॉर्डर पर मोटू-पतलू का देशभक्ति संगम: BSF जवानों के साथ धूमधाम से मनाया गणतंत्र दिवस

प्त रिपब्लिक डे से पहले, निक इंडिया ने बीएसएफ और राउंड टेबल इंडिया के एफटीई स्कूल के बच्चों के साथ गणतंत्र दिवस को सेलीब्रेट किया प्त

● प्त बच्चों के पसंदीदा निकटून्स मोटू पतलू अटारी-वाघा बॉर्डर पर ध्वजारोहण समारोह में बीएसएफ जवानों के साथ नजर आये प्त

प्रात : किरण, संवाददाता

नई दिल्ली : गणतंत्र दिवस भारत के संविधान में निहित समानता और स्वतंत्रता के मूल्यों का उत्सव है, जो हमारे देश की खास पहचान हैं। इस बार निक इंडिया ने इस अवसर को अनोखे तरीके से मनाने के लिए बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स (बीएसएफ) के साथ साझेदारी की। अटारी-वाघा बॉर्डर पर आयोजित इस खास आयोजन में राउंड टेबल इंडिया के एफटीई स्कूल के बच्चों और उनके पसंदीदा निकटून किरदार, मोटू और पतलू ने जवानों के साथ समय बिताकर इस दिन को और भी यादगार बना दिया। यह दिन गर्व, उत्साह और खुशियों से भरपूर था, जहां बच्चों ने हमारे वीर जवानों के साथ अद्भुत पल साझा किए। दिन की शुरूआत बच्चों के प्यारे मोटू और पतलू के मस्ती भरे अंदाज से हुई। उनकी मजेदार हरकतों और हास्य ने न केवल बच्चों बल्कि जवानों के चेहरों पर भी मुस्कान ला दी। इस जोशीले माहौल में गणतंत्र दिवस के समारोह का आयोजन हुआ, जिसमें राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। तिरंगे की शान के नीचे राउंड टेबल इंडिया के एफटीई स्कूल के बच्चे,



मोटू-पतलू और बीएसएफ के जवान एक साथ खड़े होकर देशभक्ति के इस पावन क्षण का हिस्सा बने। सीमा पर लहराता तिरंगा इस एकता और देशसेवा का प्रतीक बन गया, जिसने वहां मौजूद हर व्यक्ति के मन में गर्व और प्रेरणा का संचार किया। टीआर अंतरप्रीत सिंह साहनी, चेयरमैन, एरिया 18, राउंड टेबल इंडिया और अमृतसर राउंड टेबल के अध्यक्ष टीआर नितिन मेहरा ने कहा, ह्न राउंड टेबल इंडिया के एफटीई स्कूल के बच्चों के लिए निक इंडिया और सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों के साथ अटारी-वाघा बॉर्डर पर गणतंत्र दिवस का जश्न मनाना एक यादगार अनुभव था। बच्चों ने जब अपने पसंदीदा मोटू-पतलू के साथ यह समारोह करीब से देखा, तो वे न सिर्फ उत्साहित हुए, बल्कि उन्हें गणतंत्र दिवस के महत्व से गहराई से जुड़ाव महसूस किया। यह पल उनके लिए गर्व और देशभक्ति से भरा हुआ था। गणतंत्र दिवस के इस खास आयोजन में बच्चों को इस दिन की अहमियत और हमारे संविधान में निहित मूल्यों को समझने का अवसर मिला। समारोह के दौरान बच्चों से कुछ सवाल पूछे गए, जैसे कि ह्लगणतंत्र दिवस का आपके लिए क्या महत्व है ?ह्व और ह्लऐसे कौन से तरीके हैं जिनसे लोग देश की मदद कर सकते हैं ?ह्व बच्चों ने इन सवालों के जवाब सरल लेकिन गहरी सोच के साथ दिए। उन्होंने कहा कि ह्लदूसरों की मदद कर हम अपने देश को मजबूत बना सकते हैंह्व और ह्लअपने आसपास सफाई रखकरह्व देश की शान बढ़ाई जा सकती है। इन मासूम लेकिन प्रभावशाली जवाबों ने सभी को सोचने पर मजबूर कर दिया। निक इंडिया हमेशा से बच्चों को नई सोच अपनाने, आभार जताने और जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रेरित करता रहा है। इस बार अटारी-वाघा बॉर्डर पर मोटू और पतलू के साथ गणतंत्र दिवस मनाने का आयोजन इसी का एक उदाहरण था। यह आयोजन दिखाता है कि छोटी-छोटी कोशिशों से भी बड़े बदलाव लाए जा सकते हैं। बच्चों के साथ बिताए इन पलों ने सभी के दिलों को छू लिया और उन्हें यह समझाया कि खेल-खेल में भी महत्वपूर्ण सीखें हासिल की जा सकती हैं।

# फरीदाबाद में महिला नशा तस्कर गिरफ्तार, आठ किलो गांजा बरामद

प्रात : किरण, संवाददाता



फरीदाबाद,। फरीदाबाद में अपराध शाखा बॉर्डर की टीम ने 8.185 किलो ग्राम गांजा के साथ महिला सहित दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस जांच में पता चला कि आरोपी उड़ीसा से लाकर फरीदाबाद में इसकी सप्लाई कर रहे थे। पुलिस आरोपियों को रिमांड पर लेकर पूछताछ कर रही है। अपराध शाखा बॉर्डर की टीम ने बताया कि उनको मुखबिर से सूचना मिली थी कि बदरपुर बॉर्डर के पास चाइनीज बाजार में गांजा बेचा जा रहा है। पुलिस ने टीम बनाकर मौके पर छापा मारकर एक महिला और व्यक्ति को मौके से पकड़ लिया। पुलिस द्वारा पकड़े गए आरोपियों में सोनिया नामक महिला और उसका साथी उमर मलिक शामिल है। महिला बिहार के गांव रसूक की रहने वाली और दिल्ली के जाफराबाद में किराए पर रह रही है। जबकि उसका साथी दिल्ली की जनता मजदूर कॉलोनी का रहने वाला है। दोनों की आरोपी दिल्ली में रहकर उड़ीसा से गांजा लाकर फरीदाबाद में सप्लाई का काम करते है। पुलिस को जांच में पता चला कि आरोपी पहले भी नशा तस्करी में जेल जा चुके है। दिल्ली के थाना सराय ख्वाजा में आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज है। आरोपी 8.185 किलोग्राम गांजा 50 हजार रुपए मे खरीद कर लेकर आए थे। पुलिस ने आरोपियों को शनिवार को कोर्ट में पेश किया। जहां से आरोपियों को रिमांड पर लिया गया है। आरोपियों से सोर्स की जानकारी के लिए पूछताछ की जाएगी।

# नोएडा में हिस्ट्रीशीटर बदमाश समेत दो गिरफ्तार, 10 किलो गांजा बरामद



प्रात : किरण, संवाददाता

नोएडा,। थाना सेक्टर 39 पुलिस ने आज एक सूचना के आधार पर एक हिस्ट्रीशीटर सहित दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से पुलिस ने 10 किलो गांजा बरामद किया है। पुलिस ने इनके पास से घटना में प्रयुक्त होने वाली कार भी बरामद किया है। अभियुक्त एनसीआर क्षेत्र में अवैध रूप से गांजा बेचने, लूटपाट व चोरी करने के धंधे में लिप्त है। हिस्ट्रीशीटर बदमाश के खिलाफ नोएडा के विभिन्न थानों में 18 मुकदमें दर्ज है। थाना सेक्टर-39 के प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि आज लोकल इंटेलिजेंस व गोपनीय सूचना की सहायता से गांजे की तस्करी करने वाले दो अभियुक्तमंतोष झा उर्फ कल्फू पुत्र संभूनाथ झा (हिस्ट्रीशीटर) तथा आशीष उर्फ अंकित पुत्र राघे श्याम को थाना क्षेत्र के सिक्का मॉल के सामने सर्विस रोड से गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि अभियुक्त एक कार में सवार होकर गांजा बेचने जा रहे थे। उनकी कार की तलाशी लेने पर उसमें से 10 किलो गांजा बरामद हुआ है। उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान गिरफ्तार बदमाशों ने पुलिस को बताया है कि वे लोग लूटपाट, चोरी और गांजा तस्करी के अपराध को कारित करते हैं। उन्होंने बताया कि मंतोष झां थाना सेक्टर-39 का हिस्ट्रीशीटर बदमाश है। इसके खिलाफ पूर्व में लूटपाट, पुलिस पर जानलेवा हमला करने, चोरी सहित विभिन्न धाराओं में कई मुकदमे दर्ज हैं। अभियुक्तों द्वारा पूछताछ के दौरान बताया गया कि वह लोग नशे का कारोबार करते है और गांजे को एनसीआर में अलग-अलग जगहों पर बेचते हैं। उन्होंने बताया कि अभियुक्तों के संबंध में विस्तृत जानकारी की जा रही है।

# फरीदाबाद : सात हजार की रिश्वत सहित ईएएसआई गिरफ्तार



फरीदाबाद,। फरीदाबाद में एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने बल्लभगढ़ बस अड्डा चौकी में तैनात पुलिस ईएएसआई को 7 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। वह महाराजा गेस्ट हाउस से हर महीने पांच हजार रुपए लेता था और इस बार राशि बढ़ा कर सात हजार कर दी थी। एसीबी उससे पूछताछ कर रही है। फरीदाबाद में संजय कॉलोनी की रहने वाली सुधा मिश्रा ने एसीबी में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में उन्होंने बताया कि वह बल्लभगढ़ स्थित महाराजा गेस्ट हाउस को लीज पर चला रही हैं। बस अड्डा चौकी में तैनात ईएएसआई जयवीर सिंह गेस्ट हाउस को चलाने की एवज में हर महीने 5, 000 रुपए की रिश्वत की मांग करता था। हाल ही में उसने यह राशि बढ़ाकर सात हजार रुपये कर दी थी। शिकायत के आधार पर एसीबी की टीम ने एक योजना बनाई और आरोपी को रंगे हाथों पकड का प्लान तैयार किया। टीम ने गेस्ट हाउस में छापेमारी कर आरोपी को रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार कर लिया। एसीबी ने आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम, 1988 की धारा 7 के तहत मामला दर्ज कर लिया है। कानूनी प्रक्रिया के तहत आरोपी को कोर्ट में पेश किया जाएगा।

# संविधान हमारी ताकत व गौरव : बंडारू दत्तात्रेय

महामहिम राज्यपाल ने पढ़ी संविधान की प्रस्तावना




प्रात : किरण, संवाददाता

फरीदाबाद,। हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दतात्रेय ने कहा कि देश का संविधान हमें अपने अधिकारों के प्रति जागरूक करने के साथ ही अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने का मार्ग प्रशस्त करता है। संविधान के अंगीकृत करने की हम 75वी वर्षगांठ मना रहे हैं और यह वर्षगांठ हमें संविधान के उद्देश्यों से अवगत कराने का सशक्त माध्यम बन रही है। राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने शनिवार को फरीदाबाद में जिला प्रशासन की ओर से आयोजित ह्नहमारा संविधान-हमारा स्वाभिमानह्व थीम के साथ मनाए जा रहे राज्यस्तरीय कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि शिरकत कर संविधान की प्रस्तावना का गरिमामयी ढंग से वाचन करवाया। कार्यक्रम में डीसी विक्रम सिंह ने राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय का स्वागत करते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा से अवगत कराया। दीप प्रज्ज्वलन के साथ ह्नह्नहमारा संविधान हमारा स्वाभिमानह्वह्व राज्यस्तरीय कार्यक्रम का विधिवत रूप से शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में राज्यपाल बंडारू दतात्रेय ने अपने संदेश में कहा कि संविधान की प्रस्तावना हमें समाज के प्रति अपने अधिकारों की जानकारी का ज्ञान कराने के साथ ही सशक्त नागरिक के रूप में निभाई जाने वाली भूमिका के उद्देश्य से अवगत कराते हुए सार्थक संदेश देती है। उन्होंने कहा कि नई पीढ़ी को संविधान के बारे में विस्तार से जानकारी देने के लिए इस प्रकार के आयोजन महत्ती भूमिका निभाते हैं। जीवन को किस तरीके से समाज में यापन किया जाए वह सभी प्रकार के माध्यम संविधान में निहित हैं। उन्होंने युवाओं को संविधान के बारे में अवश्य पढने. और उन्हें उनमें निहित अधिकारों के बारे में जानकारी हासिल कर श्रेष्ठ नागरिक बनकर देश सेवा करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि संविधान हमारी ताकत है व हमारा गौरव है। मुख्यातिथि ने हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान पर आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र वितरित कर सम्मानित किया। हमारा संविधान-हमारा स्वाभिमान कार्यक्रम में राज्यपाल ने कहा कि संविधान की प्रस्तावना में जो शब्द हम भारत के लोग लिखे गए हैं वे इस बात का प्रतीक हैं कि वास्तविक स्रोत समाज के प्रबुद्ध व्यक्ति ही हैं। यह हमारे लिए समानता, स्वतंत्रता व भाईचारे का संदेश देता है। साथ ही हमारी एकता व हमारी पहचान का आधार है। संविधान ने हमें मौलिक कर्तव्यों की भी शिक्षा दी है। यह कर्तव्य हमें अपने राष्ट्र की एकता व अखंडता को बनाए रखने, पर्यावरण की रक्षा करना, हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का सम्मान करने की जिम्मेदारी भी सौंपता है। इस अवसर पर डीसी विक्रम सिंह, एडीसी साहिल गुप्ता, एसडीएम बल्लभगढ़ मयंक भारद्वाज व डीआईपीआरओ दिनेश कुमार सहित संबंधित अधिकारी व प्रतिभागी मौजूद रहे।

# ग्रेटर नोएडा : जूम ऐप पर कार की बुकिंग, फिर करते थे बिक्री, तीन गिरफ्तार



प्रात : किरण, संवाददाता

ग्रेटर नोएडा,। ग्रेटर नोएडा के थाना बिसरख पुलिस ने तीन ऐसे बदमाशों को गिरफ्तार किया है, जो जूम ऐप के माध्यम से कार बुक करते थे। इसके बाद गाड़ी को बेचकर फरार हो जाते थे। इन बदमाशों के कब्जे से महिंद्रा थार बरामद हुई है। डीसीपी शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि शुक्रवार को सुपरटेक ईकोविलेज-1 के एक निवासी ने सूचना दी थी कि उनकी थार गाड़ी (पत्नी के नाम रजिस्टर्ड) है। वह गाड़ी को जूम ऐप के जरिए किराए पर देते हैं। पिछले साल 23 दिसंबर को ऐप के माध्यम से पीड़ित की गाड़ी को सूर्यकांत नाम से बुक किया गया था। बुकिंग के बाद एक व्यक्ति जतिन आया और गाड़ी लेकर चला गया। इसके बाद गाड़ी वापस नहीं मिली। पीड़ित की शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज करके मामले की जांच शुरू की गई। घटना के खुलासे के लिए टीमों का गठन किया गया था। पुलिस ने जब इस केस की जांच शुरू की तो गिरोह के बारे में जानकारी मिली। यह भी पता चला कि गिरोह ऐप के जरिए किराए पर गाड़ी बुक करता था और बाद में बेच देता था। शनिवार को पुलिस ने गोपनीय सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए चेकिंग के दौरान तीन लोगों को गिरफ्तार किया। इनकी पहचान प्रशांत ठाकुर, विनय सिरोही और जतिन वोइस के रूप में की गई। तीनों को पुलिस ने एटीएस गोल चक्कर के पास से पकड़ा। इनके कब्जे से पीड़ित की थार गाड़ी भी बरामद की गई है। डीसीपी शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि इस गैंग को प्रशांत ठाकुर चलाता है। इससे पहले भी गिरफ्तार शातिर दिल्ली में ऐसे ही एक कार की चोरी के मामले में जेल जा चुके हैं। इनके खिलाफ दिल्ली में एक मामला दर्ज है। पुलिस गिरफ्तार आरोपियों के आपराधिक इतिहास का पता लगा रही है। प्रशांत ठाकुर (शाहदरा, दिल्ली), विनय सिरोही (स्याना, बुलंदशहर) और जतिन वोइश (देहरादून, उत्तराखंड) का रहने वाला है।

# गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में तिरंगा यात्रा निकाली



ग्रेटर नोएडा,। ग्रेटर नोएडा वेस्ट में नेफोवा, फाउंडेशन विभिन्न साइकिलिस्ट ग्रुप और मैराथन धावकों ने मिलकर 76वें गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में शनिवार को तिरंगा यात्रा निकाली। इसमें भारी संख्या में लोग कार, बाइक, साइकिल से तिरंगा लेकर शामिल हुए। अध्यक्ष अभिषेक कुमार ने कहा कि तिरंगा यात्रा का मकसद सिर्फ रैली निकालना तक सीमित नहीं था, बल्कि देश के संविधान के प्रति अपने अटूट आस्था और विश्वास को प्रदर्शित करना रहा। इस तिरंगा यात्रा में साइकिलिस्ट ग्रुप से भावना गौर, तनु भार्गव, पंकज वालेचा, राजसुता गंगवार, आर एस उप्पल और नेफोवा परिवार की तरफ से मिहिर गौतम, अनिल वर्मा, एडवोकेट नीलम, पवन चौधरी एवं अन्य कार्यकर्ता शामिल हुए।

# परेश रावल की फिल्म द स्टोरीटेलर का ट्रेलर रिलीज

प्रात: किरण,/ एजेसी




मुंबई, । बॉलीवुड के जानेमाने चरित्र अभिनेता परेश रावल की फिल्म द स्टोरीटेलर का ट्रेलर रिलीज हो गया है।

फिल्म द स्टोरी टेलर, महान फिल्मकार सत्यजीत रे की प्रतिष्ठित लघु कथा गोल्पो बोलो तारिणी खुरो से प्रेरित है।

इस फिल्म का निर्देशन अनंत नारायण महादेवन ने किया है। इस फिल्म में परेश रावल, आदिल हुसैन, रेवती और तनिष्ठा चटर्जी सहित कई बेहतरीन कलाकारों ने अभिनय किया है।

द स्टोरीटेलर का ट्रेलर रिलीज हो गया है।

अनंत महादेवन ने कहा,मेरे लिये द स्टोरीटेलर पर काम करना वाकई खुद के लिए काम करने जैसा अनुभव था। सत्यजीत रे की कहानी की खूबसूरती इसके कालातीत सार-तत्व में है और इतने शानदार कलाकारों के साथ इसे परदे पर उतारना किसी चमत्कार से कम नहीं था। असली चुनौती थी रे के मिलनसार मन को समझना और फिल्म को उसी तरह कल्पना करने की कोशिश करना जैसा वे खुद करते। डिज्नी+ हॉटस्टार का इतने बड़े प्लेटफॉर्म के साथ अपने दर्शकों से करीबी जुड़ाव है और मैंने इस करीबी अहसास को फिल्म बनाने की पूरी प्रक्रिया में महसूस किया। मैं बेहद उत्सा हित हूं कि लोग इस फिल्म को देखें और मेरे लिए इस फिल्मक को खास बनाने वाली भावनाओं का अहसास करें।

मुझे उम्मीद है कि यह फिल्मम सभी को पसंद आएगी।

परेश रावल ने कहा कि, तारिणी खुरो का किरदार निभाना ज्ञान, हाजिरजवाबी और आश्चर्य की दुनिया में कदम रखने जैसा था।

यह सिर्फ.एक कहानी नहीं है, यह जज्बात का एक सफर है जो खत्म होने के बाद भी लंबे समय तक आपके जेहन में रहता है।

मुझे बेहद खुशी है कि द स्टोरीटेलर अब डिज्नी+ हॉटस्टार के जरिए घर-घर तक पहुंचेगी, और मैं इस फि ल्म के जादू, हास्य और कहानी को हर किसी तक पहुँचाने का बेसब्री से इंतजार कर रहा हूँ। यह मेरी आत्मा का एक हिस्सा है जिसे मैं दर्शकों के साथ साझा कर रहा हूं।

आदिल हुसैन ने कहा कि, द स्टोरीटेलर एक फिल्म से बढ़कर है। यह हमारी जिन्दगी को आकार देने वाली कहानियों और हमें इंसान बनाने वाले रिश्तों का एक दिल को छू जाने वाला सेलिब्रेशन है।

इस खूबसूरत सफर का हिस्सा होना सम्मान की बात है और यह जानकार मुझे बेहद खुशी हो रही है कि अब यह फिल्म डिज्नी+ हॉटस्टार के माध्यम से लोगों तक पहुँचेगी। मुझे उम्मीद है कि यह हर किसी की जिंदगी में गर्मजोशी, हँसी और मायने लेकर आएगी, ठीक वैसी ही जैसे हमने इसे बनाने के दौरान महसूस किया था।

रेवती ने कहा कि, यह उन दुर्लभ फिल्मों में से एक है जो सीधे दिल में उतरती है।

द स्टोरीटेलर हमें कहानियों की किसी भी दुख से उबारने की ताकत, इंसानी रिश्तों की खूबसूरती और उनमें बसे सदाबहार ज्ञान की याद दिलाती है।

यह जानकर बहुत भावुक महसूस कर रही हूं कि यह अविश्वसनीय कहानी अब डिज्नी+ हॉटस्टार पर दर्शकों के देखने के लिए उपलब्ध होगी।

मुझे उम्मीद है कि यह आपके दिलों को छूएगी, आपको प्रेरित करेगी और आपके मन में बसी रहेगी, ठीक वैसे ही जैसे यह मेरे मन में बसी है।

फिल्म द स्टोरी टेलर को जियो स्टूडियोज, पर्पज एंटरटेनमेंट और क्वेलस्ट फिल्म्स की प्रोडक्शन कंपनी के तहत ज्योति देशपांडे, सलिल चतुर्वेदी, सौभाग्य चटर्जी, शुभा शेट्टी के कुशल निर्माण में बनाया गया है।

यह फिल्म 28 जनवरी को डिज्नी+ हॉटस्टार पर रिलीज होगी।

# गणतंत्र दिवस पर रिलीज होगा फिल्म थलपति 69 का पहला लुक




प्रात: किरण,/ एजेसी

मुंबई, । दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार थलपति विजय की फिल्म थलपति 69 का पहला लुक रिलीज होगा। केवीएन प्रोडक्शंस ने थलपति 69 के बारे में एक बड़ा अपडेट दिया है, जो थलपति विजय की आखिरी फि ल्म है। व्यापक रूप से 2025 की सबसे प्रतीक्षित फि ल्म मानी जाने वाली इस फि ल्म का पहला लुक रविवार, 26 जनवरी को जारी किया जाएगा। बढ़ती उत्सुकता को और बढ़ाते हुए, निर्माताओं ने थलपति विजय के असाधारण करियर को उनकी पहली फि ल्म से लेकर उनकी 68वीं फि ल्म तक के जश्न में डूबा देने वाला एक विशेष वीडियो मोंटाज जारी किया है। इस श्रद्धांजलि ने दर्शकों को उनकी 68 प्रतिष्ठित फि ल्मों की याद दिला दी है, जो भारतीय फि ल्म परिदृश्य को फिर से परिभाषित करने वाले व्यक्ति के लिए एक उपयुक्त श्रद्धांजलि है। यह असेंबल थलपति 69 के इर्द-गिर्द चर्चा को और तेज कर देता है, जो कि थलपति विजय के शानदार करियर की सबसे बड़ी उपलब्धि बनती जा रही है। अपने सोशल मीडिया पर उनकी खबर साझा करते हुए केवीएन ने लिखा,हम एक अपडेट लेकर आए हैं 69% पूरा हो गया। फिल्म थलपति 69 के निर्देशक एच. विनोथ हैं, जो अपनी मनोरंजक कहानियों से दर्शकों को बांधे रखने की अपनी क्षमता के लिए प्रसिद्ध हैं। रॉकस्टार अनिरुद्ध इस फिल्म का संगीत तैयार कर रहे हैं। इस फिल्म का निर्माण केवीएन प्रोडक्शंस के वेंकट के. नारायण ने किया है। सह-निर्माता जगदीश पलानीसामी और लोहित एन. के. हैं।

# जुनैद और खुशी के साथ काम करना खूबसूरत अनुभव : फराह खान

प्रात: किरण,/ एजेसी



मुंबई, । बॉलीवुड की जानीमानी कोरियोग्राफर-फिल्मकार फराह खान ने कहा है कि जुनैद खान और खुशी कपूर के साथ काम करना उनके लिये खूबसूरत अनुभव रहा है। फराह खान ने कहा कि आज के नए सितारों के साथ काम करना उनके लिए एक इमोशनल अनुभव है, क्योंकि ये उन बड़े सितारों के बच्चे हैं, जिनके साथ उन्होंने अपने करियर की शुरुआत में काम किया था। उन्होंने बताया कि जब वह इन स्टार किड्स को परफॉर्म करते हुए देखती हैं, तो उन्हें उनके पेरेंट्स के साथ बिताए गए दिन याद आ जाते हैं। फराह खान ने आमिर खान के बेटे जुनैद खान और दिवंगत श्रीदेवी की बेटी खुशी कपूर की फिल्म लवयापा में कोरियोग्राफ करने के अनुभव पर बात करते हुए कहा, यह मेरे लिए एक अद्भुत अनुभव था क्योंकि मुझे याद है, जब मैंने आमिर के साथ जो जीता वही सिकंदर में काम किया था, उसी दौरान जुनैद का जन्म हुआ था। हम सभी मंसूर और बाकी दोस्तों के साथ उनके घर उन्हें बधाई देने गए थे। श्रीदेवी के साथ भी मेरा खास रिश्ता था। मैं श्रीदेवी, बोनी और पूरे कपूर परिवार के काफी करीब थी। मेरे लिए उनके बच्चों के साथ काम करना बेहद खास और खूबसूरत अनुभव था। फराह ने कहा, यह अजीब सा लगता है कि मैं इतने लंबे समय से इंडस्ट्री में हूं। मुझे ऐसा महसूस नहीं होता, लेकिन जब मैं इन लोगों के साथ शूट करती हूं, तो एहसास होता है कि, ओह माय गॉड, मैंने अपने करियर की शुरुआत आमिर के साथ की थी और अब मैं उनके बेटे को कोरियोग्राफ कर रही हूं। फैंटम स्टूडियोज और एजीएस एंटरटेनमेंट निर्मित प्रोड्यूस और अद्वैत चंदन निर्देशित फिल्म लवयापा 07 फरवरी को रिलीज होगी।

# जयपुर में होगा 25वां आईफा अवॉर्ड्स, शाहरुख खान और कार्तिक आर्यन करेंगे होस्ट



प्रात: किरण,/ एजेसी

मुंबई, । राजस्थान की राजधानी जयपुर में अंतर्राष्ट्रीय भारतीय फिल्म अकादमी पुरस्कार (आइफा) का 25 वां संस्करण आयोजित किया जायेगा। आइफा अवॉर्ड्स का सिल्वर जुबली सेलिब्रेशन जयपुर में 08-09 मार्च को आयोजित होगा। इस आयोजन की शुरूआत आठ मार्च को सोभा रियल्टी आइफा डिजिटल अवार्ड्स के साथ होगी। आइफा का ग्रैंड फिनाले नौ मार्च को होगा, जिसमें सिनेमा के सितारों को सम्मानित किया जाएगा और वैश्विक मंच पर भारतीय सिनेमा के प्रभाव का जश्न मनाया जाएगा। शाहरुख खान और कार्तिक आर्यन आइफा अवॉर्ड्स को होस्ट करेंगे। शाहरुख खान ने कहा, आइफा मेरी सबसे खूबसूरत यादों का हिस्सा है। लंदन में हुए पहले आयोजन से लेकर आज तक, यह भारतीय सिनेमा की वैश्विक पहचान को बढ़ावा देने वाला एक विशेष मंच है। आइफा केवल एक अवॉर्ड शो नहीं है, बल्कि यह हमारी कला, संस्कृति और कहानियों को दुनियाभर में ले जाने की विरासत है। जयपुर, राजस्थान की समृद्ध परंपरा और रंगीन संस्कृति के बीच, यह आयोजन बेहद खास होगा। मैं इस जादुई सफर में अपने प्रशंसकों और दोस्तों के साथ नई यादें बनाने का बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं। कार्तिक आर्यन ने कहा कि मैं जयपुर, राजस्थान के जीवंत हृदय में भारतीय सिनेमा की वैश्विक सफलता का जश्न मनाने के लिए रोमांचित हूं, क्योंकि मुझे इस मार्च में आइफा की ऐतिहासिक 25वीं वर्षगांठ समारोह की मेजबानी करने का सम्मान मिला है। जिसका मुझे बेसब्री से इंतजार था और यह 2025 की शुरूआत करने का सबसे सही तरीका है। गौरतलब है कि पिछले साल आइफा अवॉर्ड्स अबू धाबी में आयोजित हुआ था,जहां शाहरुख खान ने करण जौहर के साथ मेजबानी की थी। इस साल जयपुर का यह आयोजन भारतीय सिनेमा के 25 साल के इस यादगार सफर को और भव्यता प्रदान करेगा।

# बिग बॉस 18 के बाद साथ दिखे करण-चुम दरांग, फैंस की खुशी का नहीं रहा ठिकाना



प्रात: किरण,/ एजेसी

मुंबई, । बिग बॉस 18 में करण वीर मेहरा और चुम दरांग बतौर कंटेस्टेंट शामिल हुए थे। इस शो के विनर करण वीर मेहरा बने और चुम दरांग ने टॉप 5 में अपने लिए जगह बनाई थी। शो के दौरान इनके बीच एक अलग तरह की केमिस्ट्री देखी गई। करण वीर मेहरा ने चुम दरांग के लिए अपनी फीलिंग्स को भी जाहिर किया था लेकिन तब चुम दरांग ने कहा था कि शो से बाहर जाने के बाद ही इस सब्जेक्ट पर बात करेंगे। ऐसे में करण और चुम दरांग के फैंस काफी निराश हुए। हाल ही में इस जोड़ी को साथ देखा गया, यह वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। फैंस के भी खूब रिएक्शन आ रहे हैं। जानिए, क्या रहा अपनी पसंदीदा जोड़ी को देखकर फैंस का सोशल मीडिया पर रिएक्शन? चुम दरांग का प्यार से करण को देखना जब करण वीर मेहरा और चुम दरांग को साथ देखा गया तो पैपराजी भी इस जोड़ी की तस्वीरें, वीडियोज ले रहे थे, ऐसे में फैंस ने गौर किया कि चुम दरांग बहुत ही प्यार से करण वीर मेहरा को देख रही हैं। एक सोशल मीडिया यूजर लिखता है- ह्यजिस तरह से चुम, करण को देख रही है, उस तरह से पहले कभी नहीं देखा है ह्व आगे ये सोशल मीडिया यूजर, इमोशनल वाला और हार्ट का इमोजी बनाता है। जोड़ी को सबसे बेस्ट बताया सोशल मीडिया पर एक और यूजर लिखती है- ह्ययह मेरे लिए सबसे बड़ा गिफ्ट है, करण और चुम दरांग को साथ देखकर मैं कितनी खुश हूं, बता नहीं सकती हूं ह्व ऐसे ही कई और कमेंट्स भी करण वीर मेहरा और चुम दरांग की जोड़ी को लेकर उनके फैंस ने किए हैं। इस जोड़ी को फैंस ने सबसे बेस्ट जोड़ी बताया। विवियन पर भी तंज कसा कुछ सोशल मीडिया यूजर्स ने करण और चुम दरांग पर खूब प्यार बरसाया तो वहीं कुछ लोगों ने विवियन डिसेना पर भी तंज कसा। विवियन डिसेना भी बिग बॉस 18 में बतौर प्रतियोगी नजर आए थे, वह शो के रनअप रहे। हाल ही में विवियन डिसेना ने एक पार्टी दी जिसमें करण वीर मेहरा और चुम दरांग को नहीं बुलाया था। विवियन की पार्टी को करण के फैंस ने सोशल मीडिया पर एक पीआर स्टंट बताया।

# कुणाल खेमू ने अपनी शादी की 10वीं सालगिरह पर पत्नी सोहा अली खान को समर्पित किया तेनु ले

प्रात: किरण,/ एजेसी

मुंबई, । बॉलीवुड अभिनेता कुणाल खेमू ने अपनी शादी की 10वीं सालगिरह पर पत्नी सोहा अली खान को गाना ह्यतेनु लेह्व समर्पित किया है।

कुणाल खेमू और सोहा अली खान अपनी शादी की 10वीं सालगिरह मना रहे हैं।

इस खास मौके पर दोनों ने सोशल मीडिया पर एक-दूसरे के प्रति प्यार जताया।

अभिनेता और निर्देशक कुणाल ने इंस्टाग्राम पर सोहा के साथ रोमांटिक तस्वीरों के संग्रह के साथ एक भावपूर्ण संदेश साझा किया।

उन्होंने लिखा,धूप में, बारिश में।

खुशी में, दर्द में। तुम ठंड को गर्म बना देती हो और तुम अजीबोगरीब चीजों को समझदारी भरा बना देती हो। यदि तुम मेरी साथी, मेरी पत्नी न होतीं, तो यह जीवन नामक यात्रा अधूरी रह जाती।

10वीं सालगिरह मुबारक, मेरी जान।उन्होंने अपना सुपरहिट गाना तेनु ले भी सोहा को समर्पित किया, और बताया कि यह हमेशा से उनके लिए था, उनसे मिलने से पहले भी।

सोहा ने एक खूबसूरत वीडियो मोंटाज पोस्ट किया, जिसमें उनके दशक भर के सफर का सार कैद किया गया था, जिसमें अंतरंग पल भरे हुए थे।

उनका कैप्शन था,दस साल बाद. मैं अभी भी करती हूं, और हमेशा करती रहूँगी।

# किस-किस को प्यार करूं 2 शूटिंग शुरू, फिर से हंसाएंगे कपिल शर्मा

प्रात: किरण,/ एजेसी



मुंबई, । अपनी कॉमेडी से दर्शकों को हंसाने वाले कॉमेडियन-अभिनेता कपिल शर्मा बहुप्रतीक्षित सीक्वल किस किसको प्यार करूं 2 के साथ वापसी को तैयार हैं। अभिनेता ने आगामी फिल्म की शूटिंग मुंबई में शुरू कर दी है। हिट कॉमेडी फिल्म किस किस को प्यार करूंह्व के बहुप्रतीक्षित सीक्वल की शूटिंग आधिकारिक तौर पर मुंबई में शुरू हो चुकी है। अनुकल्प गोस्वामी के निर्देशन में तैयार फिल्म में कपिल शर्मा मुख्य भूमिका में हैं। हंसी और हंगामे के साथ डबल डोज देने वाली फिल्म के सीक्वल के निमार्ता रतन जैन, गणेश जैन और अब्बास-मस्तान हैं, जिसका निर्माण वीनस वर्ल्डवाइड एंटरटेनमेंट के तहत अब्बास मस्तान फिल्म प्रोडक्शन ने किया है। इस फिल्म में कपिल और अब्बास-मस्तान की जोड़ी फिर से साथ काम करने के लिए तैयार है। अब्बास मस्तान ने किस किसको प्यार करूं पहली फिल्म का निर्देशन किया था। किस किसको प्यार करूं 2 में अभिनेता कपिल शर्मा के साथ मनजोत सिंह भी नजर आएंगे। किस किस को प्यार करूंह्व की बात करें तो इसका निर्देशन अब्बास मस्तान ने किया था, जो साल 2015 में रिलीज हुई थी। कॉमेडी फिल्म के साथ कपिल शर्मा ने बॉलीवुड में अपने फिल्मी करियर की शुरूआत की थी। फिल्म में कपिल शर्मा के साथ अभिनेत्री साई लोकुर, जेमी लीवर, अरबाज खान, मंजरी फडनीस, सिमरन कौर मुंडी, एली अवराम, वरुण शर्मा, सुप्रिया पाठक, शरत सक्सेना और मनोज जोशी जैसे कलाकार अहम भूमिका में नजर आए थे। फिल्म में कपिल के किरदार का नाम कुमार शिव राम किशन रहता है। संक्षेप में फिल्म की कहानी पर नजर डालें तो इसमें कुमार ऐसी विषम परिस्थिति में फंस जाता है कि उसे तीन शादियां करनी पड़ती है। इसके अलावा उसकी एक खास दोस्त भी रहती है। तीन पत्नियों और एक गर्लफ्रेंड के साथ कुमार फंस जाता है और खुद को इस परिस्थिति में कैसे संभालता यही फिल्म का सार है।दर्शकों ने फिल्म में कपिल की कॉमेडी को ना केवल पसंद किया, बल्कि उनकी एक्टिंग को भी सराहा। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सफल थी।

# फ्री में ऑनलाइन देख रहे फिल्म पुष्पा 2: द रूल

मुंबई, । पुष्पा 2: द रूल रिलीज के डेढ़ महीने बाद भी यह फिल्म सिनेमाघरों में जोरदार प्रदर्शन कर रही है। फिल्म को और भी दिलचस्प बनाने के लिए, इसके निमार्ताओं ने 17 जनवरी को पुष्पा 2 रीलोडेड नाम से फिल्म का एक एक्स्टेंडे वर्जन सिनेमाघरों में रिलीज किया। इस वर्जन में कुछ नई और एक्स्ट्रा फुटेज यानी खास दृश्य जोड़े गए थे। लेकिन, यह फिल्म ऑनलाइन लीक हो गई है। पुष्पा 2 रीलोडेड को तेलुगु और हिंदी दोनों भाषाओं में पायरेसी वेबसाइटों पर लीक किया गया है। इसके बाद लोग इस फिल्म को एचडी, 1080पी, 720पी और 480पी जैसे कई अलग-अलग रिजॉल्यूशन में डाउनलोड कर के देख सकते हैं। इन लीक फिल्म के स्क्रीनशॉट्स सोशल मीडिया पर




वायरल हो रहे हैं। यह ध्यान देने योग्य है कि पुष्पा 2: द रूल भी रिलीज होते ही ऑनलाइन लीक हो गई थी, लेकिन इसका फिल्म की कमाई पर कोई असर नहीं पड़ा। पायरेसी के बावजूद, फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त सफलता हासिल की। सिनेमाघरों में दर्शकों की भारी भीड़ है, और फिल्म के टिकट भी बहुत तेजी से बिक रहे हैं। लोग अल्लू अर्जुन के शानदार अभिनय का आनंद ले रहे हैं। पुष्पा 2: द रूल का रनटाइम लगभग 3 घंटे और 20 मिनट था, लेकिन पुष्पा 2 रीलोडेड का नया रनटाइम 3 घंटे और 40 मिनट है, जिसमें 20 मिनट के नए फुटेज जोड़े गए हैं। इस नए वर्जन में कई रोमांचक एक्शन सीक्वेंस और पुष्पराज और एसपी शेखावत के बीच की तीव्र राइवलरी दिखाई गई है, जिससे फिल्म की कहानी और भी दिलचस्प हो गई है। बता दें कि पुष्पा 2: द रूल 5 दिसंबर, 2024 को रिलीज हुई थी और इसने बॉक्स ऑफिस पर सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। यह एक एक्शन थ्रिलर फिल्म है, जो अब तक सिनेमा की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन गई है।

# देसी लुक में खूबसूरती का जलवा बिखेरती नजर आईं मलाइका अरोड़ा

मुंबई, । 50 की उम्र पार कर चुकीं एक्ट्रेस मलाइका अरोडा आज भी किसी 22-23 साल की एक्ट्रेस को मात देने में सफल रहती हैं। बॉडीकॉन ड्रेस से लेकर पटियाला सूट पहनकर सबके मन चढ़ने वाली 51 साल की मलाइका ने एक बार फिर देसी लुक में अपनी खूबसूरती का जलवा बिखेरती नजर आईं। मिंट ग्रीन कलर की साड़ी में एक्ट्रेस हमेशा की तरह खूबसूरत लगीं। मलाइका की यह साड़ी खूबसूरत होने के साथ ही बेहद यूनिक भी थी। चलिए आपको बताते हैं उनकी साड़ी में क्या खास था। मलाइका को हाल ही में एक इवेंट के लिए वानी वत्स के फैशन लेबल वीवानी की खूबसूरत मिंट ग्रीन चंडीलियर ड्रॉप शिफॉन साड़ी पहने देखा गया। इस शिफॉन साड़ी को एक्ट्रेस ने हैंड एम्ब्रॉयडेड ब्लाउज के साथ पेयर किया। यह ब्लाउज बेशक जॉर्जेट ब्लाउज फैब्रिक का था, लेकिन इस पर शीशे को जड़ा गया था।

# अर्शी भारती की अदाओं ने जीते दिल, 90 सेकेंड की प्रेम कहानियों का डिजिटल की दुनिया में नया धमाका



प्रात: किरण,/ एजेसी

मुंबई, । जमशेदपुर से मुंबई कुछ बड़ा करने की हसरत लिए आई अभिनेत्री अर्शी भारती इन दिनों ओटीटी की नई सेंसेशन हैं। इसकी वजह है ओटीटी का वह प्रयोग जिसमें एफएम चैनलों की तरह कहानी को 90 सेकंड में कहने का जोर पकड़ रहा है। अर्शी भारती ने जब से अपने सोशल मीडिया पर अपनी डेब्यू सीरीज ह्यदिल तू जान तू का ट्रेलर साझा किया है, इस नए विचार की पूरे मुंबई मनोरंजन जगत में चचाएं हो रही हैं। वर्टिकल फॉर्मेट में बनी इस सीरीज से ही अर्शी का ओटीटी डेब्यू हो रहा है। छोटे परदे पर अर्शी भारती खूब कमाल दिखा चुकी हैं। व्हिसलिंग वूड्स इंटरनेशनल से निकलने के बाद अर्शी ने किशोर नमित कपूर के यहां से भी एक्टिंग का डिप्लोमा कोर्स किया और अपने पहले ही मौके में वह दर्शकों को आकर्षित करने में कामयाब रहीं। अर्शी को पहला मौका निर्देशक आशुतोष गोवारिकर की फिल्म पानीपत में कैमरे के सामने पहला ब्रेक मिला। इस फिल्म में वह कृति सैनन की सखी बनी हैं। और, इसके बाद जब वह ह्यतारक मेहता का उल्टा चश्मा में दिखीं तो लोग बस उन्हें देखते ही रह गए। अर्शी बताती हैं, मैंने सोनी टीवी का शो ह्यबरसातें प्यार का किया तो मेरे पास बहुत सारे फोन आए। इसमें मैंने शिवांगी जोशी की दोस्त का किरदार निभाया है। अभिनय और किरदार का रोमांच मुझे एक और स्तर ऊपर ले गया स्टार प्लस के शो रब राखा में जिसमें मुझे एक को पायलट का किरदार करने का मौका मिला। अर्शी आवाज की दुनिया में भी अच्छी पहचान बना रही है और उनकी आवाज कई ओटीटी सीरीज और फिल्मों में बतौर वॉयस आर्टिस्ट सुनाई देने लगी है। वेब सीरीज दिल तू जान तू का जिक्र चलने पर वह बताती हैं, ह्यये मेरी पहली ओटीटी सीरीज है। मान सकते हैं कि ये मेरा ओटीटी डेब्यू है। लेकिन, उससे भी बड़ी बात ये है कि ये देश में ओटीटी पर वर्टिकल सीरीज और सिर्फ डेढ़ मिनट यानी 90 सेकेंड में कहानी कहने की परंपरा को मजबूती दे रही है। इसके पहले नौ एपिसोड ओटीटी रीलीज पर जारी हो चुके हैं, अगले नौ एपिसोड अगले हफ्ते रिलीज होने वाले हैं। आमतौर पर ओटीटी पर दिखने वाली कहानियां क्षैतिजाकार (हॉरिजॉन्टल) तरीके से शूट की जाती है यानी कि वीडियो देखने के लिए मोबाइल को घुमाकर पकड़ना होता है। पर अब अमेरिका में कुछ ऐसे ओटीटी की खूब धूम मची है जिनमें वीडियो उध्वाकार्र (वर्टिकल) तरीके से शूट किए जा रहे हैं। रीलीज ओटीटी की पहचान इन्हीं वर्टिकल वीडियो सीरीज के चलते बनती दिख रही है। इसमें एपिसोड भी छोटे छोटे रखे जा रहे हैं।

# सिग्नेचर स्टाइल साड़ी में नजर आईं रेखा



प्रात: किरण,/ एजेसी

मुंबई, । बॉलीवुड एक्ट्रेस रेखा बेमिसाल सुंदरता और खूबसूरती के चलते अकसर चचाओं में रहती हैं। हाल ही में उन्हें डिनर के लिए बाहर जाते हुए देखा गया, जहां वें मोती से सजी सफेद रेशमी साड़ी में नजर आईं। एक्ट्रेस अपने यूनिक अंदाज के साथ रेखा हमेशा फैंस का दिल जीतने में सफल रहती हैं। बॉलीवुड की दिग्गज एक्ट्रेस रेखा बीती रात अपनी सिग्नेचर स्टाइल साड़ी में नजर आईं। उन्होंने सफेद और गोल्डन कलर की सिल्क साड़ी पहनी थी, जिसमें वें बेहद सुंदर लग रही थीं। साड़ी पर दी गई गोल्डन डिटेलिंग ने उनके लुक में चार चांद लगा दिए। एक्ट्रेस ने साड़ी के साथ फ्री-पल्लू कैरी किया, जो उनके लुक को और ज्यादा खूबसूरत बना रहा था। इस साड़ी के साथ एक्ट्रेस ने क्रू नेकलाइन वाला मैचिंग ब्लाउज पेयर किया। हालांकि, रेखा के इस लुक की लाइमलाइट उनका क्रीम कलर का रेशमी दुपट्टा बना, जिसे उन्होंने अपने शोल्डर पर शॉल की तरह लपेटा रखा था। रेखा का मेकअप हमेशा की तरह इस बार भी क्लासिक था। उन्होंने ब्राइट रेड लिपस्टिक, लाल बिंदी, और मैचिंग रेड नेल पेंट के साथ अपने लुक को निखारा। गालों पर हल्का ब्लश, डार्क आईब्रो और हल्का सा हाइलाइटर लगाया हुआ था। हेयरस्टाइल में उन्होंने मांग में सिंदूर भरते हुए बालों का खूबसूरत जूड़ा बनाया था। इसके साथ गोल्डन ईयररिंग्स और चूड़ियां उनके ट्रेडिशनल लुक को पूरा कर रही थीं। अपने लुक को और भी ग्रेसफुल बनाते हुए रेखा ने पर्स की जगह गोल्डन पोटली कैरी की और सनग्लासेस के साथ स्टाइल किया। चाहे कोई पार्टी हो या खास इवेंट, रेखा अपने शानदार फैशन सेंस से हर बार लोगों का दिल जीत लेती हैं। रेखा को देखकर कोई यकीन नहीं कर सकता कि उनकी उम्र 69 साल है। बढ़ती उम्र के साथ भी वे फैशन को नए लेवल पर ले जाने के लिए जानी जाती हैं।

# आईफा पुरस्कार ने भारतीय सिनेमा को दुनिया भर में आगे बढ़ाया: शाहरुख खान



प्रात: किरण,/ एजेसी

मुंबई, । बॉलीवुड अभिनेता शाहरुख खान ने भारतीय सिनेमा को वैश्विक मंच पर ले जाने का श्रेय अंतरराष्ट्रीय भारतीय फिल्म अकादमी (आईफा) पुरस्कारों को दिया है। पिछले दो दशकों से आईफा पुरस्कार से जुड़े बॉलीवुड कलाकार ने कहा,यह एक शानदार यात्रा रही है, यह बहुत मजेदार रही है। शो की शुरूआत से लेकर अंत तक, वे हमेशा हमारा ख्याल रखते हैं। खान ने शुक्रवार शाम को आईफा के संवाददाता सम्मेलन में संवाददाताओं को बताया कि उन्हें अतीत में आईफा पुरस्कार में प्रस्तुति देने और मेजबानी करने में बहुत मजा आया है। खान ने कहा कि वह जयपुर में आठ और नौ मार्च को आयोजित होने वाले आईफा पुरस्कार समारोह के 25वें संस्करण का हिस्सा बनने के लिए उत्साहित हैं। उन्होंने कहा, मैं एक फिल्म की शूटिंग शुरू करने जा रहा था और जब उन्होंने मुझे बताया कि आईफा के पच्चीस वर्ष पूरे होने जा रहे हैं और मुझे वहां होना चाहिए, तो मैं यहां भागा। मैं जयपुर आने और वहां आनंद लेने के लिए उत्सुक हूं। आगामी अवार्ड शो की मेजबानी करने जा रहे भूल भुलैया 3 के अभिनेता कार्तिक आर्यन ने कहा, आईफा की 25वीं वर्षगांठ का हिस्सा बनकर खुश हूं। मैं मेजबानी करने जा रहा हूं और मुझे उम्मीद है कि मैं दूसरा सर्वश्रेष्ठ प्रस्तोता बनूंगा क्योंकि कोई भी उन्हें (शाहरुख को) हरा नहीं सकता। जब भी शाहरुख सर ने मेजबानी की है या प्रदर्शन किया है तो स्टेडियम जैसा प्रभाव होता है। खान ने हल्के-फुल्के अंदाज में आर्यन को सिखाया कि जयपुर में लोगों की मेजबानी पधारो म्हारे देश, राजस्थान, से किया जाता है, आर्यन ने भी वही दोहराया। संवाददाता सम्मेलन में राजस्थान की उप-मुख्यमंत्री दीया कुमारी भी मौजूद थीं, जिन्होंने कहा कि जयपुर में आईफा पुरस्कार समारोह की मेजबानी करना उनके लिए सम्मान की बात है। उप मुख्यमंत्री ने कहा,हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नवाचार के माध्यम से पर्यटन को बढ़ावा देने के दृष्टिकोण से प्रेरित होकर, राजस्थान अपने वैभव को प्रदर्शित करने के इस अवसर को गर्व से स्वीकार करता है। उन्होंने कहा,तीन दिवसीय आईफा पुरस्कार समारोह और इससे संबंधित कार्यक्रम न केवल सिनेमाई उत्कृष्टता को सम्मानित करेंगे, बल्कि राजस्थान के जीवंत पर्यटन क्षेत्र में निवेश और विकास को भी बढ़ावा देंगे।

# सराफा बाजार में तेजी का रुख, महंगा हुआ सोना, चांदी की भी बढ़ी चमक

प्रात: किरण/एजेंसी

नई दिल्ली, । घरेलू सराफा बाजार आज तेजी का रुख बना हुआ है। सोना आज 310 रुपये से लेकर 340 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हो गया है। इसी तरह चांदी की कीमत में 1,100 रुपये प्रति किलोदग्राम तक की तेजी आई है। कीमत में उछाल आने के कारण देश के ज्यादातर सराफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 82,430 रुपये से लेकर 82,580 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी आज 75,560 रुपये से लेकर 75,710 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी की कीमत में भी तेजी आने के कारण दिल्ली सराफा बाजार में ये चमकीली धातु आज 97,600 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रही है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना 82,580 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 75,710 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 82,430 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 75,560 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 82,480 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 75,610 रुपये प्रति



10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 82,430 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 75,560 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 82,430 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 75,560 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सराफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 82,580 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 75,710 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 82,480 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 75,610 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 82,580 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 75,710 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सराफा बाजार में भी आज सोने की कीमत में तेजी आई है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 82,430 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सराफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 75,560 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# शेयर बाजार में लगातार तीसरे सप्ताह गिरावट रही जारी

- सेंसेक्स 428 अंक की गिरावट के साथ 76,190 पर बंद
- निफ्टी 111 अंक की गिरावट के साथ 23,092 पर बंद

प्रात: किरण/एजेंसी



मुंबई, । साप्ताहिक आधार पर लगातार तीसरे सप्ताह भी घरेलू शेयर बाजार में गिरावट जारी रही। ट्रंप सरकार की नीतियां, लगाता एफआईआई की बिकवाली, मिलेजुले तिमाही नतीजे और वैश्विक बाजार ने घरेलू शेयर बाजार का सेंटिमेंट खराब किया। हालांकि रूपए में मजबूती और कच्चे तेल की गिरावट से बाजार को सहारा मिला। हफ्ते के पहले कारोबारी दिन सोमवार को घरेलू शेयर बाजार में हल्की बढ़त देखी गई। शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 398.21 अंक चढ़कर 77,017.54 अंक पर खुला और 454.11 अंकों की बढ़त के साथ 77,073.44 पर बंद हुआ। इसी तरह निफ्टी 105.15 अंक चढ़कर 23,308.35 अंक पर खुला और 141.55 अंक मजबूत होकर 23300 का आंकड़ा पार करते हुए 23,344.75 पर बंद हुआ। घरेलू शेयर बाजार मंगलवार को सपाट शुरूआत के बाद लाल निशान पर आ गया। इस दौरान शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 188.28 अंक चढ़कर 77,261.72 पर खुला और 1,235.08 अंक या 1.60 प्रतिशत गिरकर 75,838.36 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी 52.65 अंक चढ़कर 23,397.40 अंक पर खुला और 141.55 अंक बढ़कर 23,344.75 पर बंद हुआ। घरेलू शेयर बाजार में बुधवार को तेजी देखी गई। शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 248.21 अंक चढ़कर 76,086.57 अंक पर खुला और 566.63 अंक बढ़कर 76,404.99 पर बंद हुआ। निफ्टी 95.50 अंक चढ़कर 23,120.15 अंक पर खुला और 130.70 अंक चढ़कर 23,155.35 पर बंद हुआ। घरेलू शेयर बाजार गुरुवार को शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 136.01 अंक गिरकर 76,268.98 अंक पर खुला और 115.39 अंक चढ़कर 76,520.38 पर बंद हुआ। निफ्टी 46.65 अंक गिरकर 23,108.70 अंक पर खुला और 50.00 अंकों की मजबूती के साथ 23,205.35 पर बंद हुआ। घरेलू शेयर बाजार में हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन हरे निशान पर खुला। हालांकि, थोड़ी देर बाद ही शेयर बाजार में गिरावट देखी जाने लगी और सेंसेक्स और निफ्टी ने अपनी शुरूआती बढ़त गंवा दी। सेंसेक्स 282.35 अंक चढ़कर 76,802.73 अंक पर खुला और 428.87 अंक की गिरावट के साथ 76,190.46 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी 86.7 अंक चढ़कर 23,292.05 अंक पर खुला और 111 अंक की गिरावट के साथ 23,092.20 के स्तर पर बंद हुआ।

# आरबीआई ने 4 बैंकों पर की कार्रवाई

जम्मू एवं कश्मीर बैंक, बैंक ऑफ इंडिया और केनरा बैंक पर लगाया जुर्माना




प्रात: किरण/एजेंसी

मुंबई,। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने नियामकीय अनुपालन में कमियों के लिए जम्मू एवं कश्मीर बैंक, बैंक ऑफ इंडिया और केनरा बैंक पर जुमार्ना लगाया है। जम्मू-कश्मीर बैंक पर वित्तीय समावेशन- बैंकिंग सेवाओं तक पहुंच बुनियादी बचत बैंक जमा खाता (बीएसबीडीए), केवाईसी और ऋण और अग्रिम वैधानिक और अन्य प्रतिबंध से संबंधित कुछ मानदंडों के उल्लंघन के लिए 3.31 करोड़ रुपए का जुमार्ना लगाया गया है। एक अन्य विज्ञप्ति में रिजर्व बैंक ने कहा कि बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 के कुछ प्रावधानों का पालन नहीं करने के लिए बैंक ऑफ इंडिया पर एक करोड़ रुपए का जुमार्ना लगाया गया है। रिजर्व बैंक ने कहा कि प्राथमिकता क्षेत्र ऋण, जमा पर ब्याज दर और वित्तीय समावेशन, बैंकिंग सेवाओं तक पहुंच- बीएसबीडीए पर कुछ निदेशों का पालन न करने के लिए सार्वजनिक क्षेत्र के केनरा बैंक पर 1.63 करोड़ रुपए का जुमार्ना लगाया गया है। साथ ही गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी द्वारा वित्तीय सेवाओं की आउटसोर्सिंग में जोखिम प्रबंधन और आचार संहिता पर रिजर्व बैंक द्वारा जारी कुछ निदेशों का पालन न करने के लिए डेटसन एक्सपोर्ट्स पश्चिम बंगाल पर एक लाख रुपए का जुमार्ना लगाया गया है। प्रत्येक मामले में रिजर्व बैंक ने कहा कि दंड, वैधानिक और नियामक अनुपालन में कमियों पर आधारित हैं और इनका उद्देश्य संस्थाओं द्वारा अपने ग्राहकों के साथ किए गए किसी लेनदेन या समझौते की वैधता पर सवाल उठाना नहीं है।

# आईसीआईसीआई बैंक का मुनाफा 15 प्रतिशत बढ़ा




प्रात: किरण/एजेंसी

नई दिल्ली, । निजी क्षेत्र के दूसरे सबसे बड़े बैंक आईसीआईसीआई बैंक का एकल शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की दिसंबर में समाप्त तीसरी तिमाही में 11,792 करोड़ रुपये रहा है जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही के 10,272 करोड़ रुपये के शुद्ध लाभ की तुलना में करीब 15 प्रतिशत अधिक है। बैंक ने शनिवार को निदेशक मंडल की बैठक के बाद जारी वित्तीय लेखजोखा में कहा कि उसकी कुल आमदनी चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में बढ़कर 48,368 करोड़ रुपये हो गई, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 42,792 करोड़ रुपये रही थी। बैंक की ब्याज आय बढ़कर 41,300 करोड़ रुपए रही : बैंक की ब्याज आय समीक्षाधीन अवधि में बढ़कर 41,300 करोड़ रुपए रही, जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 36,695 करोड़ रुपए रही थी। परिसंपत्ति गुणवत्ता के मोर्चे पर बैंक का सकल गैर-निष्पादित परिसंपत्ति (एनपीए) अनुपात दिसंबर तिमाही के अंत में सुधरकर 1.96 प्रतिशत हो गया, जो 1साल पहले 2.3 प्रतिशत था। इसी तरह शुद्ध एनपीए या खराब ऋण घटकर 0.42 प्रतिशत रह गया, जो पिछले वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही के अंत में 0.44 प्रतिशत था। कर को छोड़कर कुल प्रावधान 1,227 करोड़ हुआ : हालांकि कर को छोड़कर कुल प्रावधान तिमाही के दौरान बढ़कर 1,227 करोड़ रुपए हो गया, जो 1 साल पहले इसी समय 1,049 करोड़ रुपए था। दिसंबर तिमाही के अंत में गैर-निष्पादित ऋणों पर प्रावधान कवरेज अनुपात 78.2 प्रतिशत था। पूंजी पर्याप्तता अनुपात बढ़कर 14.71 प्रतिशत हो गया, जो पिछले वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही के अंत में 14.61 प्रतिशत था।

# एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी का मुनाफा 18 फीसदी बढ़कर 66 करोड़ रुपये पर

नई दिल्ली, । एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एनजीईएल) ने शनिवार को बताया कि चालू वित्त वर्ष की दिसंबर तिमाही में उसका एकीकृत शुद्ध लाभ 18 फीसदी बढ़कर 65.61 करोड़ रुपये रहा। कंपनी ने शेयर बाजार को बताया कि एक साल पहले इसी तिमाही में उसने 55.61 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया था। समीक्षाधीन तिमाही में कुल आय सालाना आधार पर 463.46 करोड़ रुपये से बढ़कर 581.46 करोड़ रुपये हो गई।

# रिटेल सेक्टर लीजिंग बनी मजबूत, 2024 में 27 नए वैश्विक ब्रांड्स ने किया भारत में प्रवेश



प्रात: किरण/एजेंसी

मुंबई, । भारतीय रिटेल सेक्टर ने 2024 में देश के सात प्रमुख शहरों के शॉपिंग मॉल और हाई स्ट्रीट्स में कुल 8.1 मिलियन वर्गफुट जगह किराए पर ली। एक रिपोर्ट के अनुसार, नई जगहों की सीमित आपूर्ति के बावजूद यह संभव हुआ। जेएलएल इंडिया रिपोर्ट के अनुसार, इस साल मुंबई, दिल्ली-एनसीआर, बेंगलुरु, कोलकाता, चेन्नई, पुणे और हैदराबाद में सात नई रिटेल जगहें जुड़ीं, जिनका कुल क्षेत्रफल लगभग 1.7 मिलियन वर्गफुट था। भले ही अच्छी गुणवत्ता वाली नई जगहों की आपूर्ति कम रही, लेकिन रिटेल सेक्टर में किराए पर जगह लेने का सिलसिला पूरे साल जारी रहा। रिटेलर्स ने विभिन्न फॉर्मेट्स में अपने नेटवर्क का विस्तार किया। कुल रिटेल लीजिंग में बेंगलुरु का हिस्सा 34% रहा, जबकि दिल्ली-एनसीआर और मुंबई का हिस्सा 14-14% था। कुल 62% रिटेल स्पेस इन्हीं तीन शहरों में लिया गया, जिससे पता चलता है कि इन प्रमुख बाजारों में रिटेल स्पेस की मजबूत मांग है। रिपोर्ट के अनुसार, 2024 में फैशन और कपड़ों के क्षेत्र में रिटेल स्पेस की सबसे अधिक मांग रही। बेंगलुरु ने 2.8 मिलियन वर्गफुट रिटेल लीजिंग के साथ दिल्ली-एनसीआर और मुंबई को पीछे छोड़ दिया। 2024 में 27 नए अंतरराष्ट्रीय ब्रांड भारत में आए, जो 2023 के मुकाबले दोगुने से अधिक हैं। पिछले चार सालों में 60 अंतरराष्ट्रीय ब्रांड भारतीय बाजार में उतरे हैं, जो भारतीय ग्राहकों की वैश्विक ब्रांडों के प्रति रुचि को दशार्ता है। रिपोर्ट के अनुसार, 2024 में आए नए अंतरराष्ट्रीय ब्रांड कुल अंतरराष्ट्रीय ब्रांड्स का 45% थे, जो 2021 से अब तक भारत में प्रवेश कर चुके हैं। हालांकि, अंतरराष्ट्रीय रिटेलर्स की रुचि बनी रही, लेकिन घरेलू रिटेलर्स का दबदबा रहा। उन्होंने कुल किराए पर ली गई जगह का 80% हिस्सा (करीब 6.5 मिलियन वर्गफुट) लिया। राहुल अरोड़ा, प्रमुख (ऑफिस लीजिंग एंड रिटेल सर्विस), और वरिष्ठ प्रबंध निदेशक- कर्नाटक, केरल, भारत, जेएलएल ने बताया, अधिकतर अंतरराष्ट्रीय रिटेलर्स ने अपना पहला स्टोर दिल्ली-एनसीआर में खोला, इसके बाद मुंबई का स्थान रहा। लक्जरी रिटेल सेक्टर ने भी 2024 में 1.9 लाख वर्गफुट जगह किराए पर लेकर अपनी मजबूती बनाए रखी।

# नीति आयोग के राजकोषीय स्वास्थ्य सूचकांक में ओडिशा शीर्ष पर




प्रात: किरण/एजेंसी

नई दिल्ली,। नीति आयोग के राजकोषीय स्वास्थ्य सूचकांक (एफएचआई) 2025 में ओडिशा, छत्तीसगढ़ और गोवा शीर्ष पर हैं। 16वें वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ. अरविंद पनगढ़िया ने शुक्रवार को नीति आयोग की रिपोर्ट का पहला अंक जारी किया। एफएचआई 2025 रिपोर्ट 18 प्रमुख राज्यों के राजकोषीय स्वास्थ्य का व्यापक मूल्यांकन प्रदान करती है। व्यय की गुणवत्ता, राजस्व जुटाना, राजकोषीय विवेक, ऋण सूचकांक और ऋण स्थिरता, साथ ही राज्य-विशिष्ट चुनौतियों और सुधार के क्षेत्रों की जानकारी उपलब्ध कराने वाले पांच प्रमुख उप-सूचकांकों के आधार पर राज्यों का मूल्यांकन किया गया है। 67.8 के स्कोर के साथ, ओडिशा 18 प्रमुख राज्यों में राजकोषीय स्वास्थ्य में रैंकिंग में शीर्ष पर है। इसके बाद छत्तीसगढ़ (55.2) और गोवा (53.6) का स्थान है। रिपोर्ट में झारखंड में भी सुधार को दशार्या गया है, जिसने राजकोषीय विवेक और ऋण स्थिरता को मजबूत किया है। हालांकि, व्यय गुणवत्ता और ऋण प्रबंधन में कमजोर प्रदर्शन के कारण कर्नाटक को गिरावट का सामना करना पड़ा। ये अंतरराज्यीय असमानताएं विशिष्ट राजकोषीय चुनौतियों का समाधान करने और सतत विकास सुनिश्चित करने के लिए लक्षित सुधारों की आवश्यकता को उजागर करती हैं। नीति आयोग के सीईओ बीवीआर सुब्रह्मण्यम ने कहा,राजकोषीय स्वास्थ्य सूचकांक रिपोर्ट भारतीय राज्यों के राजकोषीय स्वास्थ्य पर केंद्रित एक वार्षिक प्रकाशन होगा, जो डेटा-संचालित अंतर्दृष्टि प्रदान करेगा जिसका लाभ समग्र राजकोषीय शासन, आर्थिक मजबूती और राष्ट्र की स्थिरता में सुधार के लिए सूचित राज्य-स्तरीय नीति हस्तक्षेपों के लिए उठाया जाएगा। एफएचआई का उद्देश्य उप-राष्ट्रीय स्तर पर राजकोषीय स्थिति पर प्रकाश डालना और सतत और लचीले आर्थिक विकास के लिए नीति सुधारों का मार्गदर्शन करना है। पनगढ़िया ने रिपोर्ट लॉन्च करते हुए कहा,राज्यों को संतुलित क्षेत्रीय विकास, दीर्घकालिक राजकोषीय स्थिरता और विवेकपूर्ण शासन के लिए एक स्थिर राजकोषीय मार्ग का अनुसरण करना चाहिए। उन्होंने कहा, एफएचआई राज्य-स्तरीय राजकोषीय प्रदर्शन को मापने के लिए एक व्यापक और व्यवस्थित दृष्टिकोण प्रदान करता है और व्यापक राजकोषीय रुझानों में मूल्यवान अंतर्दृष्टि प्रदान करता है, जिससे देश भर में राजकोषीय स्वास्थ्य की बेहतर समझ बनती है। यह राजकोषीय स्वास्थ्य और सतत विकास के लिए एक अधिक एकीकृत दृष्टिकोण को बढ़ावा देने में मदद करता है, जिससे राष्ट्रीय समृद्धि प्राप्त करने में सरकार के दोनों स्तरों की साझा जिम्मेदारी को बल मिलता है। प्रमुख राजकोषीय संकेतकों पर ध्यान केंद्रित करके, एफएचआई राज्यों को अपनी राजकोषीय रणनीतियों को राष्ट्रीय उद्देश्यों संग सामंजस्य स्थापित करने में मदद करता है। जिससे राजकोषीय रूप से स्थिर और समृद्ध भारत के लक्ष्य में उनका योगदान सुनिश्चित होता है और सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि राज्यों के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा मिलता है। सुब्रह्मण्यम ने कहा कि एफएचआई के निष्कर्ष भारत के विकसित भारत एट 2047 को प्राप्त करने के विजन के अनुरूप हैं।

# सरकारी ई-मार्केटप्लेस ने वित्त वर्ष 2024-25 में 10 महीनों के अंदर चार लाख करोड़ रुपये का जीएमवी किया पार

GeM Government e Marketplace
Efficient • Transparent • Inclusive
सत्यमेव जयते

नई दिल्ली,। सरकारी ई-मार्केटप्लेस (जीईएम) ने एक नया मानक स्थापित करते हुए चालू वित्त वर्ष 2024-25 के 10 महीनों के अंदर पिछले साल के 4 लाख करोड़ रुपये के सकल व्यापारिक मूल्य (जीएमवी) को पार कर लिया है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के अनुसार, 23 जनवरी तक जीईएम ने 4.09 लाख करोड़ रुपये का जीएमवी दर्ज किया, जो पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि की तुलना में लगभग 50 प्रतिशत की वृद्धि को दिखाता है। सेगमेंट-वाइज जीएमवी के संदर्भ में, सर्विस सेगमेंट का योगदान 2.54 लाख करोड़ रुपये (कुल जीएमवी का 62 प्रतिशत) रहा, जबकि प्रोडक्ट सेगमेंट का योगदान 1.55 लाख करोड़ रुपये (कुल जीएमवी का 38 प्रतिशत) रहा। वित्त वर्ष 2025 में जीईएम पर सर्विस सेगमेंट की बढ़ोतरी ने पोर्टल की वृद्धि को काफी बढ़ावा दिया है। मंत्रालय के अनुसार, जीईएम पर सर्विसेज की पेशकश के विस्तार पर जोर देते हुए, वित्त वर्ष 2025 में पोर्टल पर 19 नई सर्विस कैटेगरी शुरू की गई हैं। उल्लेखनीय है कि पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि की तुलना में सर्विस सेगमेंट में लगभग 100 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। मंत्रालय ने बताया, ह्लइस प्लेटफॉर्म ने डेबिट कार्डों की छपाई, बल्क ईमेल सर्विस, डार्क फाइबर लीजिंग, डेटा सेंटर के ऑपरेशन मैनेजमेंट और अन्य विशेष सर्विसेज की खरीद की सुविधा प्रदान किया। साथ ही सरकारी संस्थाओं को विश्वसनीय विक्रेताओं से सोर्स प्राप्त करने में सक्षम बनाया है, इसके परिणाम स्वरूप महत्वपूर्ण इफिसिएन्सी प्राप्त हुई ।ह्व. जीएमवी में बेहतरीन बढ़ोतरी में केंद्र सरकार की संस्थाओं का प्रमुख योगदान रहा है। कोयला, रक्षा, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस, बिजली और इस्पात मंत्रालय जीईएम पर टॉप पांच खरीदार थे। लगभग 1.63 लाख करोड़ रुपये के लेनदेन वाले ऑर्डर मूल्य के साथ, कोयला मंत्रालय शीर्ष खरीदार के रूप में उभरा है। इसमें कोयला पीएसयू द्वारा हैंडलिंग और परिवहन सेवाओं के लिए लगभग 42,000 करोड़ रुपये की 320 से अधिक उच्च-मूल्य बोलियां लगाई गई हैं। लगातार आसान बनाने और सुधारने के माध्यम से, जीईएम पोर्टल ने स्थापना के बाद से 11.64 लाख करोड़ रुपये से अधिक के जीएमवी के 2.59 करोड़ से अधिक ऑर्डर सफलतापूर्वक प्रदान किए हैं। मंत्रालय ने कहा कि चालू वित्त वर्ष के दौरान, जीईएम ने एक ही दिन में 49,960 ऑर्डर प्रोसेसिंग करके एक और ऐतिहासिक उपलब्धि दर्ज की है, जो जीईएम इकोसिस्टम की सीमलेस एफिशिएंसी, मजबूती और सभी हितधारकों द्वारा इसे तेजी से अपनाने का उदाहरण है।

## संक्षिप्त खबरें

### अमिताभ बच्च न इंडिया गेट बासमती चावल के बने ब्रांड एंबेसडर

नई दिल्ली, । इंडिया गेट बासमती चावल की मूल कंपनी केआरबीएल लिमिटेड ने दिग्गज बॉलीवुड अभिनेता अमिताभ बच्चन को अपने बासमती चावल इंडिया गेट ब्रांड का ब्रांड एंबेसडर बनाया है। कंपनी ने शनिवार को एक्सा पोस्टस पर जारी एक बयान में केआरबीएल लिमिटेड ने दिग्गज अभिनेता अमिताभ बच्चन को इंडिया गेट बासमती चावल का ब्रांड एंबेसडर बनाकर अपनी साझेदारी का खुलासा किया है। केआरबीएल ने कहा कि इंडिया गेट के साथ अमिताभ बच्चन का जुड़ाव ब्रांड की यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। अमिताभ बच्चन ने कहा कि इंडिया गेट बासमती चावल सिर्फ एक ब्रांड नहीं है। यह एक विरासत है, जो पीढ़ियों से भारतीय घरों का हिस्सा है। केआरबीएल लिमिटेड के भारत में व्यवसाय प्रमुख आयुष गुप्ता ने कहा कि हम अमिताभ बच्चन का केआरबीएल परिवार में स्वागत करते हुए सम्मानित महसूस कर रहे हैं। उन्होंभने कहा कि उनका शानदार कद, अटूट ईमानदारी और कालातीत आकर्षण हमारे मूल्यों और समृद्ध विरासत के साथ पूरी तरह से मेल खाता है। गुप्ताा ने कहा कि उनकी मौजूदगी के साथ कंपनी का लक्ष्य अपने उपभोक्ता जुड़ाव को गहरा करना है। उल्लेउखनीय है कि केआरबीएल लिमिटेड एक भारतीय चावल प्रसंस्करण और निर्यात करने वाली कंपनी है, जो दुनिया की सबसे बड़ी चावल मिलर है। ये कंपनी अपने इंडिया गेट ब्रांड के बासमती चावल के लिए सबसे ज्यादा जानी जाती है, जो भारत में सबसे ज्यादा बिकने वालाह्न।

### डॉर्फ-केटल केमिकल्स ने 5,000 करोड़ रुपये जुटाने के लिए सेबी के पास आईपीओ दस्तावेज दाखिल किए

नई दिल्ली, । विशेष रसायन कंपनी डॉर्फ-केटल केमिकल्स इंडिया लिमिटेड ने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के जरिए 5,000 करोड़ रुपये जुटाने के लिए बाजार नियामक सेबी के पास आरंभिक दस्तावेज दाखिल किए हैं। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास शुक्रवार को दस्तावेजों के मसौदे (डीआरएचपी) के अनुसार, आईपीओ में 1,500 करोड़ रुपये तक के इक्विटी शेयरों का ताजा निर्गम और प्रवर्तक मेनन फैमिली होल्डिंग्स ट्रस्ट द्वारा 3,500 करोड़ रुपये के शेयरों की बिक्री पेशकश (ओएफएस) शामिल है। नए निर्गम से प्राप्त 82.90 करोड़ रुपये की राशि कर्ज भुगतान के लिए, 33.30 करोड़ रुपये अनुषंगी कंपनी डॉर्फ-केटल केमिकल्स एफजेडई में बकाया उधारी चुकाने या पूर्व भुगतान के लिए दिए जाएंगे तथा शेष राशि का उपयोग सामान्य कंपनी कामकाज के लिए किया जाएगा। साल 1992 में स्थापित डॉर्फ-केटल केमिकल्स एक अनुसंधान एवं विकास तथा नवाचार-केंद्रित वैश्विक निमार्ता और हाइड्रोकार्बन तथा औद्योगिक आपूर्ति शृंखलाओं में विशिष्ट रसायनों की आपूर्तिकर्ता है। पिछले साल 31 अक्टूबर तक कंपनी के ग्राहक आधार में रिलायंस इंडस्ट्रीज, पेट्रोनास, इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन, पीपीजी इंडस्ट्रीज, क्लेरिएंट, लिबर्टी एनर्जी, इटालियाना पेट्रोली और वेदांता शामिल थे। अक्टूबर, 2024 तक कंपनी के पास चार देशों में 16 विनिर्माण सुविधाएं हैं। इनमें भारत में आठ, ब्राजील में दो, अमेरिका में तीन और कनाडा में तीन हैं।

### यस बैंक का शुद्ध लाभ दिसंबर तिमाही में लगभग तीन गुना होकर 612 करोड़ रुपये पर

नई दिल्ली, । यस बैंक का शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में करीब तीन गुना होकर 612 करोड़ रुपये रहा है। खराब कर्ज के लिए प्रावधानों में कमी आने से यह लाभ हुआ। निजी क्षेत्र के इस बैंक का शुद्ध लाभ पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 231 करोड़ रुपये रहा था। यस बैंक ने शनिवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि उसकी कुल आमदनी चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में बढ़कर 9,341 करोड़ रुपये रही, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 8,179 करोड़ रुपये थी। बैंक की ब्याज आय समीक्षाधीन तिमाही में बढ़कर 7,829 करोड़ रुपये हो गई, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 6,984 करोड़ रुपये थी। निजी क्षेत्र के बैंक की शुद्ध ब्याज आय दिसंबर तिमाह में 10 प्रतिशत बढ़कर 2,224 करोड़ रुपये हो गई, जो पिछले वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में 2,017 करोड़ रुपये थी। बैंक का शुद्ध ब्याज मार्जिन (एनआईएम) 2.4 प्रतिशत पर स्थिर रहा।

# चैंपियंस ट्रॉफी से पहले पाकिस्तान वनडे त्रिकोणीय सीरीज के लिए न्यूजीलैंड, दक्षिण अफ्रीका की मेजबानी करेगा

प्रात: किरण,/ एजेसी

लाहौर,। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी से पहले न्यूजीलैंड, दक्षिण अफ्रीका और मेजबान पाकिस्तान की भागीदारी वाली त्रिकोणीय वनडे सीरीज के कार्यक्रम की शनिवार को घोषणा की। पीसीबी ने एक बयान में कहा, यह सीरीज 8 से 14 फरवरी तक एकल लीग आधार पर खेली जाएगी, जिसमें लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में शुरूआती दो मैच और कराची के नेशनल बैंक स्टेडियम में अंतिम लीग मैच और फाइनल मैच खेला जाएगा। पाकिस्तान और न्यूजीलैंड 8 फरवरी को प्रतिष्ठित गद्दाफी स्टेडियम में सीरीज की शुरूआत करेंगे। इसके बाद न्यूजीलैंड 10 फरवरी को एक दिवसीय मैच में दक्षिण अफ्रीका का सामना करेगा। यह मुकाबला कराची में होगा, जहां पाकिस्तान 12 फरवरी को नेशनल बैंक स्टेडियम में एक दिन/रात्रि मैच में दक्षिण अफ्रीका से भिड़ेगा। फाइनल 14 फरवरी को खेला जाएगा। पाकिस्तान और न्यूजीलैंड दोनों ही टीमें 6 फरवरी को गद्दाफी स्टेडियम में दूधिया रोशनी में अभ्यास करेंगी, जबकि दक्षिण अफ्रीका का पहला मैच 9 फरवरी की सुबह ऐतिहासिक स्थल पर होगा। गद्दाफी स्टेडियम और नेशनल बैंक स्टेडियम में होने वाले चार मैच तीनों टीमों को आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 की तैयारियों को अंतिम रूप देने का एक शानदार अवसर प्रदान करेंगे, साथ ही यह पीसीबी के लिए अपने विश्व स्तरीय प्रसारण के माध्यम से अपने पुनः डिजाइन और पुनर्विकसित स्थलों को दुनिया के सामने प्रदर्शित करने का एक आदर्श अवसर भी होगा। पीसीबी ने कहा,गद्दाफी स्टेडियम में दर्शकों की क्षमता बढ़ा दी गई है, पूरे आयोजन स्थल पर नई कुर्सियाँ लगाई गई हैं। इसके अतिरिक्त, प्रसारण स्तर को बढ़ाने के लिए 480 अत्याधुनिक एलईडी लाइटें लगाई गई हैं, जिससे दुनिया भर के प्रशंसकों के लिए एक बेहतरीन दृश्य अनुभव सुनिश्चित होता है। दर्शकों के अनुभव को और बेहतर बनाने के लिए, दो विशाल डिजिटल रीप्ले स्क्रीन - 80 फीट ७ 30 फीट और 22 फीट ७ 35 फीट मापी गई हैं। खिलाड़ियों और अधिकारियों के लिए एक बिल्कुल नया आतिथ्य घेरा पूरा होने वाला है, जिससे यह सुनिश्चित होगा कि प्रतिष्ठित स्टेडियम सभी हितधारकों के लिए एक अद्वितीय अनुभव प्रदान करने के लिए पूरी तरह से चालू है। नेशनल बैंक स्टेडियम में, महत्वपूर्ण संवर्द्धन किए गए हैं, जिसमें यूनिवर्सिटी एंड पर खिलाड़ियों और अधिकारियों के लिए एक नया आतिथ्य घेरा बनाना शामिल है। प्रसारण कवरेज को बेहतर बनाने के लिए, 350 एलईडी लाइटें लगाई गई हैं, जिससे वैश्विक दर्शकों के लिए इष्टतम दृश्यता सुनिश्चित होती है। दो डिजिटल रीप्ले स्क्रीन पहले ही ठीक की जा चुकी हैं और दर्शकों की सुविधा बढ़ाने के लिए 5,000 नई कुर्सियाँ लगाई गई हैं। गत चैंपियन पाकिस्तान अपने चैंपियंस ट्रॉफी अभियान की शुरूआत 19 फरवरी को कराची में न्यूजीलैंड के खिलाफ करेगा।

# रोहित आईसीसी पुरुष टी20 टीम ऑफ द ईयर के कप्तान चुने गए जबकि पांड्या, बुमराह, अर्शदीप टीम में शामिल



प्रात: किरण,/ एजेसी

दुबई। रोहित शर्मा को आईसीसी पुरुष टी20 टीम ऑफ द ईयर का कप्तान चुना गया है, जबकि हार्दिक पांड्या, जसप्रीत बुमराह और अर्शदीप सिंह भी अपने कप्तान के साथ स्टार खिलाड़ियों से सजी इस टीम में शामिल हैं। रोहित के नेतृत्व में, भारत ने पिछले साल बारबाडोस में टी20 विश्व कप का खिताब जीता था, जिसके बाद उन्होंने इस प्रारूप से संन्यास की घोषणा की थी। भारतीय तेज गेंदबाजों की तिकड़ी भी विजेता टीम का हिस्सा थी। अनुभवी सलामी बल्लेबाज ने अपनी बल्लेबाजी की महारत का प्रदर्शन करते हुए 11 मैचों में 42.00 की शानदार औसत और 160 से अधिक की स्ट्राइक रेट से 378 रन बनाए। रोहित ने टी20 विश्व कप में शानदार प्रदर्शन किया, जिसमें तीन अर्धशतक शामिल हैं, जिसमें सुपर आठ चरण में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 92 रनों की विस्फोटक पारी भी शामिल है। अपनी बल्लेबाजी के अलावा, रोहित के चतुर नेतृत्व ने दबाव भरे क्षणों में एक युवा भारतीय टीम का मार्गदर्शन करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और उनके नेतृत्व ने सुनिश्चित किया कि वह वर्ष उनके देश के लिए यादगार रहेगा। पांड्या ने 2024 में शानदार प्रदर्शन के साथ सबसे छोटे प्रारूप में सर्वश्रेष्ठ ऑलराउंडर के रूप में अपनी स्थिति की पुष्टि की, जिससे वह आईसीसी पुरुष टी20 ऑलराउंडर रैंकिंग में शीर्ष पर आ गए। 17 मैचों में 352 रन बनाने और 16 विकेट लेने वाले पांड्या का योगदान भारत के लिए एक सफल वर्ष में महत्वपूर्ण था, जिसने उन्हें 20 ओवर के प्रारूप में विश्व चैंपियन का ताज पहनाया। 31 वर्षीय खिलाड़ी ने यूएसए और वेस्टइंडीज में शानदार प्रदर्शन किया, जहां उन्होंने बल्ले से 144 रन बनाए, इसके अलावा 11 विकेट भी लिए, जिसमें फाइनल में प्रोटियाज के खिलाफ अंतिम ओवर में 16 रन बचाकर भारत को जीत दिलाना भी शामिल है। इस खेल में उन्होंने 2024 में 3/20 के अपने सर्वश्रेष्ठ आंकड़े के साथ चमक बिखेरी। ऑलराउंडर ने बल्ले से अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन बांग्लादेश के खिलाफ ग्रुप-स्टेज में किया, जिसके खिलाफ उन्होंने नाबाद 50 रन बनाए। भारत के तेज गेंदबाज बुमराह की 2024 में टी20 क्रिकेट में वापसी शानदार रही, क्योंकि दाएं हाथ के तेज गेंदबाज की सटीक यॉर्कर और डैथ ओवरों में महारत भारत के खिताब जीतने के अभियान में अहम रही। उन्होंने आठ मैचों में 8.26 की जबरदस्त औसत से 15 विकेट लिए, जिससे उन्हें खेलना लगभग असंभव हो गया। विश्व कप से परे, बुमराह की सभी प्रारूपों में निरंतरता ने विश्व क्रिकेट में प्रमुख तेज गेंदबाजों में से एक के रूप में उनकी स्थिति की पुष्टि की। बुमराह के काम का यह भी मतलब है कि वह आईसीसी पुरुष क्रिकेटर ऑफ द ईयर के रूप में सर गारफील्ड सोबर्स ट्रॉफी के लिए नामांकित होने की दौड़ में हैं। दूसरी ओर, अर्शदीप 2024 में भारत के सबसे सफल गेंदबाज थे, जिन्होंने 18 मैचों में 13.50 की शानदार औसत से 36 विकेट लेकर साल का अंत किया और उन्हें दुनिया का आठवां सर्वश्रेष्ठ टी20 गेंदबाज माना गया। उनका सबसे बेहतरीन प्रदर्शन टी20 विश्व कप में आया, जहां उन्होंने आठ मैचों में 17 विकेट लेकर टूनार्मेंट में दूसरे सबसे ज्यादा विकेट लिए। अपनी सटीकता और संयम के लिए माने जाने वाले अर्शदीप ने डैथ ओवरों में बेहतरीन प्रदर्शन किया, अक्सर मैच को भारत के पक्ष में मोड़ दिया, और गेंद को जल्दी स्विंग करने और अंत में पिन-पॉइंट यॉर्कर करने की उनकी क्षमता ने उन्हें टी20 क्रिकेट में एक संपूर्ण पैकेज बना दिया। गेंद के साथ उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन टी20 विश्व कप में सह-मेजबान यूएसए के खिलाफ आया, जहाँ उन्होंने 4/9 के शानदार स्पैल से उन्हें ध्वस्त कर दिया। 2024 में अर्शदीप के उदय ने उन्हें व्यापक मान्यता दिलाई, जिसमें आईसीसी पुरुष टी20 क्रिकेटर ऑफ द ईयर के लिए नामांकन भी शामिल है। आईसीसी पुरुष टी20 टीम ऑफ द ईयर के अन्य सदस्यों में ऑस्ट्रेलिया के ट्रैविस हेड (539 रन), इंग्लैंड के फिल साल्ट (467 रन), पाकिस्तान के बाबर आजम (738 रन), वेस्टइंडीज के निकोलस पूरन (464 रन), जिम्बाब्वे के सिकंदर रजा (573 रन और 24 विकेट), अफगानिस्तान के राशिद खान (31 विकेट) और श्रीलंका के वानिंदु हसरंगा (179 रन और 38 विकेट) शामिल हैं।

# न्यूजीलैंड ने आईसीसी महिला विश्व कप 2025 के लिए सीधी एंट्री पक्की की



प्रात: किरण,/ एजेसी

दुबई,। न्यूजीलैंड ने आईसीसी महिला वर्ल्ड कप 2025 के लिए सीधी एंट्री हासिल कर ली है। यह तय हुआ जब बांग्लादेश महिला क्रिकेट टीम शुक्रवार को वेस्टइंडीज के खिलाफ बासेटेरे में अपनी आईसीसी महिला चैंपियनशिप सीरीज का मैच हार गया। न्यूजीलैंड और बांग्लादेश दोनों ने 10 टीमों की इस प्रतियोगिता में 21-21 अंक बनाए, लेकिन न्यूजीलैंड ने ज्यादा मैच (9) जीतने के कारण सीधी जगह बनाई, जबकि बांग्लादेश ने 8 मैच जीते थे। इस टूनार्मेंट में हर टीम ने 8 सीरीज खेली झ 4 अपने देश में और 4 बाहर। भारत (मेजबान) और शीर्ष 5 अन्य टीमों ने वर्ल्ड कप के लिए सीधे क्वालीफाई कर लिया। नीचे की चार टीमों को क्वालिफायर टूनार्मेंट के जरिए मौका मिलेगा। ऑस्ट्रेलिया ने 39 अंकों के साथ चैंपियनशिप जीती। भारत 37 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहा। इंग्लैंड (32), दक्षिण अफ्रीका (25), और श्रीलंका (22) भी सीधे वर्ल्ड कप में पहुंचीं। बांग्लादेश (21), वेस्टइंडीज (18), पाकिस्तान (17) और आयरलैंड (आठ) 31 अक्टूबर, 2024 तक दो अन्य सर्वोच्च रैंकिंग वाली टीमों स्कॉटलैंड और थाईलैंड के साथ विश्व कप क्वालीफायर में शामिल हो जाएंगे। क्वालीफायर के विवरण की घोषणा आगे की जाएगी। क्वालीफायर के माध्यम से दो स्थान हासिल करने की संभावना है। 2025 में महिला वनडे वर्ल्ड कप भारत में होगा। यह पांचवीं बार है जब भारत इसकी मेजबानी करेगा। इससे पहले भारत में आखिरी बार 2016 में महिला टी20 वर्ल्ड कप हुआ था। इस बार भी वर्ल्ड कप का फॉर्मेट 2022 जैसा रहेगा, जिसमें 8 टीमें कुल 31 मैच खेलेंगी।

# दूसरा टी20 : अर्शदीप बना सकते हैं शानदार रिकॉर्ड, चेपॉक में दिलचस्प रहा है टी20 अंतर्राष्ट्रीय का इतिहास

प्रात: किरण,/ एजेसी



चेन्नई,। भारत और इंग्लैंड की क्रिकेट टीम शनिवार को पांच मैचों की टी20 सीरीज का दूसरा मैच खेलने जा रही है। यह मैच चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में खेला जाएगा। सीरीज का पहला मैच भारतीय टीम ने कोलकाता के ऐतिहासिक ईडन गार्डन्स में 7 विकेट से जीता था। चेन्नई के इस मैदान को चेपॉक के नाम से जाना जाता है और यहां पर अब तक केवल दो ही टी20 अंतर्राष्ट्रीय मुकाबले हुए हैं। दोनों ही बार रोमांचक भिड़ंत देखने को मिली है जहां अंतिम गेंद पर मैच का समापन हुआ। पहला मैच साल 2012 में खेला गया था जब न्यूजीलैंड ने भारत को केवल एक रन से हराया था। दूसरा मैच साल 2018 में हुआ था जब भारत ने वेस्टइंडीज को 6 विकेट से हराया था। हालांकि चेपॉक में अब तक कई आईपीएल मैच हो चुके हैं। 9 में से 6 आईपीएल मैच यहां पर लक्ष्य का पीछा करने वाली टीम ने जीते हैं। यहां पहली पारी का औसत स्कोर 170 रहा है। मैच के दूसरे हाफ में ओस अपना प्रभाव छोड़ सकती है, टॉस जीतकर कप्तान का फैसला अहम रोल अदा करेगा। हालांकि पिछले आईपीएल में तेज गेंदबाजों को स्पिनरों की तुलना में अधिक सफलता मिली थी। भारत के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह लगातार बेहतर प्रदर्शन करते हुए सफेद गेंद क्रिकेट में अपनी छाप छोड़ रहे हैं। वह टी20 अंतर्राष्ट्रीय में 100 विकेट लेने से केवल 3 विकेट दूर हैं। ऐसा करते ही वह 100 अंतर्राष्ट्रीय विकेट लेने वाले पहले भारतीय बन जाएंगे। अगर वह इस मैच में तीन विकेट लेने में कामयाब रहते हैं तो सबसे तेजी से ऐसा करने वाले तीसरे गेंदबाज बन जाएंगे। इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर ने चेन्नई में हुए टी20 मैचों में चार पारियों में 108.88 की स्ट्राइक रेट के साथ 98 रन बनाए हैं। उनकी औसत केवल 24.5 रही है। जाहिर है उनका बल्ला यहां पर नहीं चल पाता है। वहीं भारत के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने यहां 11 पारियों में 130.94 की स्ट्राइक रेट के साथ 347 रन बनाए हैं। यह मैच भारतीय समयानुसार 25 जनवरी, शाम 7 बजे शुरू होगा।

# हसन अली 2025 तक वारविकशायर में वापसी के लिए सहमत



प्रात: किरण,/ एजेसी

लंदन,। पाकिस्तान के तेज गेंदबाज हसन अली ने 2025 में क्लब के लिए सभी प्रारूपों में खेलने के लिए वारविकशायर में वापसी पर सहमति व्यक्त की है। उनके मई में टी20 ब्लास्ट की शुरूआत से लेकर सितंबर के अंत तक उपलब्ध रहने की उम्मीद है। 30 वर्षीय हसन पिछले सीजन में एजबेस्टन में अपने कार्यकाल के दौरान कोहनी की चोट के बाद से नहीं खेले हैं, जिसके कारण उन्हें पांच विटैलिटी ब्लास्ट मैचों में 10 विकेट लेने के बाद बाहर होना पड़ा। सर्जरी के बाद वे वारविकशायर और पाकिस्तान के मेडिकल स्टाफ दोनों की देखरेख में पुनर्वास से गुजर रहे हैं। उन्होंने क्लब की आधिकारिक वेबसाइट के हवाले से कहा, मैंने पिछले साल कहा था कि एजबेस्टन मुझे दूसरे घर जैसा लगता है...लेकिन अब यह पहले घर जैसा होता जा रहा है। मुझे वारविकशायर के लिए खेलना, बियर्स के प्रशंसकों के लिए खेलना पसंद है। और मुझे उम्मीद है कि वे मेरे खेलने के तरीके से देखेंगे कि मैं इस क्लब के लिए कितना जीतना चाहता हूँ। उन्होंने कहा, 2023 में व्हाइट बियर कैप से सम्मानित होना मेरे करियर के सबसे गौरवपूर्ण क्षणों में से एक था और मैं अगले सीजन में बियर्स के साथ और भी कई खास यादें बनाना चाहता हूँ। पिछला साल चोट के कारण बदकिस्मत रहा। मुझे लगा कि मैं अच्छी गेंदबाजी कर रहा था और ब्लास्ट में काफी विकेट ले रहा था। लेकिन मैं ट्रेनिंग में 100 प्रतिशत गेंदबाजी कर रहा हूँ और अगले सीजन में वारविकशायर के साथ जुड़ने पर ध्यान केंद्रित कर रहा हूँ। हसन ने 2023 और 2024 सीजन में वारविकशायर के लिए नौ काउंटी चैंपियनशिप में 27 विकेट लिए हैं, साथ ही ब्लास्ट में 19 विकेट लिए हैं। पिछले साल गर्मियों में 2024 टी20 विश्व कप के लिए पाकिस्तान की टीम में अचानक देर से वापसी के बाद उनकी उपलब्धता सीमित हो गई थी, लेकिन वारविकशायर के मुख्य कोच मार्क रॉबिन्सन ने कहा कि वे लगातार अवधि के लिए खिलाड़ी को सुरक्षित करने के लिए पीसीबी के संपर्क में थे, जो अब केंद्रीय अनुबंध में नहीं है। रॉबिन्सन ने कहा, पिछले मई में उनका बुलावा अचानक आया और हसन को हमारी काउंटी चैंपियनशिप की शुरूआत से दूर कर दिया। हमें इस साल पीसीबी से आश्वासन मिला है कि हसन बियर्स पर ध्यान केंद्रित करने में सक्षम होगा जो कि बहुत अच्छी खबर है। जाहिर है कि अनुबंध इस शर्त के साथ आता है कि हसन अपने पोस्ट-ऑपरेशन रिहैब पर अच्छी प्रगति करना जारी रखेगा और पूरी तरह से फिट होकर हमारे पास आएगा। उन्होंने आगे कहा, हसन एक दिल खोलकर खेलने वाला खिलाड़ी है जो हमेशा अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करता है। वह उच्चतम स्तर पर एक सिद्ध विकेट लेने वाला खिलाड़ी है और चोट से पहले पिछले सीजन में हमारे साथ उड़ान भर रहा था। वह जगह, ड्रेसिंग रूम और पिच पर एक वास्तविक ऊर्जा लाता है और अपने उत्साह से अपने आस-पास के सभी लोगों को प्रेरित करता है। मैं उसे बियर्स के साथ वापस स्वागत करने के लिए उत्सुक हूं।

# ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम पहुंची श्रीलंका



प्रात: किरण,/ एजेसी

श्रीलंका,। ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम 2 टेस्ट मैचों की वॉर्न-मुरली सीरीज के लिए श्रीलंका पहुंच गई है। ऑस्ट्रेलिया टीम बीती रात श्रीलंका पहुंची। वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के तहत दो मैचों के इस टूनार्मेंट के सभी मैच गॉल इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में होंगे। पहला टेस्ट मैच 29 जनवरी से शुरू होगा। इसके बाद दूसरा टेस्ट 6 फरवरी से खेला जाना है।डेली न्यूज के अनुसार, ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम को श्रीलंकाई टीम के खिलाफ दो एकदिवसीय मैच भी खेलने हैं। यह मैच 12 फरवरी और 14 फरवरी को कोलंबो के आर. प्रेमदासा स्टेडियम में होंगे।इस बीच श्रीलंका ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आगामी दो मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए अपनी 18 सदस्यीय टीम का ऐलान किया है। टीम में दो नए चेहरों को शामिल किया गया है। बाएं हाथ के स्पिन गेंदबाज और ऑलराउंडर सोनेल दिनुषा और अनुभवी घरेलू बल्लेबाज लाहिरु उदारा को पहली बार राष्ट्रीय टीम में जगह मिली है।

# डब्ल्यूएफआई अगले महीने कनॉट प्लेस में नये कार्यालय से काम करेगा

प्रात: किरण,/ एजेसी

नयी दिल्ली,। भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) ने स्वीकार किया कि उसका संचालन पूर्व प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह के आवास से किया जा रहा था लेकिन यह अस्थायी व्यवस्था है और अगले महीने कनॉट प्लेस में नये कार्यालय से काम शुरू हो जाएगा।

डब्ल्यूएफआई को दिसंबर 2023 में खेल मंत्रालय द्वारा निलंबित कर दिया गया था लेकिन पूर्व प्रमुख और पांच बार के भाजपा सांसद बृज भूषण शरण सिंह के खिलाफ चल रहे उत्पीड़न के मुकदमे के बावजूद महासंघ का काम उनके 21, अशोक रोड स्थित घर से किया जा रहा था।

डब्ल्यूएफआई के एक सूत्र ने कहा,हम हरि नगर स्थित एक छोटे से कार्यालय से काम करते थे और एक बेहतर जगह की तलाश कर रहे थे लेकिन सरकारी निलंबन की अनिश्चितता के कारण पूर्ण कार्यालय में स्थानांतरित होने में देरी हुई। उन्होंने कहा, बसंत पंचमी पर हम कनॉट प्लेस में नये कार्यालय में चले जाएंगे। यह सब निलंबन के कारण हुआ।

उम्मीद है कि इसे हटा दिया जाएगा और हम स्वतंत्र रूप से काम कर पाएंगे। निलंबन की घोषणा करते हुए मंत्रालय ने कहा था कि महासंघ का काम पूर्व पदाधिकारियों द्वारा नियंत्रित परिसर के भीतर से चलाना भी उनकी कार्रवाई के कारणों में से एक था।

सिंह पर 2023 की शुरूआत में बजरंग पूनिया और विनेश फोगाट सहित देश के शीर्ष पहलवानों द्वारा महीनों तक विरोध प्रदर्शन करने के बाद उत्पीड़न और धमकाने के साथ अभद्र टिप्पणी करने के आरोप लगे थे।

# गिल के जुझारू शतक के बावजूद पंजाब पारी और 207 रनों से हारा

प्रात: किरण,/ एजेसी



बेंगलुरु,। शुभमन गिल ने बेहतरीन शतक लगाकर अपनी क्लास और लचीलेपन का परिचय दिया, लेकिन उनके प्रयास पंजाब को शनिवार को एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में रणजी ट्रॉफी ग्रुप सी के मुकाबले में कर्नाटक के खिलाफ पारी और 207 रनों से हार से बचाने के लिए काफी नहीं थे। कप्तान की वीरता के बावजूद, पंजाब की कमजोर बल्लेबाजी लाइनअप कर्नाटक की प्रभावशाली गेंदबाजी और बल्लेबाजी का सामना नहीं कर सकी। शनिवार को तीसरे दिन 7 के स्कोर पर खेल शुरू करते हुए, गिल ने पंजाब की दूसरी पारी की कमान संभाली और 171 गेंदों पर 102 रनों की शानदार पारी खेली। 25 वर्षीय सलामी बल्लेबाज ने अपनी ट्रेडमार्क शान और आक्रामकता का प्रदर्शन करते हुए 14 चौके और तीन छक्के लगाए। गिल ने धैर्य और संयम का परिचय देते हुए 119 गेंदों पर अपना अर्धशतक पूरा किया। हालांकि, उन्होंने अपनी पारी के उत्तरार्ध में तेजी दिखाई और अगले 50 रन सिर्फ 40 गेंदों पर बनाए। पंजाब की खराब बल्लेबाजी में उनकी धाराप्रवाह बल्लेबाजी ही मुख्य आकर्षण रही। गिल कप्तान यशोवर्धन परंतप की गेंद पर आउट होने वाले आठवें बल्लेबाज थे। गिल का शतक, जो इस रणजी ट्रॉफी सत्र में उनका पहला शतक था, उम्मीद की किरण लेकर आया, लेकिन अंततः पंजाब की पारी को बचा नहीं सका। पंजाब की मुश्किलें पहली पारी में ही शुरू हो गईं, जहां वे महज 55 रन पर आउट हो गए, जिसमें गिल ने सिर्फ चार रन बनाए। कर्नाटक के पहली पारी के 475 रनों के विशाल स्कोर के बाद 420 रनों के चुनौतीपूर्ण अंतर का सामना करते हुए, पंजाब को एक कठिन संघर्ष का सामना करना पड़ा। दूसरे दिन के अंत तक, पंजाब अपनी दूसरी पारी में 2 विकेट पर 24 रन बनाकर संघर्ष कर रहा था। तीसरे दिन गिल के शतक के बावजूद, टीम 63.4 ओवर में 213 रनों पर ढेर हो गई। गिल के अलावा कोई भी बल्लेबाज खास प्रतिरोध नहीं कर सका। मयंक मार्कंडे (27) दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे। कर्नाटक ने मैच में शुरू से ही दबदबा बनाए रखा, उनकी पहली पारी में रविचंद्रन स्मरण के पहले दोहरे शतक (203) की बदौलत टीम ने जीत दर्ज की। तेज गेंदबाज यशोवर्धन परंतप और लेग स्पिनर श्रेयस गोपाल की अगुआई में उनके गेंदबाजी आक्रमण ने पंजाब को दोनों पारियों में ध्वस्त कर दिया। दोनों ने पंजाब की दूसरी पारी में तीन-तीन विकेट चटकाए, जिससे पारी की जीत सुनिश्चित हुई। गिल का शतक सराहनीय है, लेकिन उनके अंतरराष्ट्रीय करियर में यह खराब दौर है। दाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने हाल ही में ऑस्ट्रेलिया में पांच मैचों की बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी टेस्ट सीरीज के दौरान संघर्ष किया था। तीन टेस्ट मैचों की पांच पारियों में उन्होंने 18.60 की औसत से सिर्फ 93 रन बनाए, जिसमें उनका उच्चतम स्कोर 31 रहा। चौथे टेस्ट के लिए बाहर किए जाने के बाद गिल पांचवें टेस्ट में कप्तान रोहित शर्मा की जगह लौटे, लेकिन दोनों पारियों में सिर्फ 20 और 13 रन बनाकर प्रभाव छोड़ने में नाकाम रहे। इस व्यापक जीत के साथ कर्नाटक ने सात अंक हासिल किए, जिसमें पारी की जीत के लिए एक बोनस अंक भी शामिल है।

# नोमान अली का कहर, पाकिस्तान ने वेस्टइंडीज को 163 पर समेटा



प्रात: किरण,/ एजेसी

मुल्तान, । नोमान अली (छह विकेट) की घातक गेंदबाजी के दम पर पाकिस्तान ने दूसरे टेस्ट मैच के पहले दिन शनिवार को वेस्टइंडीज की पूरी टीम को 163 के स्कोर पर समेट दिया। आज यहां वेस्टइंडीज ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टीइंडीज की शुरूआत बेहद खराब रही और उसके शुरूआती सात बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। वेस्टइंडीज के चार बल्लेबाज शून्य पर आउट हुये। एक समय वेस्टइंडीज ने 38 के स्कोर पर अपने सात विकेट गवां दिये थे। हालांकि इस दौरान केवम हॉज एक छोर थामे खड़े रहे। उन्होंने गुडाकेश मोती के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया। 17वें ओवर में अबरार अहमद ने केवम हॉज (21) को आउट किया। गुडाकेश मोती ने (55) रनों की पारी खेली। केमार रोच (25) रन बनाकर आउट हुये। जोमेल वारिकन (36) रन बनाकर नाबाद रहे। पाकिस्तानी गेंदबाजी आक्रमण के आगे वेस्टइंडीज की पूरी टीम पहली पारी में 41.1 ओवर में 163 रन पर सिमट गई। पाकिस्तान की ओर से नोमान अली ने 15.1 ओवर में 41 रन देकर छह विकेट लिये। साजिद खान को दो विकेट मिले। अबरार अहमद और काशिफ अली ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

# छत्तीसगढ़ः उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा, प्रदेश में धान खरीदी का रिकॉर्ड टूटा, कांग्रेस पर साधा निशाना



प्रात : किरण,/ एजेसी

रायपुर, । छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने शनिवार को कांग्रेस पर निशाना साधा। उनका कहना है कि धान खरीदी की शुरूआत से कांग्रेस भ्रम फैला रही थी। लेकिन प्रदेश में इस बार धान खरीदी का रिकॉर्ड टूट गया है। उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते कहा कि प्रदेश में इस बार धान खरीदी का रिकॉर्ड टूटा है। 1,45,000 मेट्रिक टन धान की खरीदी हुई है। रिकॉर्ड धान खरीदी ये बताती है कि छत्तीसगढ़ में विष्णु देव साय की नेतृत्व वाली सरकार किसानों के लिए समर्पित, उनके के हित में काम करने वाली सरकार है। उन्होंने कहा कि धान खरीदी की शुरूआत से कांग्रेस भ्रम फैला रही थी। कांग्रेस ने अफवाह फैलाई और झूठ बोलने का काम किया। लेकिन धान खरीदी का रिकॉर्ड टूट गया है, ये कांग्रेस को करारा जवाब है। उन्होंने कहा कि मैं छत्तीसगढ़ के सभी किसान भाइयों को बधाई देता हूं कि उनकी मेहनत और परिश्रम से ये धान का कटोरा लगातार भर रहा है और देश-दुनिया में धान उत्पादन के लिए छत्तीसगढ़ का नाम आगे बढ़ रहा है। नगरीय निकाय चुनाव को लेकर भाजपा उम्मीदवारों की लिस्ट कब तक जारी करेगी। इस सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि नगरीय निकाय चुनाव के लिए प्रत्याशी चयन की प्रक्रिया अब अंतिम चरण पर है। मंडल चुनाव समिति की बैठक, जिला चुनाव समिति की बैठक, संभाग स्तरीय समिति की बैठक और प्रदेश की बैठक हो चुकी है। प्रत्याशी चयन की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। कभी भी प्रत्याशियों की लिस्ट जारी की जा सकती है। राम वन गमन पथ पर कमेटी गठित होने पर उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने भ्रष्टाचार के लिए किसी को नहीं छोड़ा। चाहे भगवान महादेव का नाम हो, चाहे भगवान राम का विषय हो, कहीं पर भी भ्रष्टाचार का रास्ता कांग्रेस पार्टी ने नहीं छोड़ा है। जांच में दोषी पाए जाने पर निश्चित रूप से कार्रवाई होगी।

# मणिपुर में जब्त 314.471 किलोग्राम मादक पदार्थों का निपटारा किया गयाः मुख्यमंत्री

इंफाल, । मणिपुर के मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह ने कहा कि शनिवार को इंफाल पश्चिम जिले में एक जैव-चिकित्सा अपशिष्ट निपटान केंद्र में कुल 314.471 किलोग्राम जब्त मादक पदार्थों का निपटारा किया गया। सिंह ने कहा कि राज्य सरकार ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में 2018 से मादक पदार्थों के खिलाफ युद्ध छेड़ रखा है। उन्होंने कहा कि मादक पदार्थों के खिलाफ युद्ध सिर्फ एक अभियान नहीं है, यह हमारी आने वाली पीढ़ियों की रक्षा करने, हमारे समाज की अखंडता की रक्षा करने और मणिपुर के लिए एक उज्जवल भविष्य सुनिश्चित करने का एक मिशन है। उन्होंने कहा, ह्लआइए, हम सभी इस प्रयास में एकजुट हों और मणिपुर को नशा मुक्त राज्य बनाने के अपने संकल्प व प्रतिबद्धता को मजबूत करें।ह्व सिंह ने कहा, ह्यआज 9 किलोग्राम हेरोइन समेत 314 किलोग्राम विभिन्न नशीले पदार्थ नष्ट किए गए। हमारा लक्ष्य नशीले पदार्थों से जुड़े लोगों को पूरी तरह से परास्त करना है। हम अफीम के बागानों को भी नष्ट करते रहेंगे और राजमार्गों, सीमावर्ती क्षेत्रों व राज्य के हर हिस्से में मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ सक्रिय रूप से काम करेंगे।







































## गणतंत्र दिवस समारोह को लेकर पंजाब-हरियाणा में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था

चंडीगढ़, । गणतंत्र दिवस समारोह के मद्देनजर पंजाब, हरियाणा और केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। अधिकारियों ने कहा कि संवेदनशील स्थानों और प्रमुख प्रतिष्ठानों, बस अड्डों, रेलवे स्टेशनों और जिला मुख्यालयों के सरकारी भवनों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये हैं। जिन स्थानों पर शीर्ष गणमान्य गणतंत्र दिवस में शामिल होंगे वहां और उनके आसपास भी सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। अधिकारियों ने कहा कि पंजाब और हरियाणा में संवेदनशील स्थानों पर कड़ी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए श्वान और बम निरोधक दस्ते को भी तैनात किया गया है। दोनों राज्यों में कई स्थानों पर जांच चौकियां स्थापित की गई हैं और वाहनों की गहन जांच की जा रही है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादकः रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा। ) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129